लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -133, पृष्ठ 14+4-, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, रविवार, 9 जून 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सहेजना होगा वर्षा का कीमती जल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम** 45.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 19 : 01



बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी 49 वर्ष की हुईं...14

# मंत्री वीआईपी कल्चर छोड़ फील्ड में उतरें, जनता की सुनें : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनता के लिए है सरकार, उनकी समस्याएं सख्ती से निपटाएं
- लोकसभा चुनाव में निराशाजनक परिणामों के बाद सीएम की दो टूक

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से आए निराशाजनक परिणामों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने मंत्रियों के साथ बैठक की। लोकभवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने जहां पार्टी के कमजोर प्रदर्शन के कारणों का फीडबैक लिया वहीं मंत्रियों को वीआईपी कल्चर छोड़कर फील्ड में उतरकर आमजन से संवाद रखने और उनकी समस्याएं निपटाने की सख्त हिदायत दी। मंत्रिपरिषद की इस बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य मौजूद नहीं थे। दोनों ही दिल्ली दौरे पर है।



लखनऊ में बैठक लेते मुख्यमंत्री योगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने चुनाव बाद नये सिरे से जनहित के काम में जुट जाने को उत्साहित करते हुए मंत्रियों को संवाद, समन्वय और संवेदनशीलता का मंत्र देकर जनता के बीच जाने को कहा। उन्होंने कहा है कि सरकार जनता के लिए हैं, हमारे लिए जनहित सर्वोपरि है, ऐसे में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की समस्याओं, अपेक्षाओं और आवश्यकताओं का समाधान होना ही चाहिए। जहां भी समस्या हो, मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराएं।

# देश को मिले 355 जांबाज अफसर



भारतीय सैन्य अकादमी के ऐतिहासिक चैटवुड भवन के ठीक सामने जश्न मनाते कैडेट्स। ● एजेंसी

ब्यूरो, देहरादून

- आईएमए की पासिंग आउट परेड में प्रवीण सिंह को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर

**अमृत विचार** : देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी के इतिहास में शनिवार को एक और गौरवमयी पल जुड़ गया। 355 नौजवान युवा कैडेट्स भारतीय सेना में बतौर अफसर शामिल हो गए। अकादमी से 394 जेंटलमैन कैडेट्स पास आउट हुए, इसमें मित्र देशों के भी 39 जेंटलमैन कैडेट सैन्य अफसर बन गए। पासिंग आउट परेड में प्रवीण सिंह को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर मिला। परेड के बाद जेंटलमैन कैडेट ने जब परिजनों के हाथों से बैज पहने तो उनकी खुशी देखने लायक थी।

इस बार रिव्यूइंग अफसर के रूप में उत्तरी कमांड के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार पहुंचे थे जिन्होंने परेड की सलामी ली। उन्होंने युवा अफसरों को हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। इस दौरान सेना के हेलीकॉप्टरों ने सेना में इन जांबाज अफसरों का स्वागत करते हुए आसमान से पुष्प वर्षा की। पीओपी सेरेमनी में भारतीय सैन्य अकादमी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन और डिप्टी कमांडेंट मेजर जनरल आलोक नरेश भी उपस्थित रहे। आईएमए में 154वां नियमित और 137वां तकनीकी ग्रेजुएट कोर्स संपन्न हुआ।

# तीसरी बार मोदी सरकार

## शपथ ग्रहण समारोह आज, कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी होंगे शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी का रविवार को तीसरी बार राजतिलक होगा। वह राष्ट्रपति भवन में अपने मंत्रिपरिषद में शामिल किए जाने वाले सदस्यों के साथ शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू शाम 7.15 बजे राष्ट्रपति भवन प्रांगण में शपथ दिलाएंगी।

प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का रिकार्ड दोहराएंगे। समारोह में कई पड़ोसी देशों के शासनाध्यक्षों और राष्ट्राध्यक्षों के और देश के विभिन्न क्षेत्रों के लब्ध प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ कुल आठ हजार आमंत्रित लोग शामिल होंगे। समारोह के मंच और अतिथियों के लिए बैठने के मंच की साज सज्जा के बारे में राष्ट्रपति भवन की ओर से शनिवार को एक वीडियो जारी किया गया। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा के लिये अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनियां तैनात की जा रही हैं।

**सजा राष्ट्रपति भवन**



शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शनिवार दोपहर नई दिल्ली पहुंचीं। समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्म कमल दहल, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीक भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत पहुंचेंगे।

### मंत्रिपरिषद में 40 चेहरे, 20 नए, बाकी पुराने



- अनुभव एवं नवीनता का मिश्रण होगी मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में करीब 40 सदस्यों को शामिल किया गया है।जिनमें गठबंधन के सहयोगी दलों के 20 लोग शामिल किए गए हैं। वहीं, महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने अनुभवी चेहरे सरकार के संचालन की रफ्तार को सुचारु रूप से बढ़ाएंगे। सूत्रों के अनुसार राजग के सबसे बड़े घटक तेलुगू देशम पार्टी को मंत्रिमंडल में तीन स्थान एवं जनता दल यूनाइटेड को दो स्थान मिल सकते हैं। बाकी दलों को एक-एक स्थान दिये जाने की चर्चा है। ऐसी स्थिति में अनुभव एवं नवीनता दोनों का सामन्जस्य मोदी के मंत्रिमंडल में दिखायी देने की संभावना है। भाजपा के नये चेहरों में मध्य प्रदेश, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के कुछ पुराने अनुभवी चेहरे भी होंगे। गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, रेलवे, सड़क परिवहन, सूचना एवं प्रसारण, नागरिक उड्डयन जैसे मंत्रालय भारतीय जनता पार्टी के पुराने बड़े चेहरों के पास ही रहने की संभावना है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता, कृषि, ग्रामीण विकास, भारी उद्योग, उद्योग एवं वाणिज्य आदि में भाजपा एवं सहयोगी दलों के नये चेहरे दिखेंगे। यह भी संभव है कि बड़े मंत्रालयों में पुराने कैबिनेट मंत्रियों के साथ सहयोगी दलों के राज्य मंत्री भी दिखायी दें।

### पहली महिला लोको पायलट समेत 10 सदस्य होंगे शामिल

शपथ ग्रहण समारोह में पहली लोको पायलट सुरेखा यादव समेत दल के 10 लोको पायलटों को नई दिल्ली में आमंत्रित किया गया है। वह सोलापुर और मुंबई में सीएसएमटी के बीच चलने वाली सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली महिला लोको पायलट हैं।

## सपा संसदीय दल के नेता होंगे अखिलेश यादव



- दिल्ली में होगी औपचारिक घोषणा

**लखनऊ।** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव पार्टी संसदीय दल के नेता होंगे। यह प्रस्ताव दिल्ली में होने वाली अगली बैठक में लाया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों की बैठक के बाद पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने दी।

सपा मुखिया की अध्यक्षता में संपन्न बैठक की जानकारी देते हुए चौधरी ने बताया कि चुने सांसदों को बधाई देने के साथ ही पार्टी की नीतियों से अवगत कराया गया है। बड़े पैमाने पर जनता का समर्थन मिलने से पार्टी की जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है। जनता की समस्याओं को उठाना, उनके हित में अपनी बात रखने को समाजवादियों का संघर्ष लोकसभा में जारी रहेगा। बैठक में पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, प्रो. रामगोपाल यादव, शिवपाल सिंह यादव, सांसद डिम्पल यादव, राजेन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

## राहुल बन सकते हैं विपक्ष के नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस कार्य समिति ने राहुल गांधी को सर्वसम्मति से लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने का प्रस्ताव पारित किया और कहा कि गांधी ही लोकसभा में पार्टी के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठा सकते हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा जयराम रमेश ने समिति की बैठक के बाद यह जानकारी दी।

वेणुगोपाल ने कहा कि कार्य समिति ने सर्वसम्मति से राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद संभालने का अनुरोध किया गया है, जिस पर उन्होंने कहा है कि वह बहुत जल्द फैसला लेंगे। यह पूछे जाने पर कि गांधी रायबरेली या वायनाड में से अपने पास कौर सी सीट रखेंगे उन्होंने कहा कि इस बारे में तीन-चार दिन में फैसला लिया जाएगा। चर्चा हैकि वह वायनाड की सीट को छोड़ सकते हैं।



सीपीपी की बैठक के लिए जाते राहुल और सोनिया।

### सोनिया सीपीपी की प्रमुख

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को शनिवार को एक बार फिर से पार्टी संसदीय दल (सीपीपी) का प्रमुख चुना गया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर करारा प्रहार किया और कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार हुई है तथा उन्होंने नेतृत्व करने का अधिकार खो दिया है।

## सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या



**मुरादाबाद।** सपा के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने शनिवार सुबह खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार को मझोला थाना क्षेत्र में बुद्धि विहार में उनके आवास पर हुई। उनका शव आवास के निचले तल पर बने कमरे में मिला है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अवाक हैं। घटना सुबह सवा आठ से 8.30 बजे के बीच की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोपहर तक घटना के कारण की जांच करते रहे।

## पत्नी-बेटी सहित सीओ सिटी पर केस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुलिस अधीक्षक ने आरोपी को सीओ सिटी पद से हटाया
- एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत दर्ज हुआ मारपीट का मुकदमा

**अमृत विचारः** बस्ती जिले में तैनात सीओ सिटी की महिला मित्र ने उन पर, उनकी पत्नी व बेटी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, सीओ सिटी को लेकर जिले एवं पुलिस विभाग में चर्चा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने शनिवार दोपहर आरोपी सीओ को पद से हटाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अटैच कर दिया। सीओ रुदौली को अब सीओ सिटी बनाया है।

महिला डाक्टर ने सीओ विनय सिंह चौहान पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह राजस्थान स्वास्थ्य विभाग में राज्य नियंत्रण अधिकारी के रूप में तैनात हैं। उसके पति राजस्थान के एक नगर निगम में तैनात हैं। सीओ विनय सिंह चौहान से उनका पांच वर्ष पुराना रिश्ता है। उनकी लगातार मुलाकातें होती रहती हैं। महिला डाक्टर ने दी गई तहरीर में बताया कि 26 मई 2024 को वह राजस्थान से बस्ती सीओ विनय सिंह से मिलने सरकारी आवास पहुंची थी। तभी अचानक विनय सिंह की पत्नी और बेटी पहुंची और उसे पीटने लगी। इसके बाद महिला कांस्टेबल को बुलवाकर भी मुझे पीटा गया। उस समय विनय सिंह ने मुझे गिरफ्तार भी कराया। घटना के बाद मैंने मौखिक रूप से एसएचओ महिला थाना और बस्ती के एएसपी को पूरी बात बताई। इस दौरान एएसपी बस्ती ने घटना के लिए मुझे सोच-समझकर जवाब देने को कहा। महिला डाक्टर ने बताया कि विनय ने मुझे छोड़कर अपने परिवार का साथ दिया।

विनय ने कहा कि तुम मर जाओ, मैं अपने परिवार का साथ नहीं छोड़ूंगा। जबकि सीओ मेरे साथ पांच साल से जुड़े हैं और कई बार विवाह से जुड़ी बातें भी हो चुकी हैं। पीड़ित महिला की तहरीर पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी सीओ, उनकी पत्नी व बेटी के खिलाफ धारा 342, 323, 341, 504, 34 के अलावा एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज किया है।

# भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों की अब खैर नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सॉल्वर गैंग और पेपर लीक से निपटने के लिए प्रदेश सरकार जल्द लाएगी नया कानून
- योगी ने रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने को चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ की बैठक

**अमृत विचारः** पेपर लीक व साल्वर गैंग जैसी अराजक गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कठोर कानून लाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस तरह के अपराध में संलिप्त हर अपराधी के खिलाफ ऐसी कठोरतम कार्रवाई की जाए, जो नजीर बने। चयन आयोगों को परीक्षा से पूर्व, परीक्षा के दौरान और परीक्षा के बाद शासन स्तर के शीर्ष अधिकारियों तथा एसटीएफ के संपर्क में रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक के बाद विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया तेज करने को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों व चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान चयन प्रक्रियाओं में व्यापक सुधार पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि पेपर सेट करने की प्रक्रिया, उनकी छपाई, कोषागार तक पहुंचाने, कोषागार से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने, परीक्षा केंद्र की व्यवस्था, परीक्षा के बाद ओएमआर आयोग तक पहुंचाने, ओएमआर की स्कैनिंग, परिणाम तैयार करने सहित पूरी व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग एजेंसियों को उनका भलीभांति रिकॉर्ड जांच करने के बाद दायित्व दें। हर पाली में 2 या अधिक पेपर सेट जरूर होने चाहिए। हर सेट के प्रश्नपत्र की छपाई भी अलग-अलग एजेंसी का माध्यम से करायी जानी चाहिए। तलाशी लेने के लिए महिला कर्मियों की तैनाती जरूर हो। आयोग भर्ती परीक्षाओं के लिए कैलेंडर समय से जारी करें। केंद्र व्यवस्थापक के रूप में दूसरे संस्थान के प्रधानाचार्य को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। जिलाधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को भी व्यवस्था से जोड़ें। गड़बड़ी हुई तो इनकी भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। यह भी कहा कि राजकीय इंटर कालेज, डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज अथवा साफ-सुथरे ट्रैक रिकॉर्ड वाले शैक्षिक संस्थान ही परीक्षा केंद्र बनाए जाएं। सभी परीक्षा केंद्र शहरी क्षेत्र में हों, सीसीटीवी से लैस हों।

### शिक्षा सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र

प्राथमिक, माध्यमिक, प्राविधिक, व्यावसायिक आदि शिक्षण संस्थानों में शिक्षक चयन की प्रक्रिया में बड़ा सुधार करते हुए हाल ही में शिक्षा सेवा आयोग का गठन किया गया है। इसके सदस्य नामित किए जा चुके हैं, अध्यक्ष की नियुक्ति भी यथाशीघ्र कर दी जाएगी। सभी विभाग नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। भर्ती प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो।

CENTRAL ACADEMY
ONE OF THE BEST & THE LARGEST CHAIN OF SCHOOLS IN INDIA
SENIOR SECONDARY SCHOOLS | AFFILIATED TO CBSE

RESULT OF CLASS X (2023-24)
139 Student Secured above 95% | 228 Student Secured above 90% | 360 Student Secured above 80%
278 Student Secured 70% | 180 Student Secured above 60%
36 STUDENTS SCORED 100/100
(Social Science, Artificial -Intelligence, Science. English)
Out of 1180 Students
100% Result
Dr. Sangam Mishra (Chairman)
Congratulate to the Principal, Staff, Students and all the Parents of Central Academy for the Outstanding Results of Class X & XII




RESULT OF CLASS XII (2023-24)
80 Student Secured above 95% | 178 Student Secured above 90%
284 Student Secured a bare 80% | 358 Student Secured above 70%
232 Student Secured above 60%
31 STUDENTS SCORED 100/100
(Chemistry, Psychology, Painting, Political Science, Fine Arts, History)
Out of 1120 Students
100% Result




ADMISSION OPEN FOR CLASS NURSERY TO IX TO XI | Visit us on www.centralacademyschools.org
ADMISSION HELPLINE FOR ALL BRANCHES: +91-9839525946, 9415168184

OUR BRANCHES
VIKAS NAGAR: SEC-4 ☎ 0522-2738554, 9839525946
JANKIPURAM EXTN: SEC-3 ☎ 0522-2771881, 8383850109
INDIRA NAGAR: SEC-09 ☎ 0522-2358929, 9793237722
AASHIANA: K-1 BLOCK ☎ 0522-2423290, 8418828191
(HOSTEL FACILITY AVAILABLE)
ELDECO GREEN: NEAR FUN MALL (DAY BOARDING) ☎ 0522-3558255, 9794001596
BARABANKI: A.V. COLONY 05248-226767, 7007574662
PRAYAGRAJ: SARAI INAYAT ☎ 0532 - 2974545, 2974536, 9336022788, 9453419171
PRAYAGRAJ: JHUNSI ☎ 0532-2568155, 9580102928

UPCOMING BRANCHES IN LUCKNOW
ANSAL API, SHAHEED PATH | SECTOR-12, VRINDAVAN YOJNA | SECTOR-D, HARDOI ROAD

Harish Pandey
Director, Lucknow Zone

## एक नजर

### रामोजी राव के निधन पर योगी ने जताया शोक

**अमृत विचार,लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामोजी ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन रामोजी राव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। योगी ने मीडिया और फिल्म उद्योग में उनके योगदान को अभूतपूर्व और अतुलनीय करार दिया है।

### सपा नेता डीपी यादव के निधन से अखिलेश दुखी

**अमृत विचार,लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सपा के मुरादाबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव (58वर्ष) के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

# जिनके पास स्थाई लाइसेंस उनसे सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं

नीरज मिश्र,लखनऊ



- प्रदेश में हादसों के कारणों पर हर साल तैयार होती रिपोर्ट
- 28,752 एक्सीडेंट हुए वैध लाइसेंस धारकों से

**अमृत विचारः** आमतौर पर धारणा रहती है कि जिनके पास वैध या पक्के लाइसेंस नहीं हैं और उन्होंने वाहन चलाने की ट्रेनिंग ठीक से नहीं ली है। ऐसे में सबसे अधिक हादसे बिना लाइसेंस वाले ही करते हैं। लेकिन सच में ऐसा नहीं है। सबसे ज्यादा हादसे वैध लाइसेंस धारक ही करते हैं। यह हम नहीं बल्कि हर साल तैयार होने वाली रिपोर्ट कह रही है। बीते कैलेंडर वर्ष-2023 के आए प्रदेश के आंकड़े बताते हैं कि इनमें सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं वैध स्थायी लाइसेंस वालों से हुई हैं। दरअसल दुर्घटना के बाद सबसे पहले वाहन चलाने वाले के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की जाती है। इसी से पता चलता है कि उसके पास वैध डीएल है या नहीं।

**सबसे ज्यादा होती हैं दुर्घटनाएः** अच्छे मार्ग और उस पर अनियंत्रित गति में फर्राटा भरते वाहनों से सबसे अधिक दुर्घटनाएं नेशनल हाइवे पर होती हैं। बीते वर्ष एनएचएआई पर 9,971 हादसे हुए। इसमें 5,679 लोगों ने अपनी जान गंवाई। एक्सप्रेस-वे पर 3,275 हादसों में 1,761 लोगों की मौत हुई। वहीं एनएच से जुड़े अन्य विभागों पर 1,938 घटनाओं में 1,006 लोग काल कवलित हुए।

**ये है आंकड़ा**

बीते वर्ष का जो आंकड़ा आया है उनमें करीब 28,752 एक्सीडेंट वैध लाइसेंस धारकों के हिस्से आए हैं। तो लर्नर लाइसेंस वालों ने 2,830 और बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने वालों ने 3,534 दुर्घटनाएं की हैं। इनमें 9,418 लोग ऐसे भी हैं जिनसे घातक एक्सीडेंट हुए हैं। इनसे बड़ी संख्या में लोग गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं।

**2023 में हुईं दुर्घटनाएं**

| लाइसेंस के प्रकार | हादसों की संख्या |
|---|---|
| वैध लाइसेंस धारक | 28,752 |
| लर्नर लाइसेंस | 2,830 |
| बिना लाइसेंस | 3,534 |

हादसे लापरवाही के कारण होते हैं। मामूली सी असावधानी हादसे का सबब बन सकती है। ऐसा नहीं है कि लाइसेंस धारक हादसे करते हैं। दरअसल लंबे समय से वाहन चला रहा लाइसेंसधारक व्यक्ति थोड़ा लापरवाह हो जाता है। इसी को लेकर विभिन्न तरह के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उम्मीद है कि सुधार आएगा।

**-पुष्पसेन सत्यार्थी,** अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

# आश्रम पद्धति विद्यालयों को मिले प्रधानाचार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्रवक्ताओं की प्रोन्नति

**अमृत विचारः** समाज कल्याण विभाग के संचालित 22 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों (आश्रम पद्धति विद्यालय) में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की गई है। ये नियुक्ति यहां पढ़ाने वाले प्रवक्ताओं को प्रोन्नति देकर की गई है। राज्य सरकार का इसके पीछे उद्देश्य इन विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर करने का है। इसी वर्ष फरवरी माह में भी 11 प्रवक्ताओं को प्रोन्नति देकर प्रधानाचार्य बनाया गया था।

दरअसल, आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित समाज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश में समाज कल्याण विभाग द्वारा 103 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि विद्यालयों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है, ताकि विद्यालयों के प्रशासनिक कार्यों के साथ तकनीक आधारित शिक्षा के ढांचे को और मजबूत किया जा सके।

## मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का मिला आमंत्रण

**अमृत विचार,लखनऊः** नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे शपथ ग्रहण समारोह में उप्र. से भी काफी संख्या में भाजपा नेता शामिल होंगे। इस समारोह के लिए राष्ट्रपति भवन की ओर से मुख्यमंत्री के अलावा राज्य के सभी मंत्रियों, मौजूदा और पूर्व सांसदों, राज्यसभा और विधान परिषद सदस्यों के अलावा राज्य और जिला स्तरीय पदाधिकारियों को भी आमंत्रण पत्र भेजा गया है।

सूत्रों के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह में उन प्रत्याशियों को भी आमंत्रित किया गया है, जो इस बार चुनाव हार गए हैं। इनके अलावा लोकसभा विस्तारक, प्रदेश संगठन के सभी 44 पदाधिकारियों, सभी मोर्चा के अध्यक्ष को आमंत्रित किया गया है।

# अभियंताओं की लापरवाही ले रही लोगों की जान

## जमीन व भवन के निकट से गुजरी बिजली लाइनों से हो रहे हादसे

रमेश चन्द्र, लखनऊ

- नहीं दुरुस्त हो रहीं बिजली की जर्जर लाइनें

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में बिजली आपूर्ति से जुड़े अभियंताओं की लापरवाही से आम लोगों की जान जा रही है। जर्जर बिजली लाइनें न बदले जाने व जमीन-भवन से निर्धारित दूरी पर लाइनों के न होने के कारण लोग करंट की चपेट में आ रहे हैं। पिछले दिनों राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं।

राज्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए आरडीएसएस योजना (रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) चल रही है। इस योजना में ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने, उपकेंद्रों की 'ओवरलोडिंग' कम करने, बिजली चोरी रोकने व दुर्घटनाओं से बचाव के लिए नंगे तारों की जगह एबीसी केबिल बिछाये जाने, आवश्यक स्थानों पर बिजली खंभे लगाये जाने आदि कार्य शामिल हैं। इस योजना के तहत स्वीकृत साढे.सोलह हजार रुपये से सुधार कार्य चल रहा है।

पावर कॉरपोरेशन व सहायक वितरण कंपनियों के अफसरों की ओर से इस योजना पर तेजी से सुधार कार्य होने का दावा किया जा रहा है, पर धरातल पर सुधार कार्य का असर नहीं दिख रहा है। स्थानीय खराबियों के कारण भीषण गर्मी में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोग बेहाल हैं। इस बीच, बिजली लाइनों की चपेट में आने से लोग मौत के शिकार हो रहे हैं।

### लखीमपुर में बुजुर्ग की मौत पर रिपोर्ट तलब

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने लखीमपुर में बिजली लाइन की चपेट में आने से बुजुर्ग राम पाल भार्गव के मौत प्रकरण को गंभीरता से लिया है। कॉरपोरेशन ने लखीमपुर के संबंधित अधीक्षण अभियंता को मामले की जांच कर रिपोर्ट कॉरपोरेशन में भेजने को कहा है। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद दोषी अभियंताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में बिजली आपूर्ति सुधार के साथ ही करंट से हो रही मौत की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए संबंधित बिजली निगमों व अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। अफसरों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने को कहा गया है। इस पर ध्यान न देने वाले अभियंताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-जीडी द्विवेदी, निदेशक वितरण, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन**

### प्रमुख घटनाएं

- बीते दिन लखीमपुर में मजरा बहोरी पुरवा निवासी 60 साल के रामपाल भार्गव खेत में घास काटने गए थे, वापस लौटते वक्त वह इस लाइन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।
- सात मई को हरदोई जिले के हरपालपुर में गांव में फसल की रखवाली कर रहे पति को खाना देने गई पत्नी हेमकली पर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया। करंट की चपेट में आई पत्नी को बचाने के लिए पति भी पहुंच गया। घटना में दोनों की मौत हो गई।
- 22 मई को फतेहपुर के मलवां क्षेत्र में ट्रैक्टर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इससे ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई थी।
- 11 मार्च को गाजीपुर में बरातियों से भरी बस हाईटेंशन की लाइन की चपेट में आ गई थी। इस घटना में आधा दर्जन लोगों की मौत हो गई थी। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी लाइन ठीक नहीं की गई थी। घटना के बाद अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता व अवर अभियंता को निलंबित किया गया था, जबकि एक संविदा कर्मी की सेवा समाप्त कर दी गई थी।

## ग्रीन कोल प्रोजेक्ट से बनाएगी आत्मनिर्भर

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य सरकार ग्रीन कोल प्रोजेक्ट के जरिये प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की कवायद कर रही है। इसके तहत नोएडा में प्रतिदिन 900 टीपीडी क्षमता का प्लांट शीघ्र स्थापित करने पर जोर दिया जा रहा है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट से प्रतिदिन 200 टन ग्रीन कोल और एक हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। यह वेस्ट टू एनर्जी के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी एमबीएल का प्रोजेक्ट है। अधिकारियों ने बताया कि एनटीपीसी ने नगर निगम के कचरे से चार साल पहले कचरे से टॉरिफाइड चारकोल बनाने की योजना बनाई थी।

# पांच मेडिकल कॉलेज के शिक्षकों को नहीं मिल रही पदोन्नति

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- डेढ़ साल से प्रमोशन न होने के बावजूद चुप है चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय

**अमृत विचारः** एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज की योजना अंतर्गत प्रथम चरण में शुरू होने वाले पांच ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कालेजों में शिक्षकों को पदोन्नति नहीं मिल रही है। बीते डेढ़ साल से प्रमोशन न होने के बावजूद चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय चुप्पी साधे है।

अयोध्या, बस्ती, शाहजहांपुर, बहराइच व फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज में बीते लगभग डेढ़ साल से शिक्षकों के प्रमोशन नहीं हुए हैं। हर कॉलेज में करीब 20-20 शिक्षक, अर्थात लगभग 100 शिक्षक पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं। अयोध्या मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार का कहना है कि एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर तीन साल की सेवाएं देने के बाद प्रोफेसर पद पर प्रमोशन दिया जाता है, जो कि दिये जा चुके हैं। असिस्टेंट पद पर चार साल सेवाएं देने के बाद एसोसिएट पद पर पदोन्नति दी जाती है। मेरे कार्यकाल में उनके चार साल पूरे नहीं हुए थे।



स्टॉफ ऑफिसर पूर्णेंदु सिंह को रैंक लगाते डीजीपी प्रशांत कुमार। अमृत विचार

### प्रोन्नति के बाद डीजीपी ने स्टॉफ आफिसर को लगाया रैंक

**अमृत विचार,लखनऊ :** उप्र. पुलिस में 53 अपर पुलिस अधीक्षकों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में पदोन्नति होने के बाद शनिवार को आयोजित अपर पुलिस अधीक्षकों की पिपिंग सेरेमनी में डीजीपी प्रशांत कुमार ने अपने स्टॉफ ऑफिसर पूर्णेंदु सिंह एवं एएसपी शुभ्रा भाष्कर को रैंक लगाया। इस दौरान डीजीपी ने सभी 53 अपर पुलिस अधीक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 16 विधानसभा सीटों पर हो सकता है उपचुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोस. चुनाव लड़ने वाले नौ विधायक अब बन गए हैं सांसद
- भाजपा के पांच और सपा के चार विधायक हैं शामिल

**अमृत विचारः** उप्र. में शीघ्र 16 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो सकते हैं। लोस. चुनाव लड़ने वाले नौ विधायक अब सांसद बन गए हैं। इसमें भाजपा के पांच और सपा के अखिलेश यादव समेत चार एमएलए शामिल हैं।

इसके अलावा सपा राज्यसभा चुनाव में पार्टी लाइन से अलग जाकर वोट करने वाले छह विधायकों की सदस्यता भी खत्म कराना चाहती है। इसमें मनोज पांडेय, अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह, राकेश पांडे, आशुतोष मौर्या और विनोद चतुर्वेदी शामिल हैं। वहीं, सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा सुनाए जाने के साथ उनकी विधानसभा की सदस्यता भी समाप्त हो सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव दोनों ने अपनी-अपनी बैठकों में अपने पार्टीजनों, नेताओं से उप चुनावों के लिए कमर कस लेने को कहा है।

## दिसंबर तक पूरा हो जाए रियल टाइम खतौनी का काम

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य सरकार ने रियल टाइम खतौनी के काम को बचे हुए जिलों में दिसंबर तक पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। 10 जिलों में यह काम लगभग पूरा कर लिया गया है। इनमें चार जिलों ने 100 प्रतिशत रियल टाइम खतौनी पूरी कर ली गई है जबकि छह जिलों में 99 प्रतिशत से अधिक काम हो चुका है।

दरअसल, सभी जिलों को देखते हुए औसतन रियल टाइम खतौनी का काम 95.7 प्रतिशत पूरा हो चुका है और सबसे खराब प्रदर्शन वाले जिलों में 72 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। राजस्व विभाग दिसंबर तक सभी जिलों में शत प्रतिशत खतौनी को डिजिटली उपलब्ध कराने लगेगा।

# ढाई करोड़ का गोल्ड लोन फ्रॉड करने वाला बैंक मैनेजर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महाराष्ट्र के थाणे स्थित फेडरल बैंक का था मैनेजर

**अमृत विचारः** महाराष्ट्र के थाणे स्थित फेडरल बैंक में बतौर मैनेजर ढाई करोड़ के गोल्ड लोन का फ्राड करने वाला आरोपी राजधानी में गिरफ्तार किया गया है। फ्राड के बाद थाणे में मैनेजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ था, तभी से थाणे क्राइम ब्रांच और उप्र. एसटीएफ तलाश रही थी।

एसटीएफ के डीएसपी प्रमेश कुमार शुक्ल ने बताया कि जौनपुर के मछली शहर निवासी गिरिजा शंकर तिवारी थाणे में फेडरल बैंक का मैनेजर था। शनिवार को आरोपी को सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के खेवली हसनपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी गिरिजा शंकर ने पूछताछ पर बताया कि वह वर्ष 2009 से विभिन्न बैंक एवं इंश्योरेंस कम्पनियों में पदस्थ रहा तथा दिसंबर 2021 से फैड बैंक महाराष्ट्र में ब्रान्च मैनेजर के पद पर रहते हुए, ग्राहकों से कम ब्याज दर पर गोल्ड लोन देने के लिए गोल्ड जमा करवाता रहा था। लेकिन उस गोल्ड को अपने पास ही रखे रहा। गोल्ड लोन की धनराशि भी ग्राहकों को स्वंय ही दी गई। बाद में गिरिजाशंकर गायब हो गया ।

# राहुल वायनाड सीट से दे सकते हैं इस्तीफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हो रही चर्चा

**अमृत विचारः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में लाने की कवायद के बीच उनके दो सीटों में से एक सीट को छोड़ने की चर्चा शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में चर्चा है कि राहुल केरल की वायनाड सीट छोड़ सकते हैं। प्रदेश के नेताओं ने राहुल गांधी से रायबरेली सीट न छोड़े जाने की अपील की है।

2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी अमेठी के साथ ही केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़े थे। वह अमेठी से चुनाव हार गये थे, जबकि वायनाड सीट पर उन्हें विजय हासिल हुई थी। 2024 के चुनाव में भी वह वायनाड सीट के साथ ही रायबरेली सीट से चुनाव मैदान में उतरे। नेहरू-गांधी परिवार की ओर से विरासत समझी जाने वाली इस सीट पर राहुल ने भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को हराकर जीत हासिल की। जबकि वायनाड सीट पर उन्होंने 3,64,422 मतों से जीत हासिल की है। 2019 में उन्होंने चार लाख से ज्यादा मतों के अंतर से चुनाव जीता था।

शनिवार को दिल्ली में हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में इस प्रकरण पर चर्चा हुई। इस पर औपचारिक फैसला 17 जून से पहले आने की संभावना जताई जा रही है। बैठक में केरल के नेताओं ने वायनाड की जनता की भावनाओं को अवगत कराया। बताया गया कि वायनाड के लोग उन्हें अपने प्रतिनिधि के रूप में चाहते हैं, जबकि प्रदेश में कांग्रेस की नेता विधानमंडल दलआराधना मिश्रा ने रायबरेली सीट अपने पास रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह पारंपरिक पारिवारिक सीट है। पीढ़ियों से चली आ रही है।

# आईजीआरएस पर मिले आवेदनों का तेजी से हो निस्तारण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

- आवेदनों को लेकर थाना, तहसील व जिला स्तर पर हो रही प्रगति की मंत्री भी करें समीक्षा

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने पर बधाई दी। साथ ही, सांसद निर्वाचित होने वाले मंत्रीगणों को बधाई दी। यहां जनसुनवाई को वरीयता देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिगण हों, अन्य जनप्रतिनिधि हों अथवा अधिकारी, कर्मचारी, हर किसी की यह जिम्मेदारी है कि आईजीआरएस पर प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निस्तारण किया जाए।

इसी क्रम में योगी ने कहा कि आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर आने वाले आवेदनों को लेकर थाना, तहसील और जिला स्तर हो रही प्रगति की मंत्रिगण भी समीक्षा करें। उन्होंने मंत्रिपरिषद की बैठकों के लिए ई- कैबिनेट व्यवस्था और सभी विभागों में ई- ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया।

विभागीय कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है। इसमें हर विभाग की जिम्मेदारी पहले से तय है। यह मंत्रीगणों की जिम्मेदारी है कि वह लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा करें, जहां गड़बड़ी हो तत्काल सुधार कराएं। वहीं भावी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पौधारोपण, स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण के कार्यक्रम होने हैं। इनकी सफलता के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में मंत्रीगण योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का खर्च किया जाना तय किया जाए।

**योगी के कुछ खास सुझाव**

- विभागीय बजट का सदुपयोग तेजी के साथ करें।
- मंत्रीगण अनावश्यक प्रतिक्रिया देने से बचें।
- कोर्ट के निर्णयों पर भी टिप्पणी करने से पहले सोचें।
- मंत्री होने के नाते कोई भी शिकायती पत्र न लिखें।
- मोबाइल फोन पर बात करने में सतर्कता बरतें।
- जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाएं

### दोनों उप मुख्यमंत्रियों का न रहना बना चर्चा की विषय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में उप्र. से भाजपा को लगे झटके के बाद से यहां से लेकर दिल्ली तक मंथन जारी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शनिवार को मंत्रियों की बुलाई बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्रियों ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य का मौजूद न होना चौंकाने वाला रहा। राजनीति और शासन के गलियारों में इसकी चर्चा रही। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली में हुई संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद दोनों उपमुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी लखनऊ वापसी के बजाय शनिवार को दिल्ली में ही बने रहे। इधर लखनऊ की बैठक में सहयोगी दलों की तरफ से आशीष पटेल, ओम प्रकाश राजभर संजय निषाद और अनिल कुमार मौजूद रहे। इनके अलावा मंत्री से सांसद बने अनूप वाल्मीकि और जितिन प्रसाद भी यहां आए। इन्हीं मंत्रियों में से एक ने बताया कि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक दिल्ली से ऋषिकेश जाएंगे। वहीं केशव मौर्य के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया।

### ओपी राजभर ने दी प्रतिक्रिया

योगी की बैठक से निकले सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने मीडिया कहा कि अपने-अपने विभागों में बेहतर काम करने के लिए कहा गया है। पार्टी की हार-जीत पर कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने दोनों उपमुख्यमंत्रियों अनुपस्थिति पर कहा कि दिल्ली में नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण समारोह है, जहां दोनों मौजूद रहेंगे।

### समस्याओं का समय सीमा के अंदर हो समाधान

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भी अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। इस दौरान योगी ने हर पीड़ित से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा के अंदर समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान जमीन पर कब्जे की शिकायत को लेकर आए पीड़ितों को भी योगी ने आश्वस्त किया कि कहीं भी ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जमीन कब्जा की शिकायत पर डीएम स्तर से ही सख्ती बरतते हुए इस पर अंकुश लगाया जाए।

## जून तक पहुंच जाए पहली तिमाही की पेंशन

**अमृत विचार,लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए वित्तीय वर्ष के पहली तिमाही की वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन व कुष्ठावस्था पेंशन की राशि 30 जून तक पात्र लोगों के बैंक खातों में भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में हर पात्र व्यक्ति को इन पेंशन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए अभियान चलाकर नए लाभार्थियों को जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री शनिवार को लोक भवन में पेंशन योजनाओं की समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में 55.68 लाख वृद्धजनों, 33.54 लाख निराश्रित महिलाओं व 10.40 लाख दिव्यांगजन को हर माह एक हजार की धनराशि पेंशन के रूप में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। इसी प्रकार, 11,551 कुष्ठ पीड़ितों को हर मह तीन हजार की पेंशन उपलब्ध कराई जा रही है।

# भाजपा का स्पीकर नहीं होना चाहिए

राज्य ब्यूरो,लखनऊ





प्रेसवार्ता के दौरान आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह। अमृत विचार

- स्पीकर के सहारे भाजपा पार्टियां तोड़ेगी : संजय

**अमृत विचारः** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा, भाजपा के स्पीकर से लोकतंत्र को खतरा है इसलिए यदि टीडीपी की मांग पूरी नहीं की जाएगी तो इंडिया गठबंधन इस पर विचार करेगा। उन्होंने कहा भाजपा का स्पीकर नही होना चाहिए वरना भाजपा आसानी से पार्टियाँ तोड़ेगी, सांसदों को निलंबित करेगी,

गोमती नगर पार्टी कार्यालय में शनिवार को प्रेस कार्फ्रेंस में उन्होंने मतगणना में धांधली की आशंका जाहिर करते हुए कहा कि फर्रुखाबाद, बांसगांव और फूलपुर की सीटों पर भाजपा के जीत का अंतर दो से चार हजार है। वो भी तब जब काउंटिंग के अंतिम समय में बिजली काट दी गई थी। क्या बिजली काट कर कोई खेला किया गया है ? संजय सिंह ने कहा भाजपा से जनता का विश्वास घटता जा रहा है, साल 2014 की तुलना में भाजपा की 160 सीटे कम आयी, 2019 की तुलना में 63 सीट कम आयी। इस मौके पर निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह और दिनेश सिंह पटेल मौजूद रहे ।

# पीडीए है सपा का वास्तविक एजेंडा: अखिलेश यादव

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटेगी पार्टी

**अमृत विचारः** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा का वास्तविक एजेंडा पीडीए (पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक) है जिसमें सामाजिक न्याय की अवधारणा है। यह एक पड़ाव है। समाजवादी व्यवस्था परिवर्तन के रास्ते पर चलने के लिए संकल्पित है। अब हमें सन् 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी करनी होगी।

पार्टी मुख्यालय में शनिवार को अखिलेश यादव, सपा के नवनिर्वाचित सांसदों को संबोधित कर रहे थे। सभी को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति कोई विश्वास नहीं है। सत्ता में रहते हुए संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया है। भाजपा सत्ता का दुरूपयोग करने को अपना अधिकार मानती है। भाजपा विपक्ष से नफरत करती है और उसके नेताओं का उपहास उड़ाती है। उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसाती है।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा के चुनाव परिणामों ने साम्प्रदायिकता को सदैव के लिए महत्वहीन कर दिया है।

# अमेरिका के बैंक प्रतिनिधियों ने तलाशी संभावनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



बैंक ऑफ अमेरिका के प्रतिनिधमंडल से वार्ता करते औद्योगिक विकास आयुक्त।

- 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने की औद्योगिक विकास आयुक्त से मुलाकात

**अमृत विचारः** बैंक ऑफ अमेरिका के 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से मुलाकात की। बैंक प्रतिनिधियों ने प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर जानकारी ली।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की बढ़ती आर्थिक ताकत व रणनीतिक सुधारों, प्रमुख परियोजनाओं व निवेश के अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए राज्य में हो रहे परिवर्तन पर चर्चा की। कृषि, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, अवस्थापना व ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश पर चर्चा हुई। औद्योगिक विकास आयुक्त ने प्रदेश को देश में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बताते हुए प्रदेश में अनुकूल माहौल होने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश देश का सर्वाधिक हवाई अड्डे व एक मात्र रैपिड रेल प्रणाली वाला राज्य है। प्रदेश में वाराणसी को हल्दिया से जोड़ने वाले एक मल्टी-नोडल अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल है। साथ ही, देश के कुल एक्सप्रेसवे का लगभग 45 प्रतिशत प्रदेश में है। कृषि क्षमता और प्रभावी सिंचाई प्रणाली के आधार पर सामाजिक-आर्थिक विकास और गरीबी उन्मूलन किया जा सकता है।

**आज का मौसम**



आसमान में तेज धूप रहेगी, लू से अभी नहीं मिलेगी निजात।

44° अधिकतम तापमान | 30° न्यूनतम तापमान

# निकाय चुनावों में ही दरक गईं थीं भाजपा की दीवारें

**असंतोष**

**सलोन की तीनों निकायों में भाजपा प्रत्याशियों से करना पड़ा था हार का सामना**

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** सलोन विधान सभा में एक वर्ष पूर्व हुए निकाय चुनावों के परिणामों ने ही इशारा कर दिया था कि सलोन में भाजपा की दीवारें दरकनी शुरू हो गई हैं। निकाय चुनाव में भाजपा की दुर्दशा का आलम ये था कि तीनों निकायों में उसे निर्दलीय प्रत्याशियों से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि इसके बाद स्मृति इरानी ने पूरे सलोन विधान सभा के गांवों में चौपाल लगाकर दरारों को भरने का पूरा प्रयास किया फिर भी उन्हें सबसे ज्यादा वोटों से सलोन में पराजय मिली।

2023 में हुए निकाय चुनाव में भाजपा ने सलोन से परमेश पटेल, परशदेपुर से ओमप्रकाश मौर्य व नसीराबाद से अनीशा बानो को टिकट दिया था। सपा ने भी तीनों निकायों में अपने प्रत्याशी उतारे थे लेकिन जब चुनाव परिणाम आए तो भाजपा को तीनों निकायों में निर्दलीय प्रत्याशियों से हार का सामना करना पड़ा। सलोन से निर्दलीय प्रत्याशी चंद्रशेखर रस्तोगी, परशदेपुर में विनोद कौशल और नसीराबाद में मोहम्मद अली को जीत मिली। नसीराबाद में ही भाजपा कुछ टक्कर दे सकी बाकी सलोन और परशदेपुर में भाजपा चौथे नम्बर पर पहुंच गई। निकाय चुनाव के परिणामों ने ही सलोन में भाजपा के लिए खतरे की घंटी बजा दी थी। हालांकि हार से सबक लेते हुए 2023 में ही स्मृति इरानी ने पूरे सलोन विधान सभा को जून की भीषण गर्मी में मथ डाला।

**50 प्रतिशत वोट भी नहीं मिला भाजपा को**

बीते निकाय चुनाव में जीते निर्दलीय और हारे हुए भाजपा प्रत्याशी दोनों ही इस बार लोकसभा चुनाव में कमल खिलाने में जुटे थे। चुनाव से पहले सलोन और परशदेपुर के निर्दलीय चेयरमैन भाजपा में शामिल हो गए थे। दोनों के साथ ही नसीराबाद चेयरमैन भी भाजपा को जिताने में जुटे थे। निकाय चुनावों में हारने वाले भाजपा प्रत्याशी भी स्मृति को जिताने के लिए अपनी ताकत लगाए थे। फिर भी सबसे आश्चर्यजनक बात ये है कि तीनों निकायों में जितने वोट विजयी प्रत्याशी को मिले थे उतने भी वोट लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी को नहीं मिल पाए। देखा जाए तो दोनों प्रत्याशियों के कुल वोटों का 50 प्रतिशत वोट भी भाजपा प्रत्याशी को नहीं मिला।

**परशदेपुर–** निकाय चुनाव में निर्दलीय विनोद कौशल को 2667 वोट पाकर जीत हासिल की थी। जबकि भाजपा प्रत्याशी ओम प्रकाश मौर्य 1430 वोट पाकर चौथे नंबर पर रहे थे। लोकसभा चुनाव से पहले विनोद भाजपा में शामिल हो गए थे। दोनों का वोट जोड़े तो 4097 होता है जबकि लोकसभा में स्मृति को वोट मिले सिर्फ 1719 वोट।

**नसीराबाद –** निकाय चुनाव में निर्दलीय मो. अली को 3172 और भाजपा प्रत्याशी अनीशा बानो को 2651 वोट मिले थे। दोनों ही भाजपा को जिताने में जुटे थे। दोनों का वोट जोड़ा जाए तो होता है 5823 और स्मृति को मिले सिर्फ 1788 वोट।

**सलोन –** निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल करने वाले चंद्रशेखर रस्तोगी को मिले थे 4695 वोट। जबकि भाजपा प्रत्याशी को 2011 वोट। दोनों को जोड़े तो होता है 6706 वोट और स्मृति को मिले 3249 वोट।

## अधेड़ को ट्रक ने मारी ठोकर, गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** साइकिल से ऊंचाहार खरीदारी करने जा रहे अधेड़ को एक ट्रक ने राजमार्ग पर टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह हादसा शनिवार दोपहर लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर जलालनहार गांव के सामने हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मनीपुर भटहरी गांव निवासी राम खेलावन (55) साइकिल से ऊंचाहार आ रहे थे। रास्ते में राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

**एक नजर**

## बाइक सवार दिनदहाड़े उठा ले गए दुकान से बैटरी

**ऊंचाहार, रायबरेली।** बैटरी की दुकान से दिनदहाड़े बाइक सवार युवक एक बड़ी बैटरी उठा ले गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली में की हैं। यह घटना नगर के बस स्टेशन पर हुई है। बस स्टेशन पर मो. आरिफ की बैटरी की दुकान है। शुक्रवार की दोपहर वह दुकान खुली छोड़कर नमाज पढ़ने मस्जिद चले गए थे। उसके बाद जब वह वापस दुकान पहुंचे तो एक बड़ी बैटरी गायब मिली। जिसकी कीमत साढ़े तेरह हजार रुपये बताई जाती है। आसपास के लोगों बताया कि दो लोग बाइक से आए थे। उन्होंने दुकान से बैटरी निकाली और कुछ देर इधर उधर देखते रहे। फिर बैटरी लेकर चले गए। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी है।

## मवेशी से टकराई बाइक दो की हालत गंभीर

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कस्बे के डाकखाने के पास अचानक सामने मवेशी आ जाने से बाइक सवार श्रीनगर लालगंज निवासी देवेंद्र दीक्षित पुत्र संतोष दीक्षित और बेहटा कला निवासी ऋतुराज सिंह पुत्र अजय प्रताप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंचे चौकी इंचार्ज राजेश यादव ने दोनों घायलों को लालगंज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इधर, घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गये।

# समाधान दिवस में गप मारते रहे राजस्वकर्मी

## चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद हुआ समाधान दिवस का आयोजन, खाली रहीं कुर्सियां



ऊंचाहार कोतवाली में समाधान दिवस के दौरान खाली पड़ी अधिकारियों की कुर्सियां।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान महज औपचारिकता भर निभाई गई। पहले समाधान दिवस पर अधिकांश कोतवाली और थानों में कुर्सियां खाली रही। वहीं जिम्मेदार भी गप्प मारते दिखाई दिए। शहर कोतवाली, मिलएरिया, भदोखर आदि जगहों पर गिने-चुने फरियादी ही पहुंचे। कई जगह तो अफसरों तक की कुर्सी काफी देर तक खाली रही।



थाना दिवस में शिकायत सुनते एसडीएम नवदीप शुक्ला। अमृत विचार

**नवागंतुक एसडीएम ने सुनीं समस्याएं**

**लालगंज, रायबरेली।** लगभग दो माह के बाद लालगंज कोतवाली में समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसमें पहुंचे नवागंतुक एसडीएम नवदीप शुक्ला ने जनता की समस्याओं को सुना और सभी को समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया। कोतवाल शिव शंकर सिंह के साथ समस्याएं सुन रहे एसडीएम ने पूरे गुर्दी मजरे कोरिहरा की गीता देवी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस व राजस्व की टीम बनाकर तीन दिनों के अंदर समस्या के हल करने के निर्देश दिए हैं। गीता देवी ने एसडीएम को बताया कि उन्होंने जरिए बैनामा साढ़े 10 बिस्वा जमीन खरीदा है। गांव के ही शीतल व गोवर्धन मिट्टी डालकर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। मना करने पर आमादा फौजदारी होते हैं। इसके अलावा ददरी निवासी राधेश्याम पुत्र रामचंद्र ने गांव के ही रामसेवक के खिलाफ बंजर में कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई।

**फरियादियों का टोटा तो कहीं पहुंचे गिने-चुने**

**ऊंचाहार, रायबरेली।** लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद शनिवार को कोतवाली में आयोजित पहले समाधान दिवस में फरियादी नहीं पहुंचे, जिसके कारण अधिकारी भी नहीं बैठे और राजस्व कर्मचारी पूरे समय हंसी ठिठोली और गप्पे मारते रहे। इसी साल के मार्च महीने में लोकसभा आम चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद तहसील और थाना समाधान दिवस के आयोजन स्थगित चल रहे थे। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद आचार संहिता समाप्त हुई तो शनिवार को थाना में समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस समाधान दिवस के प्रति न तो अधिकारियों ने कोई रुचि दिखाई और न फरियादियों ने।

**सार-संक्षेप**

## सर्विलांस टीम ने 15 लाख रुपये के 101 फोन किए बरामद

**रायबरेली, अमृत विचार।** रायबरेली पुलिस द्वारा जारी लिंक पर मोबाइल स्वामियों के द्वारा खोये हुए फोन की सूचना देने के बाद सक्रिय सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सर्विलांस टीम ने खोए हुए मोबाइलो को बरामद कर मोबाइल स्वामियों को देकर एक बार उन्हें मुस्कराने का अवसर दिया है। टीम ने 15 लाख रुपये कीमत के खोये हुए 101 मोबाइल फोन बरामद किया है। जिन्हे एसपी अभिषेक अग्रवाल ने शनिवार को उनके स्वामियों कों सौपा है। पुलिस ने जिन मोबाइल को बरामद किया है। उनमें रेडमी के 8, वीवो 32, रियलमी 16, आइटेल के 4, ओप्पो 22, सैमसंग 6, टेंकनो 9, हॉनर 1, लावा 1, इन्फिनिक्स 1, नोकिया का 1 फोन सर्विलांस टीम ने बरामद किया है। बरामद मोबाइल फोन की कीमत लगभग 15 लाख रूपये बताई गई है। एसपी ने आमजन से अपील की कि अगर किसी का मोबाइल खो जाये तो वह तत्काल पुलिस को सूचना दे। शनिवार सुबह से एसपी कार्यालय में मोबाइल लेने के लिए उनके स्वामियों की भारी भीड़ रही।



मोबाइल देते एसपी अभिषेक अग्रवाल।

## स्कार्पियो ने बाइक में मारी टक्कर, हालत गंभीर

**अमावां, रायबरेली, अमृत विचार।** रायबरेली–अयोध्या हाईवे पर शनिवार को तेज रफ्तार स्कार्पियों ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया। स्कार्पियो फतेहपुर में तैनात दारोगा की बताई जा रही है। घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुसौती नहर के पास का है। तेज रफ्तार स्कार्पियो और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हो गयी। टक्कर में मोटरसाइकिल सवार युवक घायल हो गया, जिसे मौके पर मौजूद लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमावां में ले जाया गया। डाक्टर ने हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार कर रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल युवक का नाम शिवम शर्मा पुत्र बिंदादीन निवासी दाउदनगर निगोहा है, जोकि ट्रैक्टर एजेंसी दाउदनगर में काम करता है। मौके पर मौजूद लोगों को स्कार्पियो चालक ने अपनी पहचान बीपी सिंह खुद को जिला फतेहपुर में दरोगा के पद पर कार्यरत बताया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सेतुबंध रामेश्वरम दर्शन को 51 शिवभक्तों का जत्था रवाना



रायबरेली रेलवे स्टेशन से रवाना होता शिवभक्तों का जत्था। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** ओम शिव शक्ति मानव सेवा मंडल की शाखा भोजपुर के द्वारा 51 शिव भक्तों का जत्था धार्मिक यात्राओं के साथ सनातन धर्म के प्रचार–प्रसार के लिए यशवंतपुर ट्रेन से रवाना हुआ। उक्त जत्थे का रायबरेली रेलवे स्टेशन पर स्वागत मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अवस्थी ने करते हुए बताया कि द्वादश ज्योतिर्लिंग में प्रमुख सेतुबंध रामेश्वरम, मल्लिका अर्जुन, के दर्शनोपरांत कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान योग करेंगे। मदुरै स्थित मीनाक्षी मंदिर, तिरुपति बालाजी के दर्शन के साथ सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए 15 दिनों के लिए 51 शिव भक्त विभिन्न राज्यों में दर्शन पूजन करेंगे। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र अवस्थी ने रोली चंदन का टीका लगाया और अंग वस्त्र पहना कर सभी यात्रियों का स्वागत व सम्मान करते हुए यात्रा की शुभकामनाएं दी। इसी क्रम में मण्डल संरक्षक महेंद्र अग्रवाल, पंकज मिश्रा, जगदीश चेनानी, रामराज गिरी, शिवांशु शुक्ला, राजेंद्र बाजपेई ने मंडल की ओर से दही– जलेबी, समोसा, फल आदि का वितरण शिव भक्तों में किया। भोजपुर शाखा प्रभारी भानु सिंह ने बताया कि आसपास क्षेत्र के शिव भक्तों के साथ 10 बच्चे, आठ महिलाएं भी जत्थे में शामिल हैं।

## अध्यक्ष ने आगजनी पीड़ित को सौंपी आर्थिक सहायता



आगजनी से प्रभावित रमेश को आर्थिक सहायता सौंपतीं नगर पंचायत अध्यक्ष।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपेंद्र गुप्ता ने लालगंज कस्बे का भ्रमण कर लोगों की कुशल क्षेम पूछी। वही वार्ड नं दो चमनगंज में आगजनी से प्रभावित रमेश कुमार के घर पहुंच कर हाल–चाल लिया। साथ ही आगजनी से हुए नुकसान को देखते हुए आर्थिक मदद करते हुए हर संभव सहयोग करने के लिए आश्वसत किया। बताते चले कि लोकसभा चुनाव के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता और दीपेंद्र गुप्ता ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को जीत दिलाने में अपने क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई है। लालगंज नगर व आसपास के क्षेत्र से कांग्रेस को भाजपा की अपेक्षा काफी अधिक तादाद में वोट प्राप्त हुए हैं। लालगंज भ्रमण के दौरान साथ में वार्ड सभासद प्रतिनिधि विशाल कुमार उपस्थित रहे।

## बाबूशंकर त्रिवेदी के निधन पर जताया शोक

**सरेनी, रायबरेली।** शिक्षक नेता आशीष सिंह ने बाबू शंकर त्रिवेदी के आकस्मिक निधन पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वो हम सबके पिता के समान थे। नई पीढ़ी को हमेशा उन्होंने श्रेष्ठ संस्कार प्रदान किए हैं। हम सब नवयुवकों को उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश कुमार त्रिवेदी ने कहा कि चाचा जी हम सबके संरक्षक थे। वह हमेशा पूरे समाज व परिवार को सच्चे व अच्छे रास्ते पर चलने की प्रेरणा देते थे। बाबू शंकर त्रिवेदी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उन्होंने अपने पीछे बेटे रमेश कुमार त्रिवेदी, नीतीश कुमार त्रिवेदी, कमलेश कुमार त्रिवेदी, मनोज कुमार त्रिवेदी, सनोज कुमार त्रिवेदी एवं पुत्री में वनिता बाजपेई, नीलम बाजपेई, सुनीता बाजपेई, पुष्पा बाजपेई को छोड़ गए। उनके निधन पर पूर्व प्रधानाध्यापक महावीर प्रसाद त्रिवेदी, वरिष्ठ पत्रकार महेश त्रिवेदी, पूर्व प्रवक्ता एवं पत्रकार डॉ. अशोक त्रिवेदी, डॉ. अभिषेक त्रिवेदी, अनिल कुमार बाजपेई, धर्मेंद्र सिंह, आशीष त्रिवेदी, अर्पित त्रिवेदी, अतुल त्रिवेदी, अनूप त्रिवेदी, अमित त्रिवेदी, जितेंद्र सिंह, भोले त्रिवेदी आदि ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है।



# तार जोड़ने को वसूली, ग्रामीण नाराज

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** पंद्रह दिन से हजारों की आबादी अंधेरे में है। लाइन मैन ने विद्युत लाइन ठीक करने के लिए ग्रामीणों से रुपये वसूल लिए। अधिकारी सुन नहीं रहे है। परेशान हाल ग्रामीणों ने शनिवार को उपकेंद्र पहुंचकर जमकर हंगामा किया।

मामला क्षेत्र के शिव नगर मजरे कंदरावा का है। करीब पंद्रह दिन पहले गांव की विद्युत लाइन खराब हो गई थी। गांव का ट्रांसफार्मर भी जल गया था। ग्रामीणों के कहने पर लाइन मैन ने विद्युत लाइन दुरुस्त करने के लिए गांव के उपभोक्ताओं से रुपये की वसूली की। उसके बावजूद अभी तक ग्रामीणों की विद्युत लाइन ठीक नहीं की गई।



ऊंचाहार विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ ऑफिस के सामने प्रदर्शन करते ग्रामीण।

ग्रामीणों का कहना है कि लाइन मैन कहता है कि ट्रांसफार्मर ठीक करने के लिए रुपये लिए थे, विद्युत लाइन ठीक करने के लिए और पैसे देने होंगे। उधर, अवर अभियंता ग्रामीणों का फोन नहीं उठा रहे है। भीषण गर्मी से परेशान विद्युत उपभोक्ता शनिवार को नगर के विद्युत उपकेंद्र पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उस समय कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था। ग्रामीणों का गुस्सा देखकर कर्मचारी भी उपकेंद्र और एसडीओ ऑफिस छोड़कर बाहर चले गये।

## नीम और शीशम के आठ पेड़ काटे

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** पुलिस से मिलकर एक गांव में नीम के तीन और शीशम के पांच हरे पेड़ काट डाले गए। मामले की जानकारी वन विभाग को हुई तो वन रक्षक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला क्षेत्र के गांव हटवा का है। इस गांव में एक लकड़ी कटान के ठेकेदार ने पुलिस से मिलीभगत करके रात दिन में शीशम के पांच हरे पेड़ और नीम के तीन हरे पेड़ काट डाले और सारी लकड़ियां धीरे धीरे चुपके से उठा ले गया। बाद में मामले की सूचना किसी ग्रामीण ने वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम को पेड़ों के अवशेष मिले।

# एसडीएम नवदीप शुक्ला ने ग्रहण किया कार्यभार

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर लगी आचार संहिता समाप्त होते ही प्रशासनिक अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। सरकारी कार्यों के प्रति सदैव संवेदनशील रहने वाले न्यायिक मजिस्ट्रेट नवदीप शुक्ला को लालगंज जैसी बड़ी तहसील का चार्ज दिया है। वहीं लालगंज के एसडीएम मनोज सिंह का डलमऊ स्थानांतरण हुआ है। नवदीप शुक्ला पहले भी लालगंज में न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य कर चुके हैं। लालगंज तहसील का कार्य भार ग्रहण करने के उपरांत एसडीएम नवदीप शुक्ला ने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने और जनता को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। जो भी व्यक्ति लालगंज तहसील अपनी समस्या को लेकर आएगा। उसकी समस्या सुलझाने का हर हाल में प्रयास किया जाएगा। तहसील दिवस और थाना दिवस को सुचारू रूप से चलाया जाएगा।



# एसआईएस जवान करेंगे अहम स्थानों की सुरक्षा

खीरों, रायबरेली

**अमृत विचार।** शनिवार को कस्बा खीरों के श्री दुर्गा बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज में भारत की सुरक्षा कंपनी एसआईएस इंडिया लिमिटेड लिमिटेड द्वारा सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर पद के लिए, दो दिवसीय भर्ती शिविर का आयोजन किया गया।

पहले दिन शनिवार को लगभग आधा सैकड़ा युवाओं ने प्रतिभाग किया। इनमें 16 प्रतिभागी सफल हुए। एसआईएस कंपनी के डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय ने बताया कि सफल अभ्यर्थियों को एसआईएस इंडिया लिमिटेड द्वारा जौनपुर में प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि एसआईएस इंडिया लि० भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है। जो देश व विदेश में सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में सुरक्षा प्रदान करने का कार्य कर रही है।

कंपनी के उक्त कार्य हेतु बेरोजगार युवकों को सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर पद पर चयनित करके नियुक्ति प्रदान की जाती है। भर्ती शिविर में कोविड-19 के नियमों का पालन अनिवार्य रहता है। प्रशिक्षण के उपरांत जवानों को तैनाती स्थल पर भेजने की तिथि से वेतन के साथ पीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, इन्स्युरेन्स, पेंसन एवं अन्य सुविधाये प्रदान की जायेंगी।

## चाहे जहां शिकायत करों, रुपये नहीं दूंगा

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** एक लाख रुपये के राष्ट्रीय बचत पत्र की अवधि पूर्ण हो जाने के बावजूद डाकघर द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। पीड़ित करीब चार माह से परेशान है, किंतु समस्या को कोई सुन नहीं रहा है। मामला ऊंचाहार के मुस्तफाबाद डाकघर का है। क्षेत्र के गांव मैकूलाल का पुरवा गांव निवासिनी ऊषा पांडेय पत्नी आनंद कुमार पांडेय ने वर्ष 2014 में मुस्तफाबाद डाकघर से दस-दस हजार के दस राष्ट्रीय बचत पत्र खरीदा था, जिसकी समयावधि 17 फरवरी 2024 को पूर्ण हो चुकी है। अवधि पूरी होने के बाद बचत पत्र धारक जब पोस्ट ऑफिस भुगतान के लिए पहुंची तो उसे बताया गया कि इन बचत पत्रों की कम्प्यूटर में फीडिंग नहीं है। इसलिए इसका भुगतान नहीं किया जा सकता है।

# अफसरों पर भड़के पीआरडी जवान

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** अधिकारियों की मनमानी से त्रस्त प्रांतीय रक्षक दल के जवान एक सप्ताह से कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। जिले के आला अफसरों को भेजे गये शिकायती पत्रों में आंदोलित जवानों ने तीन बिंदुओं की जांचकर कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान अफसरों के खिलाफ प्रदर्शन भी किया।

ब्लाक मुख्यालय में सभी एकत्र पीआरडी जवानों ने ब्लाक स्तरीय अधिकारी के विरुद्ध नारेबाजी की। कहा कि इतने कम मानदेय में भी वे तपती धूप में खाकी के साथ कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने में मदद करते हैं, किन्तु उनका शोषण और उत्पीड़न किया जा रहा है। उत्पीड़न बढ़ जाने से हम सभी परेशान हैं। पीआरडी जवान



अफसरों के खिलाफ विरोध जताते पीआरडी जवान। अमृत विचार

रामकरन सिंह ने कहा कि दूरदराज के थानों में ड्यूटी लगाकर बीओ जवानों को भुखमरी के कगार पर धकेल रहे हैं। अधिकारी से सभी ने आप बीती सुनाई व रियायत बरतने की मांग की तो उल्टे बीओ भास्कर सिंह ने सभी को बर्खास्त करने की चेतावनी दे दी। रावतपुर के कृष्ण कुमार सिंह व भोजपुर के संतोष कुमार ने कहा कि जवान अब आरपार की लड़ाई करने के मूड में हैं और जबतक जवानों की स्थानीय थाने में ड्यूटी नहीं लगाई तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**गर्मी का कहर** | काफी समय से नहीं हुई बारिश, आमजन के साथ-साथ पशु-पक्षी भी परेशान

# तापमान 43 डिग्री पार, लू के थपेड़ों ने जीना किया मुहाल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के प्रकोप से आमजन बेहाल है। दो दिन पूर्व आई आंधी और बूंदाबांदी की वजह से कुछ समय के लिए लोगों को गर्मी से निजात तो मिली, लेकिन इधर अब फिर सूरज से आग बरसने लगी है। तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी जारी है।

शनिवार को तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से भी पार पहुंच गया है। तेज धूप व लू के थपेड़ों से सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम के सख्त तेवरों की वजह से लोगों का घरों के बाहर निकलना बंद हो गया है। आवश्यक कार्य करने वाले लोग ही बाजार में पहुंच रहे हैं। धूप और गर्मी के साथ चल रही लू के कारण लोगों की आंखों और त्वचा पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। घरों में लगातार लोग एसी और पंखे आदि लगाकर बैठने को मजबूर है, लेकिन अब तो यह उपकरण भी गर्मी नही झेल पा रहे है और यह भी गर्म हवा दे रहे हैं। गर्मी को लेकर प्रशासन ने भी लोगों को चेताया है कि अनावश्यक रूप से न निकलने के लिए कहा है। काफी समय से जिले में बारिश नहीं हुई है। पेड़ पौधे पूरी तरह से मुरझा गए हैं। नदी नालों में पानी भी कम हो गया है। इससे कई क्षेत्रों में पानी की भी समस्या खड़ी हो रही है। वही कई जगहों पर लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग की भी समस्या आ रही है जिससे लोगों को गर्मी में दिक्कते हो रही है। अस्पतालों में भी इन दिनों मरीजो की भीड़ बढ़ गई है। उल्टी दस्त के मरीजो में इजाफा हुआ है।



बेतहाशा गर्मी से बचाव करती युवतियां। अमृत विचार

**भीषण गर्मी में श्रमिकों को नहीं मिल रहा काम**

**रायबरेली।** शहर में दिहाड़ी मजदूरी करने वाले श्रमिको के सामने रोजी रोटी की भी समस्या खड़ी हो रही है। सुबह 8 बजे से ही सूरज की तपिश और बरसाते आग के गोलों के बीच लोगों का निकलना और चलना मुश्किल हो गया है। ऐसे में हर कोई सुरक्षित रहना चाहता है जिसकी वजह से शहर में दिहाड़ी मजदूरी करने वाले श्रमिकों के सामने भी रोजी–रोटी का बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। इतनी भीषण धूप और गर्मी के बीच अगर मजदूर सुबह और शाम के समय काम करने का मन बनाता भी है तो एक मात्र उसके ऐसा सोचने से यह संभव होता दिखाई नहीं दे रहा है। जिसको लेकर शहर में कई लोगों ने फिलहाल इस गर्मी में अभी काम बंद कर दिया है। ऐसे में अब श्रमिकों के सामने रोजी–रोटी की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। श्रमिक रामशंकर, बब्लू, जंगीलाल, पुतान ने बताया कि अन्य दिनों की अपेक्षा अब काम भी नही मिल रहा है, जिसकी वजह से वह लोग न तो पैसा कमा पा रहे हैं और न ही घर गृहस्थी का खर्च ही चला पा रहे हैं।



बब्लू।



रामशंकर।

## एक नजर

### श्रीमद्भागवत कथा सुनने से जीवन होता है सफलः सर्वेश कृष्ण शास्त्री

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के प्राचीन कालीन कबिरादान बाबा के मन्दिर प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कष्टहरी धाम खैरा कनकू जनपद बाराबंकी से पधारे सर्वेश कृष्ण शास्त्री महराज के शिष्य कथा व्यास मोहित कृष्ण शास्त्री महराज ने अपनी अमृतयी वाणी से आत्मदेव एवं धुंधली, परीक्षित की कथा विस्तार पूर्वक सुनाई। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण मात्र से मनुष्य का जीवन सफल हो जाता हैं। उन्होंने कथा में पहुंचे सभी भक्तजनों से श्रीमद्भावत कथा सुनने को कहा। बोले कई जन्मों के जब पुण्य एकत्रित होते है तब जाकर भागवत कथा के श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होता हैं। इसीलिए सभी को हर हाल में भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। कथा व्यास ने कहा कि भगवान की कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धालुओं के सामूहिक सहयोग से किया जा रहा है।

### बेटे ने दर्ज कराई प्राथमिकी, जांच शुरू

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** लोडर चालक पिता के साथ अनहोनी की आशंका से चिंतित पुत्र ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। कानपुर बर्रा निवासी बेटे मयंक ने भदोखर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई कि उनके पिता कन्हैया लाल अपना छोटा डाला लेकर शुक्रवार देर शाम मुंशीगंज स्थित रोहित किराना स्टोर पर पत्तल दोना उतार कर घर के लिए निकले, जो अभी तक घर नहीं पहुंचे। इसके बाद क्षेत्रीय पुलिस हरकत में आई और खोजबीन में जुट गई। मुंशीगंज चौकी इंचार्ज करुणा शंकर तिवारी ने बताया कि लापता कन्हैया लाल मिल गया है। उसका लोडर सरेनी थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

# चोरी की बढ़ती वारदातों पर रोक लगाएं थानेदार

## बैठक में बोले एसपी-बढ़ाएं रात्रिगश्त, अपराधियों पर करें कार्रवाई

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले में सकुशल चुनाव संपन्न कराने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल शुक्रवार रात सभी क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारी के साथ अपराध समीक्षा की। बैठक के दौरान जहां चुनाव में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को सम्मानित किया। वही जिले में बढ़ी आपराधिक घटनाओं में ज्यादातर चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाने के निर्देश दिए है। उन्होंने लंबित मामलों का समय से निपटारा कराने के साथ ही अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। चुनाव संपन्न होने के बाद पहले अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थानेदारों को निर्देशित किया है कि उनके क्षेत्र में बढ़ी चोरी की घटनाओं पर तत्काल अंकुश लगाया जाए।

उन्होंने कहा कि अपराधिकतत्वों की जानकारी कर उन पर नजर रखी जाए। अपराधियों को तत्परता से पकड़ कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में चोरी की वारदातों को रोकने के लिए प्रभावी ढंग से गश्त बढ़ाये। देर रात चली मैराथन बैठक में पुलिस अधीक्षक ने आगाह किया कि कानून व्यवस्था को बेहतर तरीके से बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। कहा कानून व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोस चुनाव संपन्न होने के बाद एसपी ने थाना प्रभारी व क्षेत्राधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नवीन सिंह, अमित सिंह, सलोन सीओ वंदना सिंह, शहर कोतवाल राजेश सिंह, हरचंदपुर थानेदार प्रमोद कुमार सिंह सहित सभी थाना प्रभारी व क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में क्राइम मीटिंग को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

### जघन्य अपराध में पुलिस ने दर्ज की मनमानी प्राथमिकी

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** जमीन विवाद में धारदार हथियार से मारकर लड़की को मरणासन्न करने के मामले में पुलिस का बड़ा मनमानापन सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर को दरकिनार करके खुद से दूसरी तहरीर लिख ली और उसमें खुद से हस्ताक्षर भी करके मामूली मारपीट की प्राथमिकी भी दर्ज कर ली। अब मामला तूल पकड़ रहा है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव करसेनी मजरे अरखा का है। गांव के राम निहोर पाल का पड़ोसियों से जमीनी विवाद चल रहा है। जिसमें उनके प्रतिपक्षीगणों ने नाली पाट दी थी। इसी बात को लेकर दोनो पक्षों में भिड़ंत हुई और मारपीट के दौरान राम निहोर की बेटी बंदना पर धारदार हथियार से प्रहार करके उसे मरणासन्न कर दिया गया। घटना के बाद घायल का सीएचसी में चिकित्सीय परीक्षण किया गया। उसके बाद पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर घायल का इलाज कराने चले गए। पीड़ित का कहना है कि शनिवार को जब उसे प्राथमिकी की प्रति मिली तो वह दंग रह गया। प्राथमिकी सामान्य मारपीट की दर्ज हुई है, जो उसने नहीं दी। यही नहीं उसने दूसरी किसी तहरीर में हस्ताक्षर भी नहीं किया है। कोतवाली में खुद से तहरीर लिखकर और हस्ताक्षर करके मनमानी प्राथमिकी दर्ज करने के मामले में पीड़ित अब अधिकारियों के पास पहुंच रहा है, जिससे यह मामला अब तूल पकड़ रहा है, जिससे पुलिस विभाग में काफी हलचल मची हुई है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि मामले की उन्हे जानकारी नहीं है। इसकी जांच कराई जाएगी और पीड़ित को इंसाफ दिलाया जाएगा।

# न्यूरो संबंधी बीमारियों के प्रति रहें जागरूक

## विश्व मस्तिष्क ट्यूमर दिवस पर जागरूकता गोष्ठी का किया गया आयोजन

संवाददाता, राही, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज में विश्व मस्तिष्क ट्यूमर दिवस मनाया गया। न्यूरो सर्जरी विभाग ने विश्व मस्तिष्क ट्यूमर दिवस पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया।

निदेशक प्रो. डा अरविंद राजवंशी, डीन प्रो नीरज कुमारी, विभागाध्यक्ष न्यूरो सर्जन अधीक्षक प्रो डा सुयश सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। निदेशक प्रो डा अरविंद राजवंशी ने कहा कि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक होना बहुत जरूरी है। मस्तिष्क से जुडी गांठ सम्बंधित बीमारी के लक्षण व सावधानियो के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक होना चाहिए। विगत वर्षों में मस्तिष्क की गांठ के इलाज में बहुत बदलाव आए हैं। ज्यादातर देखने को मिल रहा है, मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। डीन प्रो डा नीरज कुमारी ने कहा कि मस्तिष्क में होने वाली गांठ के नवीनतम दिशा निर्देश एवं मॉलेक्युलर पैथोलॉजी के बारे में व्याख्यान दिया। न्यूरो सर्जन अधीक्षक प्रो डॉ सुयश सिंह ने मस्तिष्क में गांठ की शुरुआती लक्षणों व इलाज के बारे में जानकारी दी। विभाग में चल रहे अति आधुनिक रोबोटिक उपकरण से मस्तिष्क में गांठ के इलाज के बारे में भी बताया। उन्होने कहा कि दौरे पडना, सर दर्द, उल्टी, हाथ पैरो में थकान जैसे लक्षण मिलने पर बिना देर किए संबंधित डाक्टर से सलाह लेकर उपचार शुरू करना चाहिए। समय रहते मरीज को सरलता पूर्वक ठीक किया जा सकता है। डॉ ब्रजेश ने मस्तिष्क में होने वाले विभिन्न प्रकार के गांठ व उनसे होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। इस मौके पर डा अर्चना वर्मा, नर्सिंग ऑफिसर हितेश, विष्णु, विवेक, अशोक, काजल, श्वेता, आकांक्षा आदि लोग मौजूद रहे।



एम्स में दीप प्रज्ज्वलित करते निदेशक प्रो. अरविंद राजवंशी। अमृत विचार

### पांच में तीन मामलों का हुआ समाधान

**बछरावां, रायबरेली।** कोतवाली परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोग अपने समस्याओं के निस्तारण के लिए कोतवाली पहुंचे। राजस्व विभाग से कानून को रज्जन कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस के मौके पर प्रार्थना पत्र आये, जिसमें राजस्व कर्मचारियों ने मौके पर ही तीन मामले निस्तारित कर दिए हैं। वहीं पांच मामलों में कमेटी गठित की गई। कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया कि समाधान दिवस के मौके पर पुलिस संबंधित दो प्रार्थना पत्र आए थे जिन्हें मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया।

# दो मकान से नकदी समेत लाखों रुपये के जेवरात बटोर ले गए चोर

## पीड़ित पक्ष ने गांव के ही लोगों पर जताई आशंका, नामजद दी तहरीर

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** एक ही रात को चोरों ने दो घरों को निशाना बना लिया। घर के पीछे से घुसकर घर के अंदर रखे हुए नगदी व जेवराज सहित लगभग 8 लाख रुपए की चोरी कर ली। सुबह घर में जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। फिलहाल पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे दुबे संतपुर में शुक्रवार व शनिवार की रात को राजमोहन एवं प्रेम शंकर जो आपस में सगे भाई है। इनके घरों को चोरों ने निशाना बना लिया। घर के पीछे से अंदर प्रवेश किया और जेवरात व नगदी सहित लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित राजमोहन की माने तो सुबह जब वह 4 बजे उठे तो सामान बिखरा पड़ा हुआ था। घर के बक्से बाहर पड़े हुए थे, जिनमें से सामान गायब थे। महिलाओं के जेवरात गायब थे। वही बगल में बने हुए उनके भाई प्रेम शंकर के घर में भी चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। राजमोहन की माने तो उनके घर से नगदी व जेवराज सहित लगभग 5 लाख की चोरी एवं प्रेम शंकर के घर से नगदी व जेवराज सहित लगभग 3 लाख की चोरी हुई है। चोरी की घटना की जानकारी होते ही डलमऊ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना से संबंधित जांच पड़ताल शुरू की है। राजमोहन ने गांव के ही कुछ लोगों पर आशंका जताते हुए लिखित तहरीर दी है। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मामला दोनों पक्षों के बीच विवाद का है। आए दिन आरोप प्रत्यारोप के तहत दोनों एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देने के आदी हैं। मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिलहाल घटना की जांच कराई जा रही है।

# युवती के साथ की गई छेड़छाड़ का केस दर्ज

संवाददाता, खीरों, रायबरेली

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव बरहा में दो सप्ताह पूर्व 25 मई को तीन युवकों ने एक युवती के साथ उसके निजी नलकूप पर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर गाली और जान से मारने की धमकी भी दी। दो सप्ताह बाद शनिवार को पीड़िता पक्ष के दो युवकों द्वारा आरोपियों के दरवाजे पहुंचकर बुजुर्ग दंपति को सरेआम गाली और जान से मारने की धमकी देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस ने पीड़िता के पिता के शिकायती पत्र के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि उसके गांव के शिवम सिंह, जयमेंद्र सिंह और धीरेन्द्र सिंह उसकी बेटी को अलग-अलग नंबरों से फोन करके परेशान करते थे। विगत 25 मई को शाम लगभग पांच बजे तीनों लोगों ने उसके निजी नलकूप पर बेटी के साथ छेड़छाड़ की। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के पिता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है।

# खड़े ट्रेलर से हजारों रुपये का तेल चोरी



बांदा-बहराइच मार्ग पर लोगों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाइवे पर स्थित यादव ढाबा के समीप खड़े होने वाले ट्रक और ट्रेलरों से डीजल चोरी की का मामला थमने का नाम नही ले रहा हैं। विगत तीन माह में कई ट्रक और ट्रेलरों से लाखों रुपए का डीजल चोरी हो चुका है। शिकायत के बावजूद भी पुलिस अब तक इस गिरोह तक नहीं पहुंच पाई जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में पुलिस की कार्यशैली के खिलाख गहरा रोष व्याप्त है। शुक्रवार की रात करीब एक बजे अमेठी निवासी ददन जो की ट्रेलर से सीमेंट की चादर लेकर नानपारा बहराइच जा रहा थे जिन्होंने शिवगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत हाइवे-बांदा बहराइच हाइवे पर स्थित यादव ढाबा के समीप ट्रेलर खड़ा कर दिया। खाना खाने के बाद रात करीब 2 बजे चालक सो गया सुबह 4:30 पर जब वह उठा तो देखा उसके ट्रेलर से करीब 22 हजार रुपये का तेल चोरी हो चुका था। चालक ने डायल 112 को फोन किया मौके पर पहुंची डायल 112 ने पूछताछ की।

### तीन माह में लाखों रुपये का डीजल चोरी

**केस एक:** फरवरी माह में तीन टेलरों का करीब 80 हजार रुपये का तेल चोरी हो गया। जिसकी शिकायत भी ट्रेलर चालकों ने शिवगढ़ पुलिस से की थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

**केस दो:** मुस्कान ट्रेडर्स के मालिक राजकुमार रावत ने बताया कि उनके भी दो ट्रकों से करीब 35 हजार रुपये का चोरी हो चुका है, लेकिन चोरों का पता नहीं चल पा रहा है।

**केस तीन:** अमेठी निवासी ददन के ट्रेलर का करीब 22 हजार का तेल चोरी हो गया। जिसकी शिकायत ददन ने शिवगढ़ थाने में की है। करीब तीन महीने में सक्रिय गिरोह ने लाखों रुपये का डीजल पार कर है लेकिन अभी तक इस गिरोह का पर्दाफाश नहीं हो पाया है जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों एवं ट्रक चालकों में खौफ व्याप्त है।

### बंदर के हमले से युवक हुआ घायल

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे धैताली निवासी मनोज कुमार (28) पुत्र शंकर अपने दरवाजे बैठे थे तभी सामने से बंदरों का झुंड आ गया। जिसमें से एक बंदर ने उनके ऊपर हमला कर दिया और बाएं हाथ में काटकर उन्हें घायल कर दिया। घायल को आसपास के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया, जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि में **आकर्ष साघ पुत्र राजेश भान साघ, निवासी-2/29 साहबगंज नरायनदास शहर फर्रूखाबाद,** मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र में मेरे पिता का नाम राजेश साघ अंकित है जो की गलत है मेरे पिता का सही नाम राजेश भान साघ है। यहकि मेरे पिता का सही नाम राजेश भान साघ ही है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रिया यादव पुत्री सुशील कुमार ग्राम अहिलवा, पोस्ट दुकनहा, थाना खीरों, जनपद रायबरेली** की मूल निवासिनी हूं। मैंने श्री दुर्गा बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज शास्त्री नगर खीरों,रायबरेली से हाई स्कूल की संस्थागत परीक्षा वर्ष 2019 में उत्तीर्ण की थी। जिसका अनुक्रमांक 1223561 है। मेरा अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है

**सूचना**

सूचित हो कि **सोबरन पुत्र अजरायल नि0 ग्राम सल्हौनी, थाना-पाली व हाल निवासी-ग्राम व कोतवाली सवायजपुर, जिला हरदोई,** मेरे बड़े पुत्र अनुराग उर्फ़ अरुण व इनकी पत्नी का चाल चलन ठीक नहीं है वह शराबी किस्म का व्यक्ति है तथा चोरी भी करता है मना करने पर गाली-गलौच कर मारपीट करता है उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्री सुरेश कुमार पुत्र कृष्ण यादव, निवासी- परसेण्डी, पो0 परसेण्डी, थाना- तालगांव, तहसील- लहरपुर जिला सीतापुर** मेरे तीन पुत्र कमशः लवलेश कुमार, विमलेश कुमार व भानू हैं सभी पुत्रों की शादी विवाह हो चुका है तथा सभी पुत्र अलग-अलग रहते हैं किसी का किसी से कोई लेना-देना नहीं है। मेरा बड़ा पुत्र लवलेश कुमार शराबी, झगड़ालू, बदचलन प्रवृत्ति का है जो आए दिन समाज में झगड़ा आदि करता है जिसके कृत्यों से मेरी समाज मे छवि खराब हो गयी है। मैने अपने पुत्र लवलेश कुमार के कृत्यों से तंग आकर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ आज से मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नही है भविष्य मे यदि किसी व्यक्ति से उसके लेन देन, झगड़ा-फसाद आदि होता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

# पेड़ की डाल गिरी, दबने से एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

संवाददाता, सूची, रायबरेली

**अमृत विचार।** सलोन कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत घर के सामने बैठकर बात कर रहे दो लोगों पर अचानक नीम की मोटी डाल गिर गयी, जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसने एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। सलोन कोतवाली क्षेत्र के पूरे पांडेय मजरे सूची गांव में धुनार पटेल के दरवाजे नीम का पेड है। शनिवार की साम धुनार पटेल और हीरालाल बैठकर बात कर रहे थे। तभी नीम की मोटी डाल दोनों के ऊपर गिर गयी, जिसमें दोनो दब गये। आसपास के लोगों ने गंभीर रूप से घायल धुनार पटेल को इलाज के लिए सीएचसी सलोन ले गये, जहा हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रास्ते में धुनार पटेल की मौत हो गई। मौत की खबर पर परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।

### सीमेंट फैक्ट्री के कर्मचारी की मौत

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुरूवा गांव के निकट आरडी सीमेंट फैक्ट्री के मजदूर की अचानक शनिवार को मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कानपुर नगर का रहने वाला चंद्रनाथ (47) क्षेत्र की आरडी सीमेंट फैक्ट्री में मजदूरी करता था। शनिवार की दोपहर 3 बजे के करीब उसकी हालत अचानक बिगड़ गई उसे उल्टियां होने लगी। घबराए कर्मचारियों ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, वहां पर मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बारे में थानाध्यक्ष बृजेंद्र शर्मा का कहना है कि मामले की सूचना मिली है। शव को कब्जे में लिया गया है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### माता-पिता सहित बेटे पर रिपोर्ट दर्ज

**बछरावां, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीडिता ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीती 5 जून की शाम लगभग 3 बजे के करीब वह घर पर नहीं थी खेत पर बेढ देखने गई थी। उसकी बेटी घर पर अकेली थी इसी दौरान सूना पकर गांव के ही रहने वाले पति-पत्नी ने अपने बेटे के साथ मिलकर उसकी बेटी को कहीं पर गायब कर दिया हैं। पीड़िता का आरोप है कि जो लड़का उसकी बेटी को ले गया है वह अपराधी प्रवृत्ति का है और उसके खिलाफ थाने पर मुकदमा भी दर्ज है। रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद आरोपी लोग उसके परिवार को जान से मार देने की धमकी भी दे रहे हैं।



खनन में लगे ट्रैक्टर। अमृत विचार

### धड़ल्ले से हो रहा मिट्टी खनन, प्रशासन अनजान

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन जोरो पर है। प्रशासन की अनदेखी कहे या पुलिस की मिलीभगत खनन माफियाओं के हौसले बीते कई माह से बुलंद देखे जा रहे हैं। दिन दहाड़े मिट्टी खनन के जरिए पर्यावरण को खुले आम चोट पहुंचाई जा रही है। शनिवार को भी कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे दिन भर खनन चलता रहा। दिन दहाड़े हो रहे खनन पर कार्यवाही तो दूर की बात किसी भी अधिकारी को खनन की जानकारी नही हुई। हालांकि इसमें जरा सी भी सच्चाई नहीं है कि किसी भी जिम्मेदार अधिकारी को क्षेत्र में हो रहे खनन की जानकारी न हो। सच्चाई तो यह है कि बीते छह माह से अधिकारियों की मिलीभगत से क्षेत्र में जमकर मिट्टी खनन का कार्य बदस्तूर जारी है।

# बिजली की समस्या पर भाजपा नेता ने की अधिकारियों से मुलाकात

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** अंधाधुंध बिजली कटौती, बिलों में गड़बड़ी आदि जैसी समस्या को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा के मंत्री अभिलाष कौशल ने शनिवार को अधिकारियों से दो टूक बात की। उन्होंने सीएम के निर्देश के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की सलाह दी है। भाजपा नेता ने शनिवार को अपने समर्थकों के साथ बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता और अवर अभियंता के साथ बैठक की। उन्होंने तहसील, ऊंचाहार नगर, जमुनापुर, इटौरा बुजुर्ग, रोहनिया, रसूलपुर उद्युत उपकेंद्रों द्वारा अबाध विद्युत आपूर्ति न कर पाने का कारण चाहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गर्मी के कारण हर हालत में कटौती मुक्त बिजली आपूर्ति करने का सख्त आदेश दिया है। अधिकारियों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि शासन की मंशा के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से बीडीसी विजयपाल, गुड्डन यादव, मकबूल, मोहम्मद हसन, मोहम्मद हसनैन, अरविंद निषाद, राकेश पाल आदि मौजूद थे।



बिजली अधिकारियों से वार्ता करते भाजपा नेता अभिलाष कौशल। अमृत विचार

# बाल शल्य चिकित्सा विभाग ने मनाया जागरूकता सप्ताह

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज में बाल शल्य चिकित्सा सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों में होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया। सप्ताहिक कार्यक्रम में एमबीबीएस, पीजी के छात्र-छात्रओं व नर्सिंग ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

डॉ. सुनीता सिंह ने बताया कि चिकित्सा सर्जरी विभाग में 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों की सभी प्रकार की सर्जरी की जाती है। विभाग में पिछले चार साल में अब तक करीब 800 से ज्यादा बच्चों का ऑपरेशन किया जा चुका है। बच्चों में खाने की नली जन्म से न बन्ना और मलद्वार का ठीक से नहीं बनना या सामान्य रूप से काम नहीं करना। आंतो में किसी प्रकार की रुकावट होना आदि बीमारियों में सर्जरी कर लाभ पहुंचाया गया है। लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, एंडोस्कोपिक सर्जरी की जानकारी दी गई। निदेशक प्रो. डॉ. अरविन्द राजवंशी, डीन प्रो. डा नीरज कुमारी, अधीक्षक प्रो डा. सुयश सिंह ने आयोजित स्पर्धा में विजेता छात्र ऋषभ गर्ग, शेर मोहम्मद खिलजी, अनुराग मीना, धनराज, विनीत गोयल, देव दिव्यांश, इशिता, प्रेरणा और रूपाली व जूनियर डॉ. स्नेहिता, डॉ. योगेश अवान, डॉ. बिमलेश को पुरस्कार वितरित किया। इस मौके पर डॉ. दिव्या प्रकाश, डॉ. अमित, डॉ. दीपक, डॉ. नीरज श्रीवास्तव, डॉ. गौरव उपाध्याय, डॉ. प्रगति गर्ग मौजूद रहे।





बाल शल्य चिकित्सा सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विशिष्टजन।

प्रवेश प्रारम्भ

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### बड़े ने छोटे भाई व उसकी पत्नी का फोड़ा सिर

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मेड़ुवा निवासी अनीता देवी पत्नी राममिलन ने कोतवाली में शिकायत पत्र देते हुए बताया कि उनके घर का छप्पर दो दिन पहले आई तेज आंधी में उड़ गया था। जिस कारण घर पर छप्पर रखने के लिए बनवा रही थी। उसी वक्त रंजिश को लेकर जेठ राकेश उर्फ मोंगरे ने गालियां देते हुए उसे और पति को पीटा जिससे दोनों के सिर फूट गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ससुर ने बहू को लाठी से पीटा, मुकदमा दर्ज

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सुमेरगंज में एक महिला ने ससुर पर लाठी से पीटने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। बबली ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में बताया कि कि उसकी शादी तीन वर्ष पहले प्रह्लाद से हुई थी। वह पति के साथ घर पर रहती है। ससुर ने उसके घर आकर घरेलू कामकाज को लेकर बीती 26 मई को गाली देते हुए उसे लाठी से पीटा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### युवक ने मां और बहन के साथ महिला को पीटा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गाजीपुर में जमीन कब्जा करने के विरोध पर युवक ने अपनी बहन व मां के साथ महिला को पीटकर घायल कर दिया। शेष कुमारी पत्नी रविंद्र नाथ ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि गांव के ही अंकित शुक्ला ने उसकी पुश्तैनी जमीन पर टिन रखकर कब्जा कर लिया। जब गुरुवार को टिन हटाने को लेकर कहा तो अंकित व उसकी बहन व मां ने लाठी डंडों से पिटाई कर दी।

# दो दिन की राहत के बाद तापमान 43 डिग्री पहुंचा, हीटवेव से वृद्ध की मौत

## चिलचिलाती धूप और दिनभर चलने वाली गर्म हवा ने लोगों को झुलसाया

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



धूप से बचाने के लिए बच्चे को तौलिया से ढककर ले जाती महिला। अमृत विचार

**अमृत विचार :** दो दिनों तक बादलों की आवाजाही और हवा के चलने से कुछ राहत के बाद शनिवार को गर्मी ने एक बार फिर अपने तेवर दिखाये। सुबह से ही तेज धूप के साथ गर्म हवा चलने लगी। उधर हैदरगढ़ इलाके में हीटवेव कारण एक वृद्ध की मौत हो गयी। शनिवार का तापमान एक बार फिर 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दोपहर में लोग घरों से बाहर निकलने से बचते दिखे। मौसम विभाग ने फिलहाल गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं जताई है।

बीते दो दिनों से मौसम में उलट फिर देखने को मिल रहा था। लेकिन शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो शुक्रवार के तापमान से 2 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 28 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। राज्य कृषि मौसम सेवा मौसम केंद्र लखनऊ, भारत मौसम विज्ञान विभाग व पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के प्रमुख अतुल कुमार सिंह के मुताबिक अगले दो-तीन दिनों तक तेज धूप होने के साथ गर्मी बढ़ने की संभावना है। तापमान के 44 डिग्री तक जाने के आसार हैं। 15 जून के बाद ही मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

**हैदरगढ़:** कोतवाली क्षेत्र के पिचूरी मजरे चौबीसी गांव निवासी हरिराम (60) ठेलिया से माल लादकर व्यापारी के यहां से दुकानों तक पहुंचाता है। शनिवार को वह व्यापारी के यहां से माल उतारने जा रहा था। तभी नगर के मुख्य चौराहे पर बाराबंकी रोड की ओर मुड़ते समय अचानक बेहोश होकर ठेलिया पर लुढ़क गया। यातायात पुलिसकर्मी उसे बैटरी रिक्शा से सीएचसी ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसकी पहचान उसके मोबाइल के माध्यम से हुई। सूचना पाकर आए परिजनों के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# जल्द कराएं शिकायतों का निस्तारण

**संवाददाता, सतरिख, बाराबंकी**



समाधान दिवस के दौरान मौजूद एसपी दिनेश सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता खत्म होने के बाद जनसुनवाई और दिवसों का आयोजन शुरू हो गया है। दो माह बाद शनिवार को एसपी दिनेश सिंह सतरिख थाने के थाना समाधान दिवस में पहुंचे। उन्होंने फरियादियों की जनसमस्याएं सुनीं। मौके पर तीन मामलों का निस्तारण भी किया गया है।

समाधान दिवस में कुल आठ मामले आए थे। इसमें राजस्व से संबंधित तीन मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिन मामलों का थाना समाधान दिवस में निपटारा नहीं हो सका, उसके लिए पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर भेजी गई। इसके अलावा एसपी ने फरियादी रजिस्टर, शिकायत निस्तारण रजिस्टर व जीडी रजिस्टर आदि को देखा। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक को जल्द शिकायतों का निस्तारण करने के आदेश दिए हैं। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सतरिख अमर कुमार चौरसिया, उपनिरीक्षक उपेंद्र सिंह यादव, मनोज कुमार राना, गजेंद्र सिंह खरवार, राजकरन सिंह, लेखपाल इंद्रपाल, अनंत राजपूत सहित राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# बजट होने के बावजूद निकाय कर्मियों को वेतन के लाले

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार:** नगर पंचायत देवा में बजट होने के बावजूद कर्मचारियों को करीब दो माह से वेतन नहीं मिला है। उनके सामने परिवार की रोजी रोटी चलाने का संकट खड़ा हो गया है। एक कर्मचारी ने सोशल मीडिया पर वेतन न मिलने की पोस्ट भी डाली है। आदर्श नगर पंचायत देवा में 63 आउटसोर्सिंग और 24 नियमित कर्मचारी मिलाकर कुल 87 कर्मचारियों की तैनाती हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो अधिशाषी अधिकारी मोहिनी केसरवानी की मनमानी के चलते इन कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं दिया गया है। पंप संचालक अकबर अली ने एक वाट्सएप ग्रुप पर अपनी फोटो डालकर लिखा है कि उसकी तबियत खराब है। इलाज के लिए पैसे नहीं है और उसे दो माह से वेतन नहीं मिला है।

> सफाई कर्मचारियों का वेतन रिलीज कर दिया गया है। बाकी कर्मियों का भी जल्द ही रिलीज कर दिया जाएगा। नगर पंचायत में बजट उपलब्ध है।
>
> –मोहम्मद हारुन, चेयरमैन, देवा

> सभी कर्मचारियों का वेतन तीन-चार दिन पहले लग गया है। पंप संचालक द्वारा सोशल मीडिया ग्रुप पर पोस्ट डाले जाने की मुझे जानकारी नहीं है।
>
> –मोहिनी केसरवानी, ईओ देवा

# मोदी और योगी पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले को जेल

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऊपर भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ देवा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा दिया है। देवा कोतवाली क्षेत्र के कोटवाकला गांव निवासी रशीद अहमद पुत्र पुत्तू ने शुक्रवार को फेसबुक पर एक भड़काऊ पोस्ट शेयर की थी। इसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। देवा के भाजपा मंडल अध्यक्ष पुनीत मिश्रा की तहरीर पर देवा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था देवा कोतवाल अनिल पांडे ने बताया कि रशीद अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# राहुल व अखिलेश ने पसमांदा समाज को बरगलाया

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:**

**अमृत विचार :** राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने एक बार फिर पसमांदा समाज को बरगलाकर उनका वोट हासिल कर लिया। खटाखट खाते में रुपये मिलने की आस में महिलाएं कांग्रेस कार्यालय के चक्कर काट रही हैं और वोट हासिल कर दोनों नेता अब शतरंज की नई चाल चलने में जुटे हैं।

ये बातें आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कहीं। उन्होंने कहा कि राहुल और अखिलेश ने सत्ता के लालच में सारी हदें पार कर दी हैं। दोनों झूठ का सहारा लेकर पसमांदा समाज का वोट लेने में काफी हद तक सफल रहे जैसे कि महिलाओं के खाते में खटाखट रुपये भेजने का वादा। आमजन की गरीबी, परेशानी और मजबूरी का फायदा कैसे उठाया जाता है यह कोई राहुल व अखिलेश से सीखे। अब आलम यह है कि महिलाएं खाते में खटाखट पैसा आने के वादे को अमल में आते देखने के लिए कांग्रेस कार्यालय पर कई दिन से चक्कर लगा रही हैं पर जिम्मेदार गायब हैं। इससे बड़ा मजाक और क्या होगा। अखिलेश भी अब तसवीर से गायब हैं और विधायकी छोड़ दिल्ली में बसने की तैयारी कर रहे हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने पसमांदा समाज को कुछ देने की बजाय हमेशा छीना ही है। क्या कांग्रेस और क्या सपा, पसमांदा समाज का वोट लेने के लिए सारी चाल चली पर चुनाव में न किसी चेहरे को टिकट दिया और न ही आगे की रणनीति ही बताई, तो वोट लेने के बाद पीडीए का राग अलाप रहे अखिलेश क्या पसमांदा समाज से किसी को राज्यसभा भेज रहे हैं, क्या पसमांदा समाज के एहसान का बदला वह चुकाएंगे। पसमांदा यही सवाल कर रहा है।

उन्होंने कहा कि फिलहाल खटाखट पैसे खाते में आते नहीं दिख रहे हैं और न ही कांग्रेस की गारंटी ही दूर दूर तक पूरी होती दिखाई दे रही है।

# 14 तक करा लें आधार कार्ड में संशोधन, फिर लगेगा शुल्क

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



आधारकार्ड की सांकेतिक फोटो।

**अमृत विचार :** अगर आपने कई वर्षों से अपने आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है तो यह खबर आपके काम की है। आधार कार्ड को मुफ्त में अपडेट करवाने की आखिरी तारीख 14 जून है। इसके बाद आधार कार्ड में कुछ भी बदलाव कराने के लिए आपको 50 रुपये का शुल्क अदा करना पड़ेगा। डाक विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आधार कार्ड में जन्मतिथि गलत लिख गई है तो आप यूआईडीएआई के नियमानुसार केवल एक बार ही संशोधन करा सकते हैं। इसके लिए जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, अंकपत्र, कार्यदायी संस्था की ओर से दिया गया फोटोयुक्त पहचानपत्र में से कोई एक दस्तावेज लाना जरूरी है।

अब 14 जून के बाद आधार कार्ड में संशोधन कराने पर 50 रुपये का शुल्क देना होगा। डाक अधीक्षक घनश्याम कुमार के अनुसार आधार संशोधन में 14 जून के बाद निर्धारित शुल्क देना होगा।

# हैदरगढ़-लखनऊ रूट पर नियमित बस सेवा नहीं

**हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार:** हैदरगढ़ बस स्टेशन से वर्तमान समय में लखनऊ के लिए कैसरबाग डिपो की बस नियमित तौर पर संचालित नहीं हो रही है। कभी एक चक्कर तो कभी वह भी नहीं। जिससे लखनऊ जाने वाले यात्रियों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। बताया जाता है कि डिपो द्वारा इस रूट पर घाटा दिखाकर बसों का संचालन अन्य मार्गों पर किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि इस मार्ग पर जान-बूझकर बसों का संचालन नही किया जा रहा है। कैसरबाग बस डिपो पर जब संविदा चालकों द्वारा निश्चित स्थान पर बस खड़ी की जाती है तो वहां से हटवा दी जाती हैं। यही नहीं, कैसरबाग बस डिपो पर पहुंचने वाली सवारियों को चारबाग बस स्टेशन भेज दिया जाता है।

# बिना काम निकला जा रहा है मानदेय

**सार्वजनिक शौचालय के संचालन में की जा रही है मनमानी**

**सतरिख, बाराबंकी**




हरख ग्राम पंचायत का सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय। अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत ग्राम पंचायतों में बनवाए गए सामुदायिक शौचालयों का संचालन ठप है। इसके बावजूद तैनात महिला केयर टेकर को प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है।

हरख ब्लाक की 75 ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया था। आजीविका मिशन योजना के तहत एक महिला केयर टेकर की नियुक्ति भी की गई थी। जिसका मानेदय करीब 6 हजार रुपये प्रतिमाह दिया जा रहा है। अधिकांश सामुदायिक शौचालयों में ताला बंद है। नींदनपुर ग्राम पंचायत में मार्च 2022 में सामुदायिक शौचालय की नींव रखी गयी थी। करीब दो साल से अधिक बीत रहे हैं लेकिन इसका निर्माण अभी तक पूरा नहीं हो सका है। सिकंदरपुर में करीब 3 साल से सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय अधूरा पड़ा है।

> अगर सामुदायिक शौचालयों का संचालन बंद है। उसके बाद भी केयरटेकर को मानदेय मिल रहा है तो जांच के बाद शौचालय का संचालन भी कराया जाएगा और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –मोनिका पाठक, बीडीओ

## सार-संक्षेप

### हजरत बूढ़न शाह शहीद की मजार पर कव्वाली का आयोजन



कव्वाली गाते कलाकार। अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी : अमृत विचार :** सुढ़ियामऊ कस्बा स्थित हजरत बूढ़न शाह शहीद की मजार में उर्स के मौके पर शनिवार की रात्रि मेला मैदान में पहले दिन कव्वाली का आयोजन किया गया। उद्घाटन सूरतगंज पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशीष सिंह ने फीता काटकर किया। संचालन शुऐब अंसारी ने किया। कव्वाली का मुकाबला दिलशाद नियाजी कानपुर व कव्वाला नेहा सुल्तानी उन्नाव के बीच हुआ। इस मुकाबले की शुरूआत दोनों ने कसीदा पढ़कर की। इससे पूर्व कमेटी के लोगों ने मजार पर चादरपोशी की। इस मौके पर मेला संरक्षक इमरान प्रधान, मेला अध्यक्ष गुल्ले नेता, असलम, जमील व अन्य लोग मौजूद रहे।

### राजकीय वाहन चालक को दी विदाई



विदाई समारोह में मौजूद एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी के वाहन चालक के पद पर तैनात लवकेश कुमार सैनी के सेवानिवृत्त होने पर राजकीय वाहन चालक महासंघ जिला इकाई द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट के लोकसभागार में हुए समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारी को माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें सूटकेस, अंगवस्त्र, रामायण, घड़ी आदि दी गयी। इस मौके पर एडीएम डॉ. अरुण कुमार सिंह, डीएम के ओएसडी अविनाश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी गुरुसहाय निगम, नाजिर कलेक्ट्रेट मनीष शुक्ला, विकास भवन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुस्तफा खां, महासंघ के जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, जिला मंत्री फूल चंद्र, कोषाध्यक्ष रामनारायण वर्मा आदि मौजूद रहे।

### घर से नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी



चोरी की वारदात के बाद घर में बुखरा हुआ सामान

**माती, बाराबंकी : अमृत विचार :** डुबकीपुरवा के एक घर से चोरों ने शनिवार की रात नकदी समेत लाखों के जेवर पार कर दिये। वारदात की सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। देवा कोतवाली स्थित ग्राम डुबकी पुरवा में छत के जरिए कीढालाल यादव घर में चोर घुस गए। पीड़ित ने बताया कि फरवरी माह में बेटा विवेक व बेटी लक्ष्मी की शादी हुई थी। उसमें मिले आभूषण, दो अन्य बहुओं तथा पत्नी के जेवर सहित करीब सात लाख के आभूषण चोर चुरा ले गए हैं। भवन निर्माण सामग्री की उधारी चुकाने के लिए रखी साढ़े तीन लाख की नकदी व दूध कारोबार में लेनदारों को चुकाने वाला पैसा भी चोरी हुआ है। पीड़ित ने वारदात की तहरीर पुलिस को दी है।

### पीड़ित के खाते में वापस कराये 18 हजार रुपये

**बाराबंकी, अमृत विचार :** साइबर अपराधियों द्वारा पुलिस लाइन निवासी अशरफ की पत्नी के व्हाट्सएप पर 2 जून को साइबर अपराधियों ने कॉल करके यह बताया कि तुम्हारे भाई को एक लड़की के साथ दुष्कर्म करने के अपराध में एसटीएफ द्वारा पकड़ लिया गया है उसे बचाने के लिए 50 हजार देने होंगे। भाई को बचाने के लिए घबराकर अशरफ की पत्नी ने साइबर ठग द्वारा बताए गए खाते में यूपीआई फोन पे से 18 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। घर आने पर पति अशरफ को जब पता चला तो उन्होंने साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से साइबर ठगी की शिकायत की। साइबर थाने के निरीक्षक विजय कुमार सिरोही व उनकी टीम ने मामले में तेजी दिखाते हुए शनिवार को पीड़ित के खाते में 18 हजार रुपये वापस कराये।

# सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारा आयोजित

**रामसनेहीघाट/रामगर/हैदरगढ़, बाराबंकी**



सुमेरगंज स्थित श्री बूढ़े हनुमान मंदिर में आयोजित भण्डारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु।

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के शनिवार को विभिन्न स्थानों पर सुमेरगंज स्थित श्री बूढ़े हनुमान मंदिर मे भण्डारे का आयोजन धर्मेन्द्र कसौधन और राधेश्याम कसौधन द्वारा किया गया। इसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर विष्णु, बलराम शुक्ला सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वही चंदौली गांव स्थित ब्रह्मदेव के स्थान पर ग्रामीणों द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया। रामनगर के ग्राम पंचायत गणेशपुर स्थित ललिता मैया मंदिर पर सुंदरकांड पाठ के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। शनिवार को शास्त्री विमल कुमार मिश्रा द्वारा ललिता मैया मंदिर पर सुंदरकांड पाठ के समापन पर हवन करने के पश्चात भंडारा आयोजित किया गया। समाजसेवी अवधेश शुक्ला, कुलदीप गुप्ता, पुजारी राजू मिश्रा, चंद्रप्रकाश, विवेक त्रिवेदी, सोनू शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसी तरह हैदरगढ़ क्षेत्र में आदर्श अवस्थी सोनू द्वारा हैदरगढ़-बछरावां मार्ग पर स्थित मनोकामना हनुमान मंदिर पर प्रसाद का वितरण किया गया। सुल्तानपुर हाईवे पर स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर के निकट पंकज मिश्रा एवं संजू सिन्हा द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।

# 10 किलो गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**रामनगर, बाराबंकी: अमृत विचार :** पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 किलो गांजा एक कार, मोबाइल फोन एवं नगदी बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक रामनगर रत्नेश कुमार पांडेय ने महादेवा चौकी इंचार्ज संतोष कुमार त्रिपाठी हेड कांस्टेबल रामकुमार सिंह कांस्टेबल अरुण कुमार के साथ थाना रामनगर के ग्राम तपेसिपाह के पास से जीतू कश्यप पुत्र गनेश कश्यप निवासी जीत नगर शुगर मिल थाना कोतवाली नगर एवं संतोष कुमार पुत्र रामानंद निवासी जमादार पुरवा मजरे पड़रावा थाना कोठी जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 किलो अवैध गांजा, स्विफ्ट डिजायर कार, दो स्मार्ट मोबाइल फोन एवं 4365 रुपए नकद बरामद किये हैं।

# 26.28 लाख लाभार्थियों को करानी होगी ई-केवाईसी

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



राशन की दुकान की सांकेतिक फोटो।

**अमृत विचार :** मृतकों के नाम हटाने के लिए सभी राशनकार्ड धारकों को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य होगा। ई-केवाईसी नहीं कराने पर राशन कार्ड से नाम हटा दिया जाएगा। कार्डधारक राशन वितरण के अंतिम दो दिनों में अपने विक्रेता के यहां ई-केवाईसी करा लें।

इस माह के वितरण के दौरान कार्डधारकों को स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों को राशन की दुकानों पर ले जाकर पॉस मशीन में अंगूठा लगाना होगा। अगर परिवार का कोई सदस्य बाहर है तो वह वहीं पास के किसी भी कोटे की दुकान पर जाकर ई-केवाईसी करा सकता है। विभागीय जानकारी के अनुसार जो राशन कार्ड धारक ई-केवाईसी नहीं करवाते हैं, तो उनका कार्ड अस्थायी तौर पर ब्लॉक कर दिया जाएगा। वैसे जिले में राशन कार्डों की संख्या 6,39,107 है। जिन पर 26,28,909 लाभार्थी हर माह अनाज ले रहे हैं।

**योजना** जुलाई महीने से शुरू होगी प्रक्रिया, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बच्चों को देंगे टिप्स

# स्पोर्ट्स फॉर स्कूल से निखरेगी स्कूली खिलाड़ियों की प्रतिभा

**नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी**



स्कूल में हो रही खेल प्रतियोगिता। फाइल फोटो

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने स्पोर्ट्स फॉर स्कूल (एसएफएस) कार्यक्रम लागू किया है। इसके तहत जिले के माध्यमिक व परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को खेलकूद में बढ़ावा देने के लिये यह पहल शुरू की जाएगी। इसमें ऐसे छात्रों को चुना जाएगा जो खेलकूद में बेहतर होंगे। इनका सारा ब्योरा वेब पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

जुलाई महीने से इसकी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इन स्कूली बच्चों और उनके प्रशिक्षकों को खेल विभाग की तरफ से चुने गए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी टिप्स देंगे। जिले में 2625 परिषदीय विद्यालय और माध्यमिक शिक्षा परिषद के राजकीय, सहायताप्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड व प्राइवेट 360 विद्यालय हैं। छात्रों के के लिए अभ्यास की तैयारी की जा रही है। इसके लिये स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम शुरू किया गया है। कार्यक्रम के तहत परिषदीय स्कूलों और माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों का डाटा तैयार होगा। इस डाटा में खिलाड़ी बच्चों से जुड़ी हर जानकारी होगी। उनके प्रशिक्षक, स्पोर्ट्स किट, खेलकूद की सुविधा आदि से जुड़ी जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही उनको स्कूलों में मिलने वाली सुविधा, प्रशिक्षण, खेल का विवरण, प्रशिक्षक का नाम और मदद की जानकारी देना होगा।

### होंगी खेल प्रतियोगिताएं

ग्राम पंचायत के बाद न्याय पंचायत, ब्लाक, जिला स्तर, मण्डल स्तर और राज्य स्तर पर शिक्षा विभाग के साथ मिलकर खेल विभाग प्रतियोगिताएं कराएगा। इसमें विद्यालयी स्तर की टीमें हिस्सा लेंगी। खेल विभाग शारीरिक शिक्षकों को अपडेट करने के विभिन्न खेलों में दक्ष बनाएगा। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इन बच्चों और उनके प्रशिक्षकों टिप्स भी देंगे।

### वन स्कूल वन गेम

स्पोर्ट्स फॉर स्कूल का मुख्य लक्ष्य वन स्कूल वन गेम है। जिससे उस स्कूल की टीम विद्यालय, ब्लॉक, जिला और मंडल स्तर के साथ आगे भी प्रतिभा दिखा सके। इसके लिये बच्चों को खेल के संबंधित हर सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इसके तहत हर स्कूल एवं विद्यालय में खेल संस्कृति विकसित की जाएगी। इसमें खेल विभाग पूरा सहयोग करेगा।

> माध्यमिक शिक्षा परिषद के राजकीय, सहायता प्राप्त के साथ ही सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड, प्राइवेट और परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिये स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम शुरू करने का निर्देश शासन से मिला है। जुलाई से हर विद्यालय के खिलाड़ी बच्चों के नाम मंगवाये गए हैं। स्पोर्ट्स फॉर स्कूल कार्यक्रम के तहत बने पोर्टल पर इनके नाम अपलोड किये जाएंगे। बेसिक शिक्षा विभाग भी अपने स्कूलों के बच्चों का नाम अपलोड करवागा।
>
> –ओपी त्रिपाठी, डीआईओएस

## एक नजर

### 31 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र से पुलिस ने 31 अभियुक्तों के खिलाफ शांति भंग की आशंका को देखते हुए कार्यवाही की। जबकि 13 वारंटी व 12 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

### 10 लाख की मार्फीन के साथ एक गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत शनिवार को जैदपुर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र सफदरगंज के रजाई पुर निवासी ताज मोहम्मद पुत्र इब्राहिम को 100 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में दस लाख रुपए बताई जा रही है ।अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### हिस्ट्रीशीटर प्रधान ने घर में घुसकर मां-बेटी को पीटा

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार :** उमरीबेगमगंज थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव में एक ग्राम प्रधान की दबंगई सामने आई है। आरोप है कि ग्राम प्रधान आधी रात गांव की रहने वाली एक महिला के घर में घुस गया और उसे तथा उसकी बेटी को जमकर पीटा। पुलिस ने घायल मां बेटी का चिकित्सीय परीक्षण कराया है और मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई में जुटी है। ग्राम प्रधान थाने का हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है। मुकुंदपुर निवासिनी महिला कुसुम देवी का उसके पड़ोसियों से छत के पानी के निकास को लेकर विवाद शुरू हुआ और गाली गलौज के साथ ही विवाद बढ़ता गया। कहासुनी के बीच दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई।

# इमरजेंसी में ढूंढ़े नहीं मिलते चिकित्सक

## खोखले नजर आते हैं सीएचसी मथुरानगर में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के दावे

काशीनाथ दीक्षित, दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आमजन को निःशुल्क व बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के शासन व प्रशासन के दावे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथुरा नगर पर आते ही खोखले नजर आते हैं। सीएचसी मथुरा नगर की इमरजेंसी में इलाज कराना हो तो चिकित्सक को ढूंढना पड़ता है। इसकी वजह से इमरजेंसी केस आने पर मरीज को इलाज के लिये घंटों इंतजार करना पड़ता है। मरीज का भरोसा सरकारी अस्पतालों से उठता चला जा रहा है।

यहां की स्वास्थ्य सेवाएं राम भरोसे हैं। शुक्रवार की शाम करीब आठ बजे सीएचसी की स्वास्थ्य सेवाओं की पड़ताल की गयी तो स्वास्थ्य केंद्र अंधेरे में डूबा हुआ था। कारण पूछने के बाद इनवर्टर आन किया गया। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक शकील मौके पर मौजूद नहीं मिले।

फार्मासिस्ट अपूर्वा चतुर्वेदी ने बताया कि इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक कमरे पर हैं। शनिवार सुबह दस बजे का आलम यह था कि सीएचसी की इमरजेंसी में चिकित्सक मौजूद नहीं मिले।

दांत दर्द से परेशान एक महिला मरीज दंत चिकित्सक का इंतजार करती दिखाई पड़ी। दंत चिकित्सक ही नहीं, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी व सीएचसी अधीक्षक की कुर्सी भी खाली पड़ी थी। इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। एक्सरे कक्ष में ताला लटक रहा था। वहीं मरीज का इलाज चिकित्सक सलमान मलिक करते मिले। महिलाओं का इलाज भी सुचारु रूप से चल रहा था। महिला चिकित्सा समिधा पाण्डसेय अपने कक्ष में महिला मरीजों को देखते हुए मिलीं।


सीएचसी परिसर में उगीं झाड़ियां। अमृत विचार


खाली पड़ी दंत चिकित्सक की कुर्सी। अमृत विचार


सीएचसी परिसर के अंदर आराम फरमाते कुत्ते। अमृत विचार


सीएचसी में खुले में रखा जनरेटर। अमृत विचार


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथुरा नगर। अमृत विचार


खाली स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी की कुर्सी।

> सीएचसी की कमियों को लेकर मामला संज्ञान में लाया गया है। इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जो भी कमियां हैं उन्हें दुरुस्त किया जाएगा।
> –डा. अवधेश कुमार यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

### गंदगी की भरमार

सीएचसी परिसर के मुख्य द्वार पर तो अच्छी तरह से साफ सफाई दिख रही थी, लेकिन स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में गंदगी की भरमार थी। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में झाड़ियां का अंबार लगा है। बाथरूम के अंदर और बाहर गंदगी फैली हुई दिखी।

### पर्ची पर बाहर की लिखी जाती हैं दवाएं

चिकित्सकों द्वारा मरीज को पर्ची पर बाहर की दवाएं लिखी जाती हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर करीब आधा दर्जन से अधिक मेडिकल स्टोर चल रहे हैं। बाहर से दवाएं खरीदने के कारण मरीजों की जेब पर इसका अतिरिक्त भार पड़ता है। इससे मरीज परेशान हैं। इस संबंध में पूछने पर फार्मासिस्ट अपूर्वा चतुर्वेदी ने बताया कि अस्पताल की मेडिसिन लिस्ट में दो-चार दवाओं को छोड़कर सभी दवाएं मौजूद हैं।

# अपराधियों के विरुद्ध पैरवी तेज कर दिलाएं सजा: एसपी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले व प्रदेश के टॉप टेन अपराधियों के विरुद्ध न्यायालय में पैरवी में तेजी लाकर उन्हें शीघ्रता के साथ सजा दिलायें। ये बातें शनिवार को एसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइन के सभागार में जिले के सभी थानों के पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर मॉनिटरिंग सेल व माफिया सेल के साथ गोष्ठी में कहीं।

एसपी ने पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर से न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों में समय से गवाहों के लिए सम्मन व वारंट भेज कर हत्या, पाक्सो एक्ट महिला हिंसा, गोकशी, गोतस्करी, गैंगस्टर व मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में तेजी दिखाते हुए गवाहों को पेश करने व ज्यादा से ज्यादा मामलों में अपराधियों को सजा दिलाने के लिए निर्देशित किया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिर को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि पुलिस स्तर से न्यायालय में अपराधियों को सजा दिलाने के मामले में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।एसपी ने कहा कि मॉनिटरिंग सेल के पोर्टल पर फीड मुकदमों के आरोप पत्र न्यायालय में लगने के बाद गवाही करा कर सजा दिलाने में तेजी होनी चाहिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी सीएन सिन्हा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.अखिलेश नारायण सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### धूमधाम से निकाली गयी कलश यात्रा


कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**निंदूरा, बाराबंकी : अमृत विचार :** निंदूरा क्षेत्र के नवहाई कुटी पर श्री राम महायज्ञ को आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ के पहले दिन धूमधाम से शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं और बच्चें व पुरुषों ने बड़ी ही गर्म जोशी के साथ हिस्सा लिया। कलश यात्रा मंदिर परिसर में बने यज्ञशाला स्थल से प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा निंदूरा क्षेत्र के विभिन्न गांव से होकर निकली। कलश यात्रा में ढोल नगाड़े डीजे गाजे बाजे के साथ रंग गुलाल उड़ाते हुए कई गांव से लोग कलश यात्रा में शामिल हुए। सभी भक्तों को शरबत, पानी की व्यवस्था पीर नगर में शिवनंदन वर्मा द्वारा की गई। यह आयोजन अयोध्या धाम के हनुमानगढ़ के महंत बाबा प्रेमदास महाराज के संयोजक से किया जा रहा है। इस मौके पर महंत राणा दास, राजेश, राकेश, रमाकांत, रामस्वरूप, सुरेश समेत कई महंत मौजूद रहे।

### बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा आज, 1610 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**बाराबंकी : अमृत विचार :** आज होने वाली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। इसे लेकर जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने सम्बंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि बीएड प्रवेश परीक्षा पारदर्शी तरीके से पूरी तरह नकल विहीन हो इसमें किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो। सभी संबंधित अधिकारी इसे गंभीरता से लेंगे। लापरवाही पर कार्रवाई भी होगी। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा जिला समन्वयक एवं जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीताराम सिंह ने बताया कि इस परीक्षा में 1610 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिये जिले में जनेस्मा के साथ शहर के अजीमुद्दीन अशरफ़ इस्लामिया इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तथा राजकीय इंटर कॉलेज बरौली जाटा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जनेस्मा को परीक्षा का नोडल बनाया गया है। इन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा की निगरानी की जाएगी। साथ ही परीक्षा को नकल विहीन एवं पारदर्शिता से कराने के लिये प्रत्येक केन्द्र पर 2-2 ऑब्जर्वर की तैनाती भी की गई है और प्रत्येक दो परीक्षा केंद्र पर एक प्रतिनिधि भी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखेंगे। प्रत्येक सेंटर पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा दो पालियों में प्रथम पाली प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए आवश्यक सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं।

### 32 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहरीली शराब की बिक्री वह उसके निर्माण पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत शनिवार को कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस ने जनपद अयोध्या के थाना क्षेत्र रुदौली निवासी वसीक अहमद वह इंद्रजीत को गिरफ्तार कर लिया। दोनों अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 33 लीटर कच्ची शराब बरामद किया।

# कूड़े से मिट रहा तालाबों का अस्तित्व


कस्बा टिकैतगंज चिकवा टोला स्थित तालाब में पड़ा कूड़ा। अमृत विचार

संवाददाता, निंदूरा, बाराबंकी

**अमृत विचार।** पोखर और तालाब कभी हमारी पहचान हुआ करते थे। यह पशु और पक्षियों के लिए गर्मियों में पानी की व्यवस्था का बड़ा साधन हुआ करते थे। जल संरक्षण को लेकर यह पोखर और तालाब बड़ी भूमिका निभाते थे। लेकिन तालाबों में कूड़ा फेंकने वे ये अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। समय रहते जिम्मेदारों ने इस तरफ ध्यान न दिया तो बरसात के मौसम में इन तालाबों का कूड़ा, कचरा और गंदगी आसपास के घरों में पहुंच जाएगी। साथ ही क्षेत्र में महामारी जैसी समस्या फैल सकती है। बताते चलें कि सॉलिड लिक्विड बेस्ट मैनेजमेंट परियोजना के तहत ग्राम पंचायत में गांव को स्वच्छता के साथ जल संरक्षण प्रदान करने के लिए लाखों रुपए पानी की तरह खर्च किए गए। परियोजना का उद्देश्य था कि लोगों के घरों से निकलने वाले जल के प्रबंधन के साथ घरों से निकलने वाले पूरे व ठोस कचरे व्यवस्थित निस्तारण किया जा सके। इसके लिए स्थान चयनित आरसी केंद्र (कूड़ा केंद्र) बनाए गए। एक स्थान से दूसरे स्थान पर कूड़ा ले जाने के लिए लाखों रुपए खर्च कर गाड़ियां खरीदी गई। लेकिन निंदूरा की आधे से ज्यादा ग्राम पंचायत में इस योजना को धरातल पर नहीं उतर जा सका। आरआरसी केंद्र को बने 6 माह बीत जाने के बाद भी लोगों के घरों का ठोस अपशिष्ट तालाबों में फेंका जा रहा है।

**केस 1**

ग्राम पंचायत मोहसंड के कस्बा टिकैतगंज के खिरकिया में सड़क के दोनों तरफ तालाब कूड़े से पटे हैं। यहां स्थित शिव के प्राचीन मंदिर के पास बने तालाब में ठोस अपशिष्ट फेंका जा रहा है। चिकवा टोला के पास तालाब भी कूड़े के ढेर से पटे हुए हैं। हालांकि यहां घरों से निकले ठोस अपशिष्ट को डालने के लिए एक छोटी सी ट्राली खड़ी की गई है, जो कि दो दिन में भर जाती है। भरी हुई ट्राली को महीनों बाद उठया जाता है। मजबूर होकर स्थानीय लोग घरों के अपशिष्ट को तालाबों में फेंक देते हैं।

**केस 2**

ग्राम पंचायत बसारा के जुम्मन पुरवा से कस्बा टिकैतगंज को जोड़ने वाली सड़क के दोनो तरफ बने तालाब कूड़े से पटते जा रहे हैं। यहां पर भी ग्रामीणों के पास कूड़ा फेकने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

**केस 3**

कस्बा कुर्सी में थाने के पास स्थित तालाब, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास स्थित तालाब कूड़े से पटते जा रहे हैं। जो तालाब कुछ साल पहले काफी बड़े-बड़े हुआ करते थे। आज सिमट कर छोटे हो गये हैं। अधिकारी नहीं चेते तो आने वाले समय में तालाबों का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। हालांकि यहां पर कूड़ा उठाने वाली गाड़ी चलते दिखाई देती है।

**केस 4**

एसएलडब्ल्यूएम के तहत चिन्हित ग्राम पंचायतों मोहसंड, खिंझना, घुंघटेर, बहरौली, अनवारी और बिसई में लाखों की लागत से आरआरसी केंद्र (कूडा. निस्तारण केंद्र) बनाए गए। कूड़ा उठाने वाली गाड़ी खरीदी गईं। लेकिन छह महीने से अधिक का समय बीतने को है। आरआरसी केंद्र में बड़ी-बड़ी घास उग आई है। लाखों रुपए की लागत से बनाए गए केंद्र अनुपयोगी साबित हो रहे हैं।


मोहसंड का आरआरसी सेंटर।

> तालाबों और ग्राम पंचायतों की स्वच्छता को लेकर प्रधान और सचिवों को विकास खंड के माध्यम से पत्र भिजवाया जायेगा। जिला मुख्यालय से भी सभी विकास खंडों में विशेष अभियान चला कर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।
> –नितेश भोंडेले, डीपीआरओ

# गणेशपुर में हैंडपंप वर्षों से खराब, लोग परेशान


पूर्वी देवी मंदिर के पास लगा खराब हैंडपेप


शुक्ला मोहल्ला में इस हाल में है हैंडपंप।

**रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार:** विकास खंड के ग्राम पंचायत गणेशपुर में सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए सरकारी हैंडपंप अरसे से खराब पड़े हैं। हैंडपंपों को ठीक न कराए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। गांव के पूर्वी माता मंदिर के स्थान व कंपोजिट विद्यालय डायट परिसर में तथा शुक्ला मोहल्ला में लगे हैंडपंप वर्षों से खराब पड़े हैं। ग्राम प्रधान व सम्बंधित विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे है। ग्रामीण दुर्गेश, मुन्ना, मनोज आदि का कहना है कि इसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है। बीडीओ प्रीति वर्मा से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

### आमने-सामने भिड़ीं बाइकें, पांच घायल

**परसपुर, अमृत विचार :** परसपुर बेलसर सीबीएन मार्ग पर शुक्रवार की देर रात करीब 10 बजे डेहरास चौराहे के समीप दो बाइकों में आमने सामने की भिड़ंत हो गयी। इस हादसे में बाइक सवार पांच लोग घायल हो गए। परसपुर के भौरीगंज निवासी अबूद अली (35) शुक्रवार की देर रात बेलसर की तरफ से अपने गांव लौट रहा था। उसके साथ गांव का ही भुर्रे (12) भी था। डेहरास चौराहे के निकट नकी बाइक को विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने ठोकर मार दी। हादसे में अबूद अली व भुर्रे तथा मरचौर निवासी साबिर पुत्र साहब अली (20) राज पुत्र वकील (18) व साहिल पुत्र कुदरत अली (19) गंभीर रूप से घायल हो गए।

### कृत्रिम गर्भाधान से पैदा होगी बछिया

**बाराबंकी, अमृत विचार:** छुट्टा पशुओं की दिक्कत दूर करने के लिए सरकार अब सेक्स सॉर्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान कराने पर जोर दे रही है। इससे सिर्फ बछिया पैदा होती हैं। बीते एक साल में जिले में 22,450 गायों के गर्भाधान का लक्ष्य था। जिसे पूरा करने का दावा पशुपालन विभाग द्वारा किया जा रहा है। छुट्टा पशुओं में सर्वाधिक सांड़ हैं। इससे समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार अधिक से अधिक बछिया पैदा करवाने पर जोर दे रही है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अतुल कुमार अवस्थी ने बताया कि सेक्स सॉर्टेड सीमन की कीमत 300 रुपये है, लेकिन सरकार इसे पशुपालकों को 100 रुपये में उपलब्ध करा रही है।

# गोंडा निवासी युवक का तालाब में मिला शव

टिकैतनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कोतवाली टिकैतनगर अंतर्गत सरयू नदी के पार स्थित असवा लिलार मांझा गांव में शनिवार सुबह तालाब में एक युवक का शव उतराता हुआ ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीण कयास लगा रहे है कि तालाब में डूबने से युवक की मौत हुई है। भाई की सूचना पर टिकैतनगर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।

जनपद गोंडा के थाना परसपुर अंतर्गत ग्राम चंदापुर किटोली निवासी अनन्तलाल निषाद पुत्र स्व. झोलई निषाद ने पुलिस को बताया कि उनका भाई अमरजीत (25) जिसमा मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। वह इधर उधर आसपास के गाँवों में घूमता रहता था। शनिवार सुबह थाना टिकैतनगर अंतर्गत ग्राम असवा लिलार मांझा से ग्रामीणों ने उसे फोन करके उसके भाई के तालाब में डूबने की सूचना दी। जब वह अपने परिजनों के साथ घर से करीब तीन किलोमीटर दूर स्थित ग्राम असवा लिलार के सरयू नदी किनारे स्थित गोसाई बाबा तालाब पर पहुँचा तो देखा कि उसके भाई अमरजीत का शव तालाब में उतरा रहा था। उसने टिकैतनगर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को तालाब से बाहर निकलवाया।

### दिल्ली पहुंचे सांसद



बाराबंकी लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर कांग्रेस के तनुज पुनिया सांसद बने हैं। तनुज पुनिया ने संसद भवन में पंजीयन कराया। शनिवार को नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए। अमृत विचार

**बरतें सावधानी** — अस्पतालों की ओपीडी में रोजाना बढ़ रही रोगियों की संख्या

# फास्ट फूड बढ़ा रहा पेट दर्द और डायरिया के मरीज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गर्मी में फास्ट फूड लोगों को बीमार कर रहा है। इसे खाने से जहां लोग पेट दर्द से परेशान हो रहे हैं तो वहीं डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। मोटापा समेत अन्य परेशानियां भी बढ़ रही हैं। जिला चिकित्सालय व अन्य अस्पतालों की ओपीडी में डायरिया व गलत खानपान से हुई अन्य परेशानियों से जूझ रहे मरीजों संख्या बढ़ी है। चिकित्सक मरीजों को फास्ट फूड व बाहर का खाना न खाने की सलाह दे रहे हैं।

चिकित्सकों का कहना है कि लोगों में जंक फूड, पिज्जा, बर्गर, चाउमीन, चिप्स और साफ्ट ड्रिंक्स की आदत तेजी से बढ़ रही है। जंक फूड को स्वादिष्ट बनाने के लिये दुकानदारों द्वारा तरह तरह के मसालों, केमिकल्स और ऑयल का इस्तेमाल होता है। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुशवाहा ने बताया कि मरीजों को जंक फूड का सेवन न करने और गर्मी में सॉफ्ट ड्रिंक के बजाए नींबू पानी, छाछ, दही, आम पना, शिकंजी, बेल का शर्बत, खरबूजा और खीरा समेत अन्य चीजों का प्रयोग करने की सलाह दी है।


शहर के छाया चौराहे के पास लगे फास्टफूड के ठेले। अमृत विचार

### जंक फूड खाने के नुकसान

चिकित्सक नीरज त्रिपाठी के मुताबिक जंक फूड या फास्ट फूड एक ऐसा खाद्य पदार्थ है, जो बहुत ही तैलीय और उच्च कैलोरी वाला होता है। इसमें पोषक तत्वों की मात्रा बहुत कम होती है। इसमें अधिक मात्रा में शुगर, सॉल्ट, संतृप्त वसा और उच्च कैलोरी पाई जाती है। जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह होता है।

> गर्मियों में फास्ट फूड व बासी खाना खाने से फूड प्वाइजनिंग का खतरा बढ़ जाता है। इससे पेट दर्द और डायरिया की आशंका रहती है। ओपीडी में डायरिया और पेट दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ी है। लोगों को फास्ट फूड समेत बाहर के खाने से भी बचना चाहिये।
> –डॉ. राजेश कुशवाहा, चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल

# चौपाल में बताई डाक विभाग की योजनाएं

संवाददाता, दुबहा बाजार

**अमृत विचार:** डाक विभाग की समस्त योजनाओं की जानकारी आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार को ग्राम भगहरिया पूरे मितई में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में डाकघर में बचत खाता खुलवाने एवं जीवन बीमा योजना सहित तमाम योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और लोगो को इसका लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया।

निरीक्षक डाकघर कर्नलगंज शत्रोहन वर्मा ने बताया कि आज के समय में बहुत सारी कंपनियां जीवन बीमा कर रही हैं लेकिन सबसे विश्वसनीय डाक विभाग ही है जो हर घर तक सुविधा पहुंचाती है। हर गांव में डाकघर बना हुआ है। लोगों को ये भी बताया कि अगर डाकिया डाक लेकर आपके घर पर समय से नही पहुंचता या फोन करके कहीं बुलाता है तो तत्काल शिकायत करें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान भगहरिया पूरे मितई विक्की सिंह, डाक सर्वेक्षक प्रतीक मणि तिवारी, पोस्टमास्टर दुबहा बाज़ार राजकुमार अवस्थी, पोस्टमास्टर कटुआनाला राममूरति तिवारी, लखनेश पाठक, दीनानाथ तिवारी, लल्लू तिवारी, हरीश सिंह, विपुल तिवारी, संतोष शुक्ला, व कटरा बाजार क्षेत्र के सभी पोस्टमास्टर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


बैठक में डाक विभाग की योजनाओं की जानकारी देते निरीक्षक। अमृत विचार

**आज का मौसम**

औसत तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना।

| 42.0° | 26.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

# परेशानी: 50 हजार की आबादी ने झेला 12 घंटे की कटौती का दर्द

## चौक व नियावां में हर दो-दो मिनट पर बिजली ट्रिपिंग से हाहाकार, जलापूर्ति भी रही बाधित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में लड़खड़ाई बिजली आपूर्ति व्यवस्था अभी तक नहीं संभल पाई है। मई के पूरे 31 दिनों के दौरान जहां लोगों को 12 दिन भी सुचारू रूप से आपूर्ति नहीं मिल पाई वहीं जून में अब तक सात दिन में 32 बार कटौती का दंश लोगों को झेलना पड़ रहा है। शुक्रवार रात तो बिजली कटौती का रिकॉर्ड ही टूट गया। नियावां और चौक क्षेत्र के पचास हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने 12 घंटे से अधिक की अभूतपूर्व बिजली कटौती का दर्द और दंश झेला। हालत यह है कि दोनों उप केन्द्रों द्वारा ट्रिपिंग का भी रिकार्ड बनता जा रहा है। हर दो मिनट पर दस-दस मिनट की बिजली ट्रिपिंग से हाहाकार सा मचा हुआ है।

भीषण गर्मी में न जिले की और न ही नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति में सुधार हो रहा है। खासकर शहरी क्षेत्र में ट्रिपिंग की यह हालत है कि लोगों को रोजमर्रा के काम के लिए दिक्कत उठानी पड़ रही है। घरों में विघुत उपकरण ठीक से नहीं चल रहे हैं तो जलापूर्ति का संकट भी झेलना पड़ रहा है। खास कर नगर के सबसे बड़े विघुत उप केन्द्र चौक से बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। पहले से ओवरलोड चल रहे इस उपकेन्द्र की यह हालत है कि हर दो मिनट पर हैदरगंज, अंगूरीबाग रोड, आवास विकास, राठहवेली और ठठहरिया इलाके का फीडर आउट हो जा रहा है। शुक्रवार रात इन इलाकों में दस बजे तक सामान्य आपूर्ति रही, लेकिन साढ़े दस बजे से ट्रिपिंग और कटौती का सिलसिला शुरू हुआ तो शनिवार को आठ बजे सुबह कुछ हालात सुधरे। चौक से जुड़े करीब 37 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को पूरी रात करवट बदल-बदल कर और टहल टहल कर गुजारनी पड़ी। बताया गया कि चौक सब स्टेशन के इनकमिंग फीडर में तकनीकी खराबी के कारण हर दो मिनट पर ट्रिपिंग होती रही। लोगों के घरों में न एसी चल पाए और न ही कूलर आदि। रात दो बजे आपूर्ति बहाल हुई तो सुबह आठ बजे तक आवाजाही जारी रही। तेलीटोला के मोहम्मद जावेद ने बताया कि सारी रात बिजली आती जाती रही और सुबह जलापूर्ति भी नहीं हुई। उन्होंने बताया कि हसनू कटरा का जल निगम का पंप भी ट्रिपिंग के कारण बंद रहा। तरंग रोड के राजीव विश्वकर्मा ने बताया कि बिजली आपूर्ति की बेहद बुरी स्थिति है। बीते एक सप्ताह से सुचारू बिजली आपूर्ति क्षेत्र में नहीं हो पाई है। शुक्रवार रात तो नर्क जैसी गुजरी। उन्होंने बताया कि शिकायत के लिए काल करो तो सब स्टेशन का फोन बिजी हो जाता है। प्रभावित इलाकों में सर्वाधिक संकट राठ हवेली और अंगूरीबाग रोड के लोगों को झेलना पड़ रहा है। शनिवार सुबह भी नौ से 11 बजे तक भी कटौती कई बार हुई। चौक सब स्टेशन फोन करो तो बताया जाता है कि गर्मी है ओवरलोड के कारण ट्रिपिंग हो रहीं हैं, जबकि अधिशासी अभियंता ने गर्मी से पहले बिजली उप केन्द्रों के अनुरक्षण कार्य के लिए अभियान तक चलाया और सभी का अनुरक्षण भी कराया गया। इसके बाद भी फीडर और ट्रांसफार्मर दगा दे रहे हैं जो अनुरक्षण पर बड़ा सवाल हैं।



चौक विद्युत उपकेंद्र में लगा फीडर। अमृत विचार

### कौशलपुरी उपकेंद्र से तीन घंटे में सात बार ट्रिपिंग

कौशलपुरी उपकेंद्र से भी ट्रिपिंग का सिलसिला जारी है। शुक्रवार की रात दस बजे के बाद बैंक कॉलोनी में तीन घंटे के अंदर सात बार ट्रिपिंग हुई। इस कारण लोगों के घरों का एसी ठीक से नहीं चल पा रहा था।

> भीषण गर्मी में बिजली का लोड बढ़ा है। व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने का कार्य किया जा रहा है। कोशिश यह है कि सभी क्षेत्रों में 24 घंटे आपूर्ति दी जाए। – **प्रदीप वर्मा, अधिशाषी अभियंता, विद्युत वितरण खंड प्रथम**

### नियावां विद्युत उप केन्द्र की हालत खराब, ट्रिपिंग टॉप पर

विद्युत उपकेंद्र नियावां की सप्लाई व्यवस्था ठीक नहीं है। यहां भी अब प्रतिदिन विद्युत कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। ककरही बाजार, मोची टोला, हसनू कटरा के अलावा अन्य मोहल्ले में विद्युत सप्लाई न मिलने से हाहाकार मचा हुआ है। कई लोगों के घरों में बुजुर्ग लोग हैं। हर घंटे पर विद्युत कटौती से यहां भी संकट गहरा गया है। इसके बाद भी विद्युत विभाग ध्यान नही दे रहा है। निहाल सिंह पुरा, तेली टोला निवासी सुबह से पानी के लिए तरस रहे हैं। बिजली विभाग की लापरवाही सुबह से अधिकारियों के संज्ञान में होने के बावजूद भी दोपहर तक नहीं ठीक हो पाई।

## एक नजर

### सीएम योगी का जन्मोत्सव समारोह 11 को

**अयोध्या। अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ की ओर से गोरक्ष पीठाधीश्वर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मोत्सव सप्ताह मनाया जा रहा है। चार जून से शुरू जन्मोत्सव सप्ताह का समापन 12 जून को होगा। अयोध्या इकाई के जिला अध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने शनिवार को बताया कि 11 जून को जन्मोत्सव सप्ताह के तहत साकेत महाविद्यालय के राजा जगदंबिका प्रताप नारायण सभागार में समारोह का आयोजन होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति और मातृ शक्ति की प्रदेश महामंत्री रेखा मौजूद रहेंगी।

### हरे पेड़ काटने पर दो के विरुद्ध केस

**रुदौली, अयोध्या।** कोतवाली रुदौली के ग्राम कुढ़ा सादात में हरे आम के पेड़ काटने वाले दो लोगों पर केस दर्ज किया गया है। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात फिरोजपुर में चोरी से हरे आम के पेड़ सूचना मिली थी। छापे के दौरान एक ट्राली पर छह हरे आम के मोटे बोटे और ट्रैक्टर ट्रॉली मिली। मौके से एक लकड़ी काटने वाली मशीन भी मिली है। ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज कर लकड़ी के ठेकेदार अमरेश कुमार निवासी फिरोजपुर पावरान कोतवाली रुदौली और भेलसर गांव निवासी जब्बार के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।





## रामपथ पर स्टंट करते रिक्शा चालक का वीडियो वायरल



**अयोध्या। अमृत विचार :** रामपथ पर रिक्शे के साथ स्टंट करते हुए चालक का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे हर कोई शेयर कर रहा है। वायरल यह वीडियो शुक्रवार देर रात का है। रिक्शा चालक तेज रफ्तार में रिक्शा चलाते हुए एक पहिए को ऊपर उठा ले रहा है, जिसे देख कुछ लोगों ने पीछे से वीडियो बनाया। हालांकि रामपथ पर किसी भी प्रकार का स्टंट प्रतिबंध है। अयोध्या कोतवाली निरीक्षक मनोज कुमार बताते हैं कि स्टंट करना सही नहीं है। पकड़े जाने पर दंडित किया जाएगा।

# शुभम हत्याकांड : एक और आरोपी गिरफ्तार, 25 हजार का था इनाम

अयोध्या कार्यालय

**अन्य आरोपियों की जा रही है तलाश**

**अमृत विचार :** लखनऊ एसटीएफ ने तारुन थाना क्षेत्र के ऐमीघाट पुल के पास हुई सुल्तानपुर जनपद निवासी युवक शुभम यादव के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि इसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

पूर्व में एसटीएफ की टीम ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर वारदात का पर्दाफाश किया था। एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक धर्मेष कुमार शाही का कहना है कि शनिवार की शाम लगभग 4.15 बजे तारुन थाना क्षेत्र के पिपरी तिराहा से 25 हजार के एक फरार आरोपी आदित्य प्रताप सिंह उर्फ विक्की निवासी ग्राम रौधरी थाना हैदरगंज को गिरफ्तार किया है। आरोपी का कहना है कि 6 माह पूर्व विवाद के चलते शुभम यादव ने रणवीर सिंह के पैर में गोली मार दी थी। सीओ बीकापुर सुरेन्द्र सिंह का कहना है कि अन्य की तलाश कराई जा रही है।

# नृत्यगोपाल दास के जन्मोत्सव में लगेगा संतों व कई राज्यों के सीएम का जमावड़ा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के 10 दिवसीय जन्मोत्सव में कई राज्यों के मुख्यमंत्री के अलावा संत-धर्माचार्यों का अयोध्या में जमावड़ा लगेगा। मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने बताया कि 12 से 21 जून तक जन्मोत्सव का कार्यक्रम चलेगा। इन 10 दिनों के बीच श्री रामचरितमानस का अष्टोत्तर शतपाठ, श्रीराम महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा और फूल बंगले की झांकी सजाई जाएगी, जिसमें शामिल होने के लिए पूरे देश के संतों को भी हमने आमंत्रित किया है। कार्यक्रम के अंतिम दिन देश अलग-अलग हिस्सों से आये साधु-संतों के साथ चिंतन करेंगे। सामाजिक समरसता के विषय में वार्ता की जाएगी। कहा कि हमारा मुख्य विषय राष्ट्र है।



पत्रकारों से बात करते महंत कमल नयन दास व शरद शर्मा।

21 जून को आयोजित होने वाले संत सम्मेलन में अयोध्या सीट पर हार पर भी मंथन किया जा सकता है। हालांकि अयोध्या को लेकर हो रही तरह-तरह की आलोचना के विषय में महंत कमलनयन दास ने बताया कि ज्ञान के अभाव में लोग ऐसा बोल रहे हैं। उनको बताना चाहूंगा कि अयोध्या के संतों ने भाजपा को वोट दिया है। अयोध्या से भाजपा जीती हुई है। अयोध्या की भोली-भाली जनता को बरगलाया गया। उनको लालच दिया गया है। उनको आरक्षण के नाम पर डराया गया है। सम्मेलन के माध्यम से लोगों से अपील की जाएगी। किसी के बहकावे में ना आएं। हम लोग अयोध्या विधानसभा से जीते हुए हैं। इस तरह से टिप्पणी करना सही नहीं है। उन्होंने कहा की जरूरत पड़ी तो साधु-संत गांव-गांव और घर-घर बताने के लिए जाएंगे।

### सीएम योगी समेत आरएसएस के पदाधिकारी होंगे शामिल

देशभर से लगभग 500 से अधिक जगद्गुरु, पीठाधीश्वर, धर्माचार्य, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साई समेत संघ और विश्व हिंदू परिषद के बड़े पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

# दो की हुई मौत, किशोर समेत दो लोग हुए भर्ती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई घटनाओं में जिला अस्पातल लाए जाने के बाद डॉक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक किशोर समेत दो को भर्ती किया है।

शहर के कैंट थाना क्षेत्र स्थित बेगमगंज मोहल्ले के सीमेंट कोठी निवासी युवक सारस्वत तिवारी (28) पुत्र स्व. चिंतामणि तिवारी शनिवार को अपने घर में ही फंदे से लटका मिला। शुक्रवार की देर रात इसी थाना क्षेत्र के मऊ शिवाला पलिया निवासी विकास निषाद अपने पिता सुरेश निषाद (40) पुत्र स्व. टिड्डी निषाद को गंभीर हाल में लेकर जिला अस्पातल पहुंचे तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, इनायतनगर थाना क्षेत्र के गोठवारा निवासी करमचंद ने शनिवार को अपने बेटे रौनक (16) को जिला अस्पताल पहुंचाया है। किशोर ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था। सुबह 6.30 बजे रौनाही थाना क्षेत्र के लाला का पुरवा भिटौरा निवासी किसान राजेंद्र कुमार (56) पुत्र लालता प्रसाद को गंभीर हाल में भर्ती कराया गया है। बेटे अखिलेश ने बताया कि पिता राजेंद्र कुमार सुबह गांव के बाहर शौच के लिए गए थे, जहां कुत्तों ने हमला कर दिया। कुत्तों ने कई जगह से उनका मांस नोंच लिया है।

# रामलला व बीजेपी का संबंध वोट से नहीं : डॉ. हिमंत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में जीत के बाद असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा भाजपा के 11 नवनिर्वाचित सांसदों के साथ शनिवार को रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचे। इस दौरान कई विधायक भी उनके साथ थे।

दर्शन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा ने लोकसभा चुनाव में अयोध्या सीट हार के बाद सोशल मीडिया पर ट्रोल को लेकर कहा यह सही नहीं है। लोग यह ना समझें रामलला और बीजेपी का संबंध वोट से हैं। उन्होंने कहा कि हमें पांच साल नहीं, 50 साल लंबी सरकार चलानी है। जीतने हारने का काम चुनाव से पहले सोचना चाहिए। चुनाव के बाद यह वार्ता ही नहीं करना चाहिए। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रदेश के मंत्री सतीश शर्मा, मेयर गिरीश पति त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया। इसके सभी हनुमानगढ़ी पहुंचे। इसके बाद रामलला का भी आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शपथ लेंगे और नए युग का निर्माण होगा। उससे पहले हमने हनुमान जी और रामलला से आशीर्वाद मांगा है। पांच साल में भारत का वैभव और बढ़े। हम विश्वगुरु बनें। शपथ ग्रहण में रामलला का आशीर्वाद लेकर जाएंगे। तीन बार देश में प्रधानमंत्री बनने का बहुत बड़ा सम्मान मोदी को मिला है। इसके पहले नेहरू थे। सीएम के साथ उनके पुत्र नंदिल बिस्वा शर्मा और राज्यसभा सदस्य पवित्र मार्गरिट, नवजीत पतगिरी, विधायक मानव डेका, विधायक तरंग गोगोई, विधायक रूपेश ग्वाला, विधायक, पूर्व सांसद पल्लव लोचन दस, सांसद दिलीप शाकिया भी शामिल रहे।



रामलला के दर्शन के बाद असम के सीएम डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा, प्रदेश के मंत्री सतीश शर्मा, ट्रस्ट महासचिव चंपत राय।

**नवनिर्वाचित सांसदों के साथ रामलला का दर्शन करने पहुंचे असम के मुख्यमंत्री**

### एक लाख लोगों को दर्शन कराएगी असम सरकार

सीएम डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा ने बताया कि अतिथि भवन बनाए जाने को लेकर वार्ता चल रही है। इस वर्ष असम के एक लाख लोग रामलला का दर्शन करने के लिए सरकारी खर्च पर आएंगे।

# जिले में बिना मान्यता के संचालित हो रहे 134 मदरसे

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में करीब 134 मदरसे बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं। इन मदरसों में दीनी शिक्षा के साथ ही आधुनिक शिक्षा दी जाती है। मदरसा संचालक मान्यता के लिए कई वर्षों से विभाग का चक्कर काट रहे हैं। लेकिन शासन की तरफ से मान्यता पर रोक लगाने के चलते उन्हें मान्यता नहीं मिल पा रही है।

जिले में करीब 20 एडेड व 387 मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित हो रहे हैं। वहीं करीब 132 ऐसे मदरसे हैं जो विभाग से बगैर मान्यता लिये ही धड़ल्ले से संचालित हैं। इन विद्यालयों में दीनी तालिम से लेकर हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान व कम्प्यूटर विषय की शिक्षा दी जाती है। ये मदरसे काफी अरसे से बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं। इसे लेकर संचालकों का कहना है कि कई बार आवेदन किया गया लेकिन अभी तक मान्यता नहीं मिली है। यह पूछे जाने पर बिना मान्यता के कैसे संचालित कर रहे हैं तो उनका कहना था कि आवेदक लंबित है इसलिए पढ़ाया जा रहा है। यदि आवेदन निरस्त कर दिया जाता तो नही संचालन होता। वहीं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि सभी आवेदनों का परीक्षण चल रहा है। मदरसा बोर्ड से नई मान्यता रोकी गई है इसलिए लंबित हैं। मदरसा संचालन पर कोई जवाब नहीं दिया।

# गुप्तार घाट पर ताजी होगी श्रीराम से जुड़े प्रसंगों की याद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अब अयोध्या दर्शन करने आने वालों को गुप्तार घाट पर भगवान राम से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को देखने व समझने का मौका मिलेगा। यह सब साकार होगा गुप्तार घाट पर बनाए जा रहे मेमोरियल पार्क से। पर्यटन विभाग गुप्तार घाट पर मेमोरियल पार्क का निर्माण करा रहा है। दीपोत्सव तक इसके पूरा होने की संभावना है।

मेमोरियल पार्क का निर्माण करा रही कार्यदाई संस्था के अवर अभियंता एपी सिंह ने बताया कि मेमोरियल पार्क का निर्माण कार्य जुलाई 2023 में शुरू हुआ था। इसके निर्माण पर 16 करोड़ 57 लाख रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। इसमे स्टैच्यू लगाए जा रहे हैं जिन पर रामायण काल के प्रसंगों को दर्शाया जा रहा है। दीवारों पर श्रीराम से जुड़े प्रसंग दर्शाए जाएंगे। रामायण से जुड़े पात्रों की मूर्तियां लगाई जाएंगी। वहां टिकट काउंटर बनाया जाएगा। मेमोरियल पार्क लगभग 1500 वर्ग मीटर मे बनाया जा रहा है। एक टॉयलेट ब्लाक भी बनाया जा रहा है। इसमें अभी उद्यान से संबंधित कार्य होना है जो बरसात मे ही पूरा हो पाएगा। इसको इतना आकर्षक बनाया जा रहा है कि यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों को रामायण काल की याद ताजा हो जाए। आने वाले पर्यटकों के लिए फूड कोर्ट होगा। पार्क में फूल पौधे भी लगाए जाएंगे।



गुप्तारघार पर निर्माणाधीन मेमोरियल पार्क। अमृत विचार

**पर्यटन विभाग बनवा रहा ऐसा आकर्षक मेमोरियल पार्क, 16.57 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा पार्क**

# बीएड प्रवेश परीक्षा आज एक घंटे पहले पहुंचें केंद्र पर

अयोध्या कार्यालय

**जिले के नौ केंद्रों पर परीक्षा देंगे 4454 अभ्यर्थी**

**अमृत विचार:** बीएड प्रवेश परीक्षा-2024 रविवार को दो पालियों में जनपद के नौ केंद्रों पर आयोजित होगी। जिसके लिए 4454 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किया गया है। परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता तथा शांति व्यवस्था के लिए पुलिस-प्रशासन ने मजिस्ट्रेट की तैनाती की है।

संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को विश्विद्यालय क्षेत्र में जिम्मा दिया गया है तथा प्रो. फारुख को नोडल समन्वयक बनाया गया है। वहीं पुलिस-प्रशासन की ओर से एडीएम और एसपी सिटी को जिम्मा सौंपा गया है। प्रवेश परीक्षा दो पालियों में प्रातः 9 से 12 बजे व द्वितीय पाली में दो बजे से सायं 05 बजे के बीच विश्वविद्यालय मुख्य परिसर, आईईटी परिसर एवं कासु साकेत पीजी कालेज में तीन-तीन अर्थात कुल 9 केंद्रों पर संपन्न होनी है। जिसके लिए कुल 18 पर्यवेक्षक, सभी 9 केन्द्रों पर एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट, दो परीक्षा केंद्रों पर एक केन्द्र प्रतिनिधि एवं तीन-तीन केन्द्रों के हिसाब से कुल तीन सचल दल तैनात किया गया है। एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

## सार-संक्षेप

### सीएम योगी आदित्यनाथ की भ्रामक तस्वीर वायरल

**अयोध्या। अमृत विचार :** मिल्कीपुर में सीएम योगी आदित्यनाथ की आपत्तिजनक तस्वीर वायरल हो रही है। यह तस्वीर मनीष यादव नाम के यूजर ने फेसबुक स्टेटस पर लगाई है। तस्वीर सामने आने के बाद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को इस तरह का पोस्ट नहीं करनी चाहिए। चुनाव में जीत हार तो लगी रहती है। ऐसे व्यक्तियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अयोध्या राघवेंद्र सिंह विक्की का कहना है कि सोशल मीडिया पर योगी की फोटो वायरल की जा रही है। ऐसे लोगों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। कुमारगंज थाना प्रभारी विवेक सिंह को फोटो भेज कर मामले से अवगत करा दिया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### एमपीए की छात्रा अक्षिता को 2.40 लाख की मिली छात्रवृत्ति



अवध विवि में मेधावी छात्रा को सम्मानित करतीं कुलपति।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (एमपीए) की अंतिम सेमेस्टर की छात्रा अक्षिता शुक्ला को सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से पुरस्कार के रूप दो लाख चालीस हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। संत 'मीरा बाई' की जयंती के अवसर पर भारत सरकार की ओर संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें पद्म भूषण पंडित चेतन जोशी, श्रीमती छाया जोशी और विदुषी प्रीति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में 5 दिनों के प्रशिक्षण के उपरांत छठे दिन सांस्कृतिक मंत्री, निदेशक सीसीआरटी की उपस्थिति में छात्रा को पुरस्कार स्वरूप छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस संगीत कार्यक्रम में देश के 75000 से अधिक छात्रों का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें 24 छात्रों के चयन उपरांत 4 छात्रों का चयन गायन संगीत के लिए किया गया। इन चार में विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की छात्रा अक्षिता शुक्ला भी चुनी गई। छात्रा की उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल ने कौटिल्य प्रशासनिक भवन में छात्रा अक्षिता शुक्ला को सम्मानित किया।

### चौड़ीकरण से पहले कराएं सीवर का कार्य

**अयोध्या। अमृत विचार :** नगर निगम के वार्ड संख्या–37 कल्याण सिह वार्ड के पार्षद सूर्य कुमार तिवारी (सूर्या) की मांग को लेकर नगर निगम के अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह ने लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता को पत्र लिखा है। कहा गया है कि प्रान्तीय खण्ड द्वारा प्रयागराज रोड अंडर बाईपास से चौक तक रोड चौड़ीकरण, नाला डक्ट का कार्य प्रिया कान्सट्रक्शन के माध्यम से कराया जा रहा है, लेकिन कार्य में सीवर लाइन का कोई प्रावधान नहीं है। कार्य पूर्ण होने के उपरान्त सीवर का कार्य कराने से नवनिर्मित सड़क को पुन : तोड़ना पड़ेगा, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग होगा तथा क्षेत्रीय नागरिकों को कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ेगा। इस पर गंभीरता से विचार कर कार्रवाई की जाए।

**चर्चा में नेता**

**मुख्यालय पर फौजदारी के वकील थे दोनों सांसद, राजनीति में आने के बाद छोड़ दी वकालत**

# कानून पर भी थी अवधेश प्रसाद व आरके चौधरी की अच्छी पकड़

रवि प्रकाश पाठक, अयोध्या

**अमृत विचार :** राजनीति के फलक पर चमके अवधेश प्रसाद और आरके चौधरी जिले के अच्छे कानूनविद भी थे। आरके चौधरी ने स्वास्थ्य विभाग में नौकरी में रहते हुए रात्रि कालीन क्लास लेकर एलएलबी की परीक्षा पास की थी। जिले के दोनों सांसद फैजाबाद मुख्यालय पर फौजदारी की वकालत करते थे।

पूर्व में सोहावल विधानसभा के गांव टोनिया बिहारीपुर के रहने वाले आरके चौधरी पहले स्वास्थ्य विभाग में सुपरवाइजर थे। नौकरी में रहते हुए ही उन्होंने रात्रि कालीन क्लास लेकर एलएलबी की परीक्षा पास की। विभाग से अनुमति न लेने के कारण इसी बात पर तत्कालीन डिप्टी सीएमओ से कहा सुनी हुई और नौकरी छोड़ वकालत की शुरुआत फौजदारी के नामचीन अधिवक्ता वसी खान के सान्निध्य में 1979 में किया। कुछ दिन बाद उन्होंने खुद वकालत की शुरुआत कर दी। वह कचहरी स्थित वादकारी शेड संख्या 25 में बैठते थे। उनके गुरु भाई अधिवक्ता सईद खान बताते हैं कि तारुन थाना क्षेत्र के गांव बराव के मुकदमे सरकार बनाम रामचंद्र में वह बचाव पक्ष के वकील थे। यह आगजनी और बलवा का मामला था। इसमें 72 आरोपी थे। इस मुकदमे में उनकी जोरदार पैरवी का ही परिणाम रहा कि सभी आरोपी दोष मुक्त हो गए। 1984 से उन्होंने वकालत पेशे के साथ अपना राजनीतिक सफर शुरू किया। बसपा के टिकट पर अकबरपुर से सांसद का चुनाव लड़े और हार गए। 1989 में फैजाबाद से बसपा के ही टिकट पर सांसद का चुनाव लड़े, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 1993 में वह पूरे उत्तर प्रदेश के बसपा कोऑर्डिनेटर बने। इसी साल उन्हें परिवहन मंत्री बनाया गया। परिवहन मंत्री बनने के बाद वह वकालत पेशा छोड़कर पूरी तरीके से राजनीति में छा गए। इस चुनाव में वह लखनऊ के मोहनलालगंज से सांसद चुने गए हैं। सपा सरकार में खेल मंत्री रहते उन्होंने जिले को अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का तोहफा भी दिया।



अवधेश प्रसाद




आरके चौधरी

### शेड संख्या 15 में बैठते थे अवधेश

पूर्व में सोहावल विधानसभा क्षेत्र के गांव सूरवारी के मूल निवासी सांसद अवधेश प्रसाद भी वकील थे। उनके साथ छह माह तक सहयोगी के रूप में वकालत का गुण सीखने वाले वीरेंद्र प्रसाद वर्मा बताते हैं कि अवधेश प्रसाद फौजदारी के अच्छे वकील थे। 1973 में उन्होंने वकालत की शुरुआत की। वह शेड संख्या 15 में बैठते थे। उन्होंने वकालत के साथ–साथ भारतीय क्रांति दल से पहला चुनाव 1974 में लड़ा, लेकिन हार गए। 1975 में इमरजेंसी में जेल गए। वर्ष 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर सोहावल विधानसभा से विधायक बने। पहली बार ही उन्हें राज्य मंत्री भी बनाया गया। 1980 में वह चुनाव हार गए। इसके बाद उन्होंने वकालत की शुरुआत कर दी। 1984 तक वह बतौर अधिवक्ता कई मुकदमों में पैरवी किए। 1984 में विधायक बनने के बाद फिर इस पेशे में लौट कर नहीं आए। इस बार वह जिले से सांसद चुने गए हैं।

# विकसित भारत का स्वप्न


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> 2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था।

विकसित भारत का स्वप्न संकल्प पूरा होने की गारंटी है। यह संकल्प प्रधानमंत्री मोदी का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार शपथ लेने जा रहे हैं। भारत के इतिहास में तीन बार का कार्यकाल केवल नेहरू को मिला था। मोदी जी ने अपने 10 वर्षीय कार्यकाल में तमाम चमत्कारिक काम किए हैं। भारतीय जन गण मन उन्हें प्यार और आदर देता है। उनके नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय स्वाभिमान की नई इबारत लिखी गई है। भारतीय संस्कृति सारी दुनिया में लोकप्रिय हुई है। जम्मू कश्मीर विषयक संविधान के अनुच्छेद-370 का निरसन सारी दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय रहा है। अधिकांश सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता इसे असंभव बता रहे थे। कुछ टिप्पणीकार अनुच्छेद 370 के समाप्त करने में सांप्रदायिक दंगों का खतरा देख रहे थे,लेकिन इस सबकी परवाह न करते हुए मोदी सरकार ने 370 को हटा दिया। यह कार्य एनडीए की सरकार ही कर सकती थी। मोदी जी ने तमाम अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को शीर्ष सम्मान दिलाया। संस्कृति के क्षेत्र में इस सरकार के कार्यकाल में तमाम आश्चर्यजनक कार्य हुए हैं। कई मुस्लिम देशों ने भी भारतीय संस्कृति को सम्मान दिया है। संयुक्त अरब अमीरात में दुबई में राम कथा चली। दुबई के तमाम प्रतिष्ठित लोगों ने हिस्सा लिया। इसी तरह प्रधानमंत्री ने अबुधाबी में मंदिर का लोकार्पण किया। सेकुलरपंथी मंदिर के नाम पर बेजा टिप्पणियां करते हैं,लेकिन मोदी ने देश की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता से समझौता नहीं किया। करतारपुर साहिब में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा बहाल कराई। कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्री अव्यवस्था से पीड़ित थे। चीन में होने के कारण इसकी व्यवस्था कठिन थी। मोदी जी के नेतृत्व में कैलाश मानसरोवर की यात्रा आसान हो गई। भारतीय धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिक नहीं है। मंदिर जाना, दर्शन करना भी सांप्रदायिकता नहीं है।

मोदी जी की सरकार के समय भारत के प्रत्येक जन के हृदय में उमंग और उल्लास रहा है। किसानों और गरीबों को हर तरह से समृद्ध बनाने के फैसले किए गए। मोदी ने राष्ट्रीय समृद्धि का संकल्प लिया। देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प लिए गए। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय ब्रिटिश राजनेता भारत की शासन करने की क्षमता का मजाक उड़ाते थे। ब्रिटिश विद्वान भारतीय दर्शन को भाववादी बताकर उपहास उड़ाते थे। इंग्लैंड के तत्कालीन प्रधानमंत्री चर्चिल ने कहा था कि, "भारत जाति पंथ में विभाजित समाज है। वे शासन नहीं चला पाएंगे।" बात-बात में यूरोप की प्रशंसा करने वाले टिप्पणीकार शर्मिंदा होंगे कि शासन न चला पाने की भारतवासियों की क्षमता वाली बात झूठ निकली। भारत में 78 वर्ष से स्वशासन और सुशासन की धारा का प्रवाह है। हम 18वीं लोकसभा चुन चुके हैं। इस बीच भारत ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में आश्चर्यजनक उन्नति की है। कृषि वैज्ञानिक एम.एस.स्वामीनाथन के नेतृत्व में हुई हरित क्रांति याद किए जाने योग्य है। राजग सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में स्वामीनाथन को भारत रत्न दिया है।

भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति सारी दुनिया के विद्वान आकर्षित होते रहे हैं। इस ज्ञान परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता और योग्यता को प्रत्येक दृष्टि से संपन्न बनाने का ध्येय सर्वविदित है। दरअसल पश्चिम से आयातित सेकुलर विचार के विद्वानों ने भारतीय परंपरा को लगातार अपमानित किया है। मोदी जी ने भारत के स्वाभाविक विचार प्रवाह को प्रोत्साहन दिया। सांस्कृतिक प्रतीक स्वाभिमान के विषय थे और हमेशा रहेंगे। प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन कार्यक्रम में श्रेष्ठ भारत का स्वप्न रखा। इस कार्यक्रम से कथित प्रगतिशील सेकुलर मोदी पर योजना बनाकर हमलावर हुए। कथित ज्ञानी वर्ग ने प्रधानमंत्री के काशी कार्यक्रम को संविधान की भावना का अपमान बताया। आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री ने धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अच्छा नहीं किया। लेकिन मोदी जी ने ऐसी टिप्पणियों की परवाह नहीं की।

2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था। आयातित सेकुलर पंथ का दुष्प्रभाव था। राजनैतिक वातावरण भी उत्साहवर्धक नहीं था। अब सब साथ-साथ हैं। परस्पर मैत्री और मिलजुलकर काम करने का वातावरण प्रत्यक्ष है। उन्होंने 'सबका साथ और सबका विकास' के नारे को सही सिद्ध कर दिया है। उनके संकल्प में देश का विश्वास है।

योग भारत का प्राचीन विज्ञान और दर्शन है। यह विश्व को भारतीय साधना का अद्वितीय उपहार है। मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में योग की मान्यता का प्रस्ताव किया। मोदी के प्रस्ताव को 170 से ज्यादा देशों का समर्थन मिला। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने अयोध्या के श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के शिलान्यास में हिस्सा लिया। श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भी वे उपस्थित रहे। यह मंदिर राष्ट्र का स्वप्न था। स्वप्न सच हो रहा है। उन्होंने केदारनाथ मंदिर में 15 घंटे साधना की। वे हाल ही में कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक पर 45 घंटे ध्यानरत रहे। वे भारत के सांस्कृतिक प्रतीकों की प्रतिष्ठा बढ़ाते हैं। इस प्राचीन देश की मूल चेतना को प्रतिनिधित्व देते हैं। वे बांग्लादेश की यात्रा में ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचे। देवी की उपासना की। नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर गए। पूजा और उपासना की। धर्म संस्कृति के प्रति सेकुलरों द्वारा बढ़ाया गया हीन भाव समाप्त हो रहा है। लोक में प्राचीन संस्कृति के प्रति आदर व आत्मविश्वास बढ़ा है।

10 साल के सांस्कृतिक पुनर्जागरण ने सिद्ध कर दिया है कि धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिकता नहीं है। मंदिर जाना रूढ़िवादिता नहीं है। गंगा जैसी पवित्र नदियों को प्रणाम करना पिछड़ापन नहीं है। श्रीराम, श्रीकृष्ण और शिव की प्रत्यक्ष उपासना रूढ़िवादिता नहीं है। वातावरण बदल चुका है। भारत की जीवन शैली और सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान बढ़ा है। अब हिन्दू और हिन्दुत्व की उपेक्षा संभव नहीं है। सेकुलर राजनीति में सक्रिय वरिष्ठ महानुभाव भी हिन्दू प्रतीकों से जुड़ रहे हैं। हिन्दुत्व पर सबकी सर्वानुमति है।

मनभावन अमृत काल का अंतर्संगीत मोहक है। हिन्दू मान्यताएं सर्वमान्य हो रही हैं। भारतीय विचार के विरोधी सेकुलर पंथ की विदाई तय हो चुकी है। कला, काव्य शिल्प के क्षेत्र में भी सांस्कृतिक जागरण का जादू है। भारत का वातावरण प्रेममय हो गया है। संस्कृति तत्व लोकमान्य हो चुके हैं। नई तरह का नवजागरण है। इस राष्ट्र जागरण में भारत की रीति की प्रतिष्ठा है। भारत की प्रीति का अभिनन्दन है। यह सब काम आसान नहीं था। पहले हिन्दू होना पीड़ादाई था। अब हिन्दू होना सौभाग्यशाली होना है। यह नामुमकिन था,लेकिन मोदी के कारण मुमकिन हो चुका है। समूचा विश्व भारत की लगातार बढ़ रही प्रतिष्ठा को ध्यान से देख रहा है। मोदी के पांच प्रण-'2047 तक विकसित भारत', 'गुलामी के अहसास से आजादी', 'विरासत पर गर्व', 'एकता व एकजुटता पर जोर' व 'नागरिकों का कर्तव्य'-भारत के प्रण संकल्प हैं। राष्ट्र इनसे प्रतिबद्ध है। तीसरे कार्यकाल में ढेर सारी संभावनाएं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में सामर्थ्य की बढ़ोतरी होगी। भारत की विश्व प्रतिष्ठा और बढ़ेगी।

# अयोध्या में चुनावी हार की अनर्गल व्याख्या अनुचित

> प्रतिक्रियाओं से पहले धर्मग्रंथों में उल्लिखित तथ्यों को पूरी तरह से ध्यान में रखना अवश्य चाहिए। अयोध्या की जनता कभी राम के खिलाफ नहीं थी।


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लोकसभा चुनाव के बाद ढेरों प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इन प्रतिक्रियाओं से सोशल मीडिया पटा हुआ है। प्रतिक्रियाएं तो चुनावों के बाद आती ही हैं,लेकिन स्वस्थ प्रतिक्रियाओं के लिए खुद की कमी की तलाश की जाती है। चूंकि सोशल साइट पर जो प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, वह व्यक्तिगत स्तर की हैं और किसी व्यक्ति को अपने विचार व्यक्त करने से नहीं रोका जा सकता,लेकिन किसी को यह छूट भी नहीं दी जानी चाहिए जो विधिक तौर-तरीके की प्रतिक्रिया न हो। उत्तर प्रदेश में आशा के अनुरूप के अनुरूप परिणाम न आने पर व्यक्त की जा रही हैं,इनमें एनडीए जिसकी मुख्य लगाम भाजपा की है तो उसे चाहिए कि वह अपने समर्थकों को परिपत्र जारी कर मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम के संबंध में व्यक्त की जा रही प्रतिक्रियाओं से विरत रहने के निर्देश दे तथा सोशल साइट से उसे हटाने के लिए निर्देशित करे।

पहली प्रतिक्रिया अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी की हार के एवज में कहा जा रहा है कि 'जिस तरह अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी हार गया,उसे देखते हुए तो समझ में अब रहा है कि क्यों भगवान श्रीराम पांच सौ वर्षों से ताले में बंद थे?' दूसरी प्रतिक्रिया यह है कि'अयोध्या की जनता जब राजा से संतुष्ट नहीं थी तो भाजपा प्रत्याशी किस खेत की मूली हैं'?

इन दोनों प्रतिक्रियाओं से पहले धर्मग्रंथों में उल्लिखित तथ्यों को पूरी तरह से ध्यान में रखना अवश्य चाहिए। अयोध्या की जनता कभी राम के खिलाफ नहीं थी। जब उन्हें राजगद्दी की जगह वनवास के लिए कह दिया गया था तब अयोध्या की जनता श्रीराम के पक्ष में थी और वनवास सुनकर वहां की जनता ने अन्न-जल त्याग दिया था। अब सवाल उठता है कि भाजपा प्रत्याशी की हार के चलते पांच सौ साल ताले में बंद रहने को जस्टिफाइड करना उस पूरे राम आंदोलन पर ही प्रश्न उठाना है जिसके लिए कितनों ने धरना प्रदर्शन, जेल,मौत को गले लगा लिया था। साथ ही लंबी कानूनी कार्रवाई के बाद बड़े धूम-धड़ाके से मूर्ति स्थापित हुई और उस स्थापना दिवस को दीवाली पर्व की संज्ञा दी गई।

इसके साथ एक प्रतिक्रिया माता सीता के लिए है कि अयोध्या की जनता ने उन्हें भी नहीं बख्शा। इस संदर्भ में गहराई से देखा जाए तो एक रजक की पत्नी के कहने पर सीता को श्रीराम ने निर्वासित कर दिया था। इस प्रसंग को चुनाव से ही जोड़कर देखा जाए तो श्रीराम ने यहां यह संदेश दिया है कि शासक को त्याग भाव में रहना चाहिए। इसके लिए वह व्यक्ति या स्थिति न देखे।

यदि अयोध्या की जनता ने जीत के लायक वोट नहीं दिया तो यह भी प्रतिक्रिया होनी चाहिए कि किसी कार्य में गैरविधिक तरीका अपना लेने पर अयोध्या की जनता उसे मान्यता नहीं देती। तथ्यों को तोड़-मरोड़कर परिभाषित करना धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना है। इसे स्वीकृति नहीं मिलनी चाहिए। आम जनता में किसी ऐतिहासिक आराध्य के लिए आस्था बनी है तो उसकी तुलना निहायत संकुचित तरीके से किया जाने लगेगा तो वेद-पुराण से लेकर अनगिनत धर्मग्रंथों का उपहास उड़ाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा जो सनातन संस्कृति के प्रतिकूल ही है।

# पलायन का दंश झेलते उत्तराखंड के गांव


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> इस बढ़ते पलायन का ही परिणाम है कि लोगों के पुश्तैनी घर अब भुतहा भवन बन चुके हैं। गांव छोड़कर शहर की ओर गए लोग साल दो साल में कभी-कभार ही अपने गांव में आते हैं।

उत्तराखंड राज्य को बने हुए 24 साल होने जा रहे हैं, लेकिन इस पहाड़ी राज्य में पलायन एक ऐसी समस्या है जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं खोजा गया है। भले ही पिछले कुछ सालों में सरकार ने गांव से बढ़ते पलायन को रोकने के लिए कुछ कदम अवश्य उठाए हैं,लेकिन बदली परिस्थितियों में लंबा रास्ता तय करना अभी बाकी है। वर्तमान की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने वीरान होते गांव से बढ़ते पलायन को रोकने के लिए कुछ योजनाएं बनाई हैं,लेकिन फिलहाल उनका कोई असर होता नहीं दिख रहा है। बीते वर्षों तक उत्तराखंड के गांव से निरंतर हो रहे पलायन का कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं था। लंबी प्रतीक्षा के बाद वर्ष 2018 में ग्रामीण विकास एवं पलायन आयोग (अब पलायन निवारण आयोग) अस्तित्व में आया।

गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन का सबसे अधिक असर अल्मोड़ा, टिहरी, पौड़ी और नैनीताल जिलों में देखा गया है। उधमसिंह नगर और देहरादून के गांव से अन्य जिलों की अपेक्षा कम स्थाई पलायन हुआ है। पिछले दिनों इस मुझे अपने ससुराल पक्ष के गांव 'देवनौला' जो अल्मोड़ा जनपद में लमगड़ा कस्बे से छह किलोमीटर आगे स्थित है,वहां एक पूजा में जाने का अवसर मिला। हालांकि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत गांव के पास तक सड़क पहुंच गई है,लेकिन इसके बावजूद यहां बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। गांव के अधिकांश घर खाली हो चुके हैं। विरान पड़े यह घर खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। कुछ घरों में तो तीन-चार सदस्य ही रह गए हैं तो कहीं केवल अकेली महिला ही घर में रहकर पहाड़ जैसी जिंदगी से जूझ रही है। उत्तराखंड के अधिकांश पहाड़ी गांव का यही सच है। गांव के युवा या तो फौज में हैं या फिर रोजगार की तलाश में हल्द्वानी, देहरादून, लखनऊ, दिल्ली आदि बड़े शहरों की ओर कूच कर गए हैं,जो गांव छोड़कर शहर को गया वह फिर शहर का ही होकर रह गया।

इस बढ़ते पलायन का ही परिणाम है कि लोगों के पुश्तैनी घर अब भुतहा भवन बन चुके हैं। गांव छोड़कर शहर की ओर गए लोग साल दो साल में कभी-कभार ही अपने गांव में आते हैं। अवसर या तो किसी पूजा का होता है या शादी विवाह का। कुछ लोगों ने तो जैसे अपने गांव को भूला ही दिया है। वे सालों से अपने घरों को लौटे ही नहीं है। शहरों की ओर पलायन कर गए लोगों के इन खाली पड़े पुश्तैनी घरों की देखभाल गांव में रह गए उनके पड़ोसी या नाते रिश्तेदार ही करते हैं। पलायन हो भी क्यों न। गांव में अब न खेती-बाड़ी बची है और नहीं रोजगार के कोई साधन हैं। सरकार के विकास के पहिए शहरों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। अधिकांश गांव पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। सीढ़ीदार खेतों की फसले मौसम पर ही निर्भर है,क्योंकि इनकी सिंचाई के लिए आने वाला पानी सूख चुका है। खेतों में अगर थोड़ी बहुत फसल या सब्जी होती भी है तो वह जंगली जानवरों की भेंट चढ़ जाती है। पहाड़ में भले ही नदी नीचे बहती हो,लेकिन नदी के ऊपर के गांव प्यासे हैं। इसीलिए उत्तराखंड में एक कहावत प्रसिद्ध है कि 'पहाड़ की जवानी और पहाड़ का पानी' पहाड़ पर नहीं टिकता।

देवनौला में सत्तर वर्षीय जगदीश सनवाल बताते हैं कि उनके गांव में न कभी कोई प्रशासनिक अधिकारी आता है और न ही चुनाव के दौरान नेता वोट मांगने आते हैं। जब जिम्मेदार लोग गांव की ओर रुख करेंगे ही नहीं तो गांव का विकास कैसे होगा? यही नहीं गांव के मूल निवासी जो शहरों में जाकर बड़े पदों पर कार्यरत हैं,उन्होंने भी गांव के विकास के बारे में कभी नहीं सोचा जबकि वह चाहते तो बहुत कुछ कर सकते थे। गांव में रोजगार के स्थाई साधन तो कुछ नहीं हैं, शिक्षा के हाल भी अच्छे नहीं हैं। विद्यालय है तो शिक्षकों और संसाधनों की भारी कमी है। किसी विद्यालय में एक शिक्षक है तो कई विद्यालय छात्र संख्या कम होने के कारण बंद हो चुके हैं। सरकार ने भले ही हर गांव में प्राइमरी स्कूल खोल दिए हैं,लेकिन आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को कई किलोमीटर दूर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है। गांव के निवासी कहते हैं कि ऐसी परिस्थितियों में पलायन करना लोगों की मजबूरी है। रोजी-रोटी की तलाश में युवा शहरों की ओर रुख करते हैं और फिर उस शहर को ही हमेशा के लिए अपना स्थाई निवास बना लेते हैं। शहरों के बिल्डर और प्रॉपर्टी डीलर गांव छोड़ चुके इन लोगों की जमीनों को सस्ते दामों में खरीद कर वहां रिसोर्ट, भवन बनाकर बेच रहे हैं। यह एक खतरनाक स्थिति है,जो लोगों को अपनी मूल जड़ों से अलग कर रही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2018 से 2022 तक 3 लाख से अधिक लोग राज्य के विभिन्न हिस्सों से शहरों की ओर पलायन कर गए हैं। 2011 तक उत्तराखंड में 1034 निर्जन गांव थे और 2011 से 2018 तक इनकी संख्या में 734 की वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 से 2022 के मध्य 24 गांव वीरान हुए और राज्य में वीरान गांवों की संख्या 1792 तक पहुंच गई है। आंकड़ों से पता चलता है कि टिहरी में नौ गांव,चंपावत में पांच, पौड़ी और पिथौरागढ़ में तीन-तीन और अल्मोड़ा तथा चमोली में दो-दो गांव ऐसे हैं जिनमें कोई आबादी नहीं है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि देवभूमि कहलाए जाने वाले उत्तराखंड राज्य में घोस्ट विलेजों की संख्या लगातार बढ़ रही है । यह सही है कि इस बढ़ रहे पलायन को एकदम से नहीं थामा जा सकता है,लेकिन इसे रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाकर काम करने की आवश्यकता है। असल में गांव से पलायन करना लोगों की विवशता है। यदि गांव में मूलभूत सुविधाओं के साथ शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य तथा रोजगार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए,तो कोई अपनी जड़ों को छोड़कर क्यों जाएगा। गांवों के विकास और वहां रोजगार- स्वरोजगार के दृष्टिगत एकीकृत कार्ययोजना का खाका तैयार किया जाना चाहिए। विकास की दीर्घकालिक योजनाओं को आगे बढ़ाने की जरूरत है और यह सभी योजनाएं गांव केंद्रित होनी चाहिए।

# राजनीतिक उक्तियां जो झूठी साबित हुईं


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राजनीतिक गलियारों में कुछ उक्तियां और बड़े नेताओं के कथन/वचन प्रचलित थे, वे इस बार के जनादेश और तत्परिणामी घटनाचक्र में गलत साबित हुए हैं। कहा जाता था कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है। अब की बार यह सही नहीं निकला। इसकी दो सकरी और कंकरीली पगडंडियां निकली हैं, एक आंध्रप्रदेश से और दूसरी बिहार से चली। इन पर नंगे पैर चलना भी कठिन होगा। मजबूत जूता पहनना होगा। एक और उक्ति बहुत प्रचलित थी, 'जो राम को लाए हैं, राम उन्हें लाएंगे'। यह भी हास्यास्पद निकली। स्वयं राम की नगरी में ही गलत साबित हुई।

पूरे देश में भी रामजी ने तो उन्हें बहुमत नहीं दिया, दो वे नेता उन्हें ला रहे हैं जिनका राम से सीधा संबंध नहीं था। वे कथित सेकुलर हैं और हाल के रामोत्सव में दर्शन करने भी नहीं गए। चन्द्रबाबू नायडू 2018 में मोदी सरकार के विरुद्ध लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाए थे, अब उन्हें मोदी में विश्वास हो गया यानी पहली उक्ति झूठी हो गई। थोड़ा पहले की अमित शाह की उक्ति थी कि 'अब नायडू के लिए एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हैं'। यह भी झूठ निकला। दरवाजा खुला और लाल कॉरपेट भी बिछाई गई। नीतीश का कभी उद्‌गोष था कि मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। वे भी बहुत लचीले निकले। मोदी के पैर छुए और सत्ता का केक साझे में काटेंगे। प्राचीन नीतियों में एक श्लोक की एक पंक्ति याद आ रही है। "श्वासाना शरीराणां वाचानां महीपति"। यानी जैसे शरीर के लिए श्वास अपरिहार्य है, वैसे ही राजाओं के लिए वचन, किंतु आज के राजपुरुषों की कथनी क्या है और करनी क्या है, यह सामने है। तुलसीदास जी ने भी कहा है "प्राण जाय पर वचन न जाय"।

एक अन्य उक्ति बहु प्रचलित थी, 'मोदी है तो मुमकिन है'। अर्थात् मोदी असंभव को संभव बना सकते हैं, किंतु अबकी बार चुनाव में यह गलत सिद्ध हो गई। वे काम चलाऊ बहुमत भी नहीं दिला सके। मोदी का यह वाक्य बहुत प्रचारित था 'कांग्रेस मुक्त भारत'। यह भी अब दम तोड़ रहा है। कांग्रेस तो बढ़ रही है। कहीं 'मुक्त' की बजाय 'युक्त'(सत्तायुक्त) न हो जाए। अमित शाह मोदी को 2029 के लोकसभा चुनाव हेतु भी पीएम पद के लिए प्रोजेक्ट कर चुके हैं। इसे अभी झूठ या सच कहना जल्दी होगी, हालांकि ऐसा कहकर शाह खुद बहुत जल्दी किए हैं। पार्टी के गिरते ग्राफ के चलते क्या पता 2029 में इसकी जरूरत भी पड़ेगी या नहीं। फिलहाल इस समय तो यह उक्ति हवा हवाई ही कही जाएगी।

# एक अच्छी पहल


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वित्त मंत्रालय ने बैंकों से महिला उद्यमियों के लिए कुछ नई योजनाएं शुरू करने को कहा है। एन्हांस्ड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस(ईएएसई 7.0) रिफार्म एजेंडा के अंतर्गत यह योजनाएं लागू की जानी हैं। महिलाओं द्वारा विभिन्न उद्योगों में उत्साहजनक परिमाण दिए गए हैं,जो देश की तरक्की के लिए उपयोगी साबित हुए हैं। हाल के लोकसभा चुनावों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही है।

आंकड़े बताते हैं कि लगभग 31.50 करोड़ महिलाओं ने इस चुनाव में वोट किया था। माना जा रहा है कि महिलाओं का बड़ी संख्या में वोट एनडीए को गया है जिसके कारण वित्त मंत्रालय महिला उद्यमियों के लिए बैंकों के माध्यम से लोन की नई योजनाएं लाने जा रहा है जिसके लिए बैंकों से लोन मेले लगाने का भी आवाहन किया गया है।

आगे चलकर बैंक कैंप लगाकर महिलाओं को वित्त पोषण में जानकारी और सहायता देंगे ताकि महिलाओं को नई-नई तकनीकी आधारित जानकारियां प्राप्त हो सके। बैंकों से अपेक्षा की गई है कि अपनी महिला ग्राहकों को सहयोग कर उनको वित्त पोषित किया जाए। महिला उद्यमियों में पर्याप्त संभावना को देखते हुए वित्त मंत्रालय की पहल से बैंक अपनी महिला ग्राहकों को किस स्तर तक वित्त पोषित कर सकेंगे यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा। फिलहाल इसे एक अच्छी पहल तो माना जाना चाहिए।

# हंगामा है क्यों बरपा


शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अट्ठारवीं लोकसभा के चुनाव परिणाम आ गए। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार भी बनने जा रही है। बावजूद इसके इस बार के परिणामों को लेकर जितना बहस मुबाहिसा चल रहा है, सामान्यतया इससे पहले नहीं देखा गया। ये कुछ-कुछ ऐसा है कि अपने फेल होने का दुःख कम हो, पर दोस्त फर्स्ट आ जाए तो इसका दुःख ज्यादा होता है। क्या इस हंगामे की वजह बीजेपी की सीटों में कमी आना है या इंडिया गठबंधन की अच्छी परफॉर्मेंस? या अयोध्या के चौंकाने वाले परिणाम? चौंकाने वाले इसलिए, क्योंकि बीजेपी ने राम मंदिर की जबरदस्त मार्केटिंग की थी। कई सौ करोड़ रुपए पानी की तरह बहाए।

मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए इतना प्रोपेगंडा हुआ कि एक बार को लगा कि जनता इस चकाचौंध के पार देखने में असमर्थ है, लेकिन ऐसा नहीं था। जनता जमीनी हकीकत साफ-साफ देख पाई। शायद अयोध्यावासियों को अपने घरों के बदले मंदिर तो चाहिए था, पर मंदिर के नाम पर विश्वस्तरीय मॉलनुमा कॉरिडोर नहीं। उत्तर प्रदेश को गोबर पट्टी कहकर मजाक उड़ाने वालों को प्रदेशवासियों ने यह बता दिया कि देश को सर्वाधिक प्रधानमंत्री देने वाले प्रदेश को लोकतंत्र के मायने मालूम हैं। इस चुनाव का जनादेश भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देता है। भले ही एनडीए को बहुमत मिला हो, लेकिन परिणामों से प्रतिपक्ष को संजीवनी भी मिली है। पिछले लोकसभा चुनावों ने जनता ने बीजेपी को सफलता के शिखर पर पहुंचाया था जिसने पार्टी को अहंकारी और अधिनायकवादी बना दिया।

दरसअल पिछले चुनाव में विपक्ष एकदम निचले स्तर पर था जिससे नीचे जाने की जगह नहीं थी और बीजेपी अपने शिखर पर थी जिससे ऊपर जाना संभव नहीं था। बीजेपी चार सौ पार का नारा देती रही और विपक्ष हर हाल में एकजुटता दिखाता रहा। बीजेपी को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में लगा। यहां राम मंदिर का जादू नहीं चला और न ही सांप्रदायिक विभाजन काम आया। लोग बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार को भूल नहीं पाए। नड्डा के बयानों ने रही सही कसर पूरी कर दी। उनका ये कहना कि पार्टी को आरएसएस की जरूरत नहीं और बिहार में उन्होंने कहा कि छोटे और क्षेत्रीय दलों का कोई भविष्य नहीं है, एनडीए में शामिल छोटे दलों को बीजेपी से दूर करने में सहायक हुए। बहरहाल नतीजा हमारे सामने है एक लंगड़ी सरकार दो बैसाखियों पर चलकर सरकार कैसी चलाएगी इसका अनुमान लगाना बहुत आसान है।

# दुनिया को समझने की कोशिश


द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

प्रश्न यह है कि शिक्षा के माध्यम से क्या हम दुनिया को जान सकते हैं? शिक्षा विविध भाषाओं से हमारी जान-पहचान कराती है,जानकारियों का पुलिंदा हमारे सामने पेश करती है,हमें जोड़-घटाना, गुणा-भाग करना सिखाती है,ज्ञान-विज्ञान से जोड़ती है। समझदारी विकसित करती है और आपसी प्रतिस्पर्धा का भाव रोपती है। सफल होने पर खुश होना सिखाती है और असफल होने पर पुनः प्रयास करने की उत्तेजना पैदा करती है।

चूंकि आदि काल से वर्तमान तक पढ़ाई सामूहिक क्रिया रही है। इसलिए यह हमें समाज के विभिन्न समूहों से जोड़ती है और दूसरों के साथ तालमेल करके जीना सिखाती है। दुनिया के साथ चलना और सहयोग करना और विपरीत विचारों का सम्मान करना सिखाती है,तो क्या दुनिया को अनुभव से जाना जा सकता है? अनुभव हमारे जीवन में हुई घटनाओं की स्मृतियां हैं। किसी एक क्रिया की प्रतिक्रिया अनेक ढंग से हो सकती है। हम किसी को देखकर मुस्कुराएं तो उत्तर में मुस्कराहट वापस आ सकती है, 'कोई जवाब नहीं' वापस आ सकता है,उपेक्षा वापस आ सकती है या नाराजगी भी। इस स्थिति में मुस्कुराने की प्रतिक्रिया में भी भ्रम की स्थिति है। इसलिए मुस्कराहट का उपयोग सोच-समझकर किया जाता है। जब मुस्कराहट जैसा मधुर व्यवहार अलग-अलग ढंग परिणाम देता है तो दुनिया को कैसे जाना जाए? यह समस्या केवल अहमद जैसे विद्यार्थी की ही नहीं है,प्रत्येक जिज्ञासु की है,जो शिक्षा से जुड़कर दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है तो क्या शिक्षा हमें दुनियादारी नहीं सिखाती?

सिखाती है, दुनियादारी सिखाती है,लेकिन दुनिया के रहस्य नहीं बताती,बल्कि उन रहस्यों को जानने की राह बताती है,लेकिन रास्ता इतना लंबा है कि मंजिल नजर ही नहीं आती। बस, चलते रहो, चलते रहो। अहमद ने तय किया कि वह भी पढ़ाई में मन लगाएगा। प्रभुदत्त और अहमद मिलजुल कर बातें करते और पढ़ते भी। समय बीतता गया और वे दोनों चौथी कक्षा पास हो गए। आगे की पढ़ाई झंग में संभव नहीं थी इसलिए प्रभुदत्त का झंग से पांच मील दूर मिघियाना के स्कूल में दाखिला करवा दिया गया,लेकिन अहमद झंग में ही रह गया,क्योंकि उसके अब्बा उसे झंग से बाहर जाकर पढ़ने के खिलाफ थे। अहमद ने अपनी तरफ से बहुत कोशिश की,अम्मी से कहलवाया,लेकिन बात नहीं बनी और उसकी पढ़ाई झंग के स्कूल की चारदीवारी में कैद होकर रह गई। जिस दिन प्रभु झंग से जा रहा था, वह दिन दोनों दोस्तों के लिए बहुत भारी पड़ा। अहमद रो रहा था कि वह झंग से निकल नहीं पाया और प्रभु रो रहा था कि वह झंग से निकलकर अपने जिगरी दोस्त से बहुत दूर जा रहा था। क्या पता फिर मुलाकात हो, न हो!

## आपका पत्र

### लोकतंत्र की मजबूती

बड़े आश्चर्य की बात है कि एक सामान्य मतदाता के रूप में यदि कोई भी भारतीय नागरिक जेल में बंद होता है तो वह वोट डालने का अधिकारी नहीं है, वहीं दूसरी ओर जेल में बंद अपराधी चुनाव लड़ सकता है। यह बहुत बड़ी विडंबना है इसको खत्म किए जाने की आवश्यकता है। जेल में बंद अपराधी चुनाव लड़े और जीत जाए, अपराधी लोग संसद में आकर कानून बनाने और बिगड़ने का काम करें। यह अपने आप में किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता। देखने में आ रहा है कि इस प्रकार के विधायकों और सांसदों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हमारे संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर एवं उनकी टीम ने कभी नहीं सोचा होगा कि इस प्रकार के अपराधी लोग भी निर्वाचित होकर संसद में सदस्य बन सकते हैं। इसीलिए जरूरी है कि उचित संशोधन करके इस प्रकार के जेल में बंद अपराधियों के सांसद बनने पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस प्रकार बार-बार के चुनाव से बचने/ सरकारी मशीनरी और पैसे के दुरुपयोग को रोकने के लिए यह भी जरूरी है कि कोई भी व्यक्ति केवल एक जगह से चुनाव लड़े। जब एक भारतीय मतदाता एक ही वोट डालने का अधिकारी है तो इस मतदाता को उम्मीदवार के रूप में दो जगह से चुनाव लड़ने पर भी रोक लगनी चाहिए, क्योंकि प्रायः यदि वह व्यक्ति दो जगह से चुनाव जीत जाता है तो एक जगह से उसे इस्तीफा देना होता है, ऐसी स्थिति में उस क्षेत्र में पुनः मतदान करवाया जाता है जिससे सरकारी संसाधनों की बर्बादी होती है। अतः जरूरी है संविधान में संशोधन किया जाए और अपराधी चरित्र के लोग न तो चुनाव लड़ पाए और न ही कोई भारतीय नागरिक केवल एक जगह से चुनाव लड़े तो इससे हमारे लोकतंत्र को और मजबूती मिलेगी।

**- डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी**, बड़ा बाजार नैनीताल

## एक नजर

### सीएचसी आए युवक की बाइक चोरी, दी तहरीर

अमेठी, अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी से बाइक चोरी सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन बाइक चोर इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे लोगों की बाइक लेकर रफू-चक्कर हो जा रहे हैं। अमेठी पुलिस इन बाइक चोरों को पकड़ने व बाइक को बरामद करने में नाकाम साबित हो रही है जिससे बाइक चोरों के हौसले बुलंद हैं। शनिवार को अमेठी सीएचसी में पत्नी के इलाज के लिए आये महेश मौर्य निवासी पूरे शिवपाल मजरे डेहरा थाना संग्रामपुर की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने अमेठी कोतवाली में तहरीर दी है। बताया कि उसने बाइक सीएचसी परिसर में खड़ी की थी, जहां से चोरी हो गई। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### हेरोइन के साथ पुलिस ने अभियुक्त को धर दबोचा

जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार। गश्त के दौरान पुलिस ने अभियुक्त को मादक पदार्थ हेरोइन के साथ धर दबोचा। जिसके संबंध में थाना हाजा पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। थानाक्षेत्र के अंतर्गत पुलिस टीम को उस समय सफलता हासिल हुई जब गश्त पर निकली पुलिस को कटेहटी गांव के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को आता देख भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोईन निवासी पूरे गौहर मजरे गडरियाडीह बताया। तलाशी से 18 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। थाना जगदीशपुर पुलिस ने विधिक कार्यवाही के बाद उसे जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ थाना हाजा पर कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

# जितने की ई-केवाईसी उतना ही राशन

संवाददाता, अमेठी



ई-केवाईसी को लेकर राशनकार्ड धारकों को जागरूक करते अधिकारी।

अमृत विचार। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अब सरकर द्वारा सभी राशनकार्ड धारको के प्रत्येक यूनिट का शत प्रतिशत ई-केवाईसी करना अनिवार्य कर दिया गया है। कार्ड के जिन यूनिट का ई-केवाईसी नहीं होगा उन्हें राशन नहीं मिलेगा। विभाग द्वारा 30 जून तक सभी राशनकार्ड धारकों के प्रत्येक यूनिट के ई-केवाईसी के लिए जगरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

शनिवार को पूर्ति निरीक्षक शुभम चौधरी ने रामनगर, लोनियापुरा, नुवावा, घाघूघार मिश्रौली बड़गांव व चन्डेरिया में कार्ड धारकों को बुलाकर उन्हें ई केवाईसी के लिए जागरूक किया उन्होंने कहा भ्रष्टाचार रोकने के लिए शासन के निर्देशानुसार सभी यूनिट धारकों को कोटे पर जाकर अपना ईकेवाईसी सत्यापित करना है जो प्रदेश में कहीं भी किसी भी स्थान पर कर सकते हैं। पूर्ति निरीक्षक सुषमा सिंह ने चंडेरिया में लोगों को ईकेवाईसी के लिए जागरूक किया।

# आचार संहिता खत्म, दफ्तरों में कामकाज शुरू

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। आदर्श चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद शुक्रवार से दफ्तरों में विभागीय काम तेज हुए हैं। सभी विकास खंडों में मनरेगा की नई परियोजनाओं को शुरू करने के लिए पत्रावलियां तैयार कराई जा रही हैं।

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत आवास के लाभार्थियों के पुराने मास्टर रोल अभी भी फीड किए जा रहे हैं। पौधारोपण के लिए गड्ढे खुदवाने का काम सभी ग्राम पंचायतों में 15जून तक पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला अधिकारी निशा अनंत ने शुक्रवार को दूसरे दिन भी जनसुनवाई की। अन्य अधिकारियों ने अभी सुबह 9बजे से 11बजे तक जनसुनवाई नहीं शुरू की है। कृषि विभाग खरीफ के मौसम में किसानों को अच्छी प्रजातियों के बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने में लगा हुआ है। जिला उद्योग केन्द्र, समाज कल्याण विभाग,पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में नये वित्तीय वर्ष के काम शुरू हो गये हैं।

### पौधारोपण के लिए गड्ढे खोदवाने के निर्देश

जिला पौधरोपण समिति की ओर से सभी विभागों को पौधारोपण का लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है।वन विभाग ने 50फीसदी गड्ढों की खुदाई का काम पूरा कर लिया है। ग्राम विकास विभाग की ओर से सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की खाली जमीनों के साथ पौधारोपण के लिए उपयुक्त भूखंड चयनित किए जा चुके हैं। पंचायत वार पौधारोपण की कार्ययोजनाएं तैयार की जा रही हैं। ग्राम प्रधान, से जानकारी कर रोजगार सेवक और तकनीकी सहायक मनरेगा की नई फाइलें तैयार कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को वेबसाइट खुलने का इंतजार

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत पिछले वित्तीय वर्ष में चयनित सभी लाभार्थियों को मनरेगा से मजदूरी अंश की धनराशि का भुगतान नहीं हो पाया है। कम्प्यूटर आपरेटर अभी भी पुराने मास्टर रोल फीड करने में लगे हुए हैं। पिछले एक साल के भीतर प्रधानमंत्री आवास के लिए ग्राम चौपालों और तहसील दिवसों में दर्खास्तें दे चुके लाभार्थियों को वेबसाइट खुलने का इंतजार है।

# जिला अस्पताल : डॉक्टर के चेंबर में बैठकर बाहरी व्यक्ति देख रहा मरीज

## डॉक्टर रहते हैं नदारद, लोगों की सेहत के साथ किया जा रहा खिलवाड़

संवाददाता, अमेठी



डॉक्टर के चेंबर में बैठकर मरीजों का इलाज करता बाहरी व्यक्ति। अमृत विचार

अमृत विचार। प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह के जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का बुरा हाल है। जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टरों के चेम्बर में बैठकर बाहरी लोग मरीजों का इलाज कर रहे हैं। जिले का स्वास्थ्य महकमा सब जानते हुए भी अंजान बना हुआ है और किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। अमेठी का जिला अस्पताल अपने कारनामो को लेकर हमेशा चर्चा में बना रहता है। जिला अस्पताल में तैनात बड़ी संख्या में डॉक्टर कमीशन के चक्कर में बाहर की दवाएं लिखते हैं लेकिन जानकारी के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं करते हैं। जिला अस्पताल में तैनात हड्डी रोग विशेषज्ञ राजीव शुक्ला के चैम्बर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें सोनू मटियारी नाम का एक व्यक्ति मरीजों को दवाइयां लिख रहा है और बड़ी संख्या में मरीज अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। जिस व्यक्ति को मेडिकल की एबीसीडी नहीं मालूम वह मरीजों को दवाएं लिख रहा है। सूत्रों के अनुसार इसके अलावा भी कई डॉक्टर ऐसे हैं जिनके चेम्बर में बाहरी व्यक्ति बैठकर मरीज देख रहे हैं औरर दवाएं लिख रहे हैं।

> मामला मेरे संज्ञान में आया है। संबंधित डॉक्टर को पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है कि किस तरह से एक बाहरी व्यक्ति आपके चैम्बर में मरीजों को दवा लिख रहा था। स्पष्टीकरण के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ. बद्री प्रसाद अग्रवाल
> सीएमएस

# शिक्षक का बेटा सेना में बना लेफ्टिनेंट

संवाददाता, तिलोई, अमेठी



पदोन्नति जवान के साथ परिजन। अमृत विचार

अमृत विचार। सपने उन्हीं के सच होते हैं जिनके सपनों में जान होती है पंख से कुछ नही होता हौसलों से उड़ान होती है।यह पंक्तियां विकास खण्ड सिंहपुर के प्राथमिक विद्यालय बसंतपुर में तैनात शिक्षक कौशलेंद्र पाण्डेय के बेटे स्वस्तीश पाण्डेय पर एकदम सटीक बैठती हैं जो कि जम्मू कश्मीर में लाइट इनफैंट्री में लेफ्टिनेंट के पद पर तैनाती पाकर अपने परिवार के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

अमेठी जनपद के विकास खण्ड संग्रामपुर के नारायनपुर गांव निवासी कौशलेंद्र पाण्डेय के सुपुत्र स्वस्तीश पाण्डेय ने जून 2020 में एनडीए में चयनित होकर आठ जून को आईएमए देहरादून से लेफ्टिनेंट में पास आउट हुये जिन्हें अब जम्मू कश्मीर लाइट इनफैंट्री में लेफ्टिनेंट के पद पर तैनाती मिली है।इस पर परिवार में खुशियों के साथ उत्सव सा माहौल रहा और परिजन खुशी से झूम उठे।प्राथमिक विद्यालय बसंतपुर के शिक्षक के बेटे का लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होने पर राष्टीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार तिवारी, ओंकार पाण्डेय,उबैद अहमद, मुकेश कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, चंद्र प्रकाश शुक्ला,ब्रजेश श्रीवास्तव, सुरेंद्र पाण्डेय, विकल्प श्रीवास्तव, संतोष कुमार शुक्ला,राघवेंद्र शुक्ला,मेहा त्रिपाठी,आलोक शुक्ला, शेखर दुबे सहित अन्य तमाम शिक्षकों ने बधाई दी है।

# दो थानाध्यक्ष लाइन हाजिर, छह का हुआ स्थानांतरण

संवाददाता, अमेठी

**10 नए को मिला चार्ज**

अमृत विचार। जनपद में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए शुक्रवार देर रात एसपी अनूप सिंह ने कई थानाध्यक्षों का तबादला कर दिया। जिसमें एसपी ने दो थानेदारों को लाइन हाजिर कर दिया। जिले के दस थानों को नए थानाप्रभारी मिले हैं जबकि छह का स्थानांतरण किया है।

एसपी ने कानून व्यवस्था न संभाल पाने के चलते संग्रामपुर थानाध्यक्ष श्रीराम व भाले सुल्तान शहीद स्मारक थानाध्यक्ष राजकुमार को लाइन हाजिर किया है। इसके अलावा एसपी कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में तैनात कई प्रभारी निरीक्षकों को थानाध्यक्ष का चार्ज मिला है। वहीं चुनाव सेल में तैनात उपनिरीक्षक संदीप कुमार राय अमेठी एसपी के पीआरओ बने हैं।

अमेठी एसपी पीआरओ रहे निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह को मोहनगंज थाने की जिम्मेदारी मिली है। अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक अजयेन्द्र पटेल को रामगंज थाने की जिम्मेदारी मिली हैं। जामों थानाध्यक्ष रहे निरीक्षक विवेक कुमार सिंह को मुसाफिरखाना थानाध्यक्ष बनाया गया है। अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक ईश नारायण मिश्र को संग्रामपुर थाने की जिम्मेदारी मिली हैं। प्रभारी मॉनिटरिंग सेल में तैनात निरीक्षक अमर सिंह को अमेठी थाने की जिम्मेदारी मिली हैं। मोहनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव को फुरसतगंज थानाध्यक्ष बनाया गया हैं। प्रभारी चुनाव सेल रहे निरीक्षक श्याम नारायण पाण्डेय को थाना गौरीगंज की ज़िम्मेदारी मिली हैं। मुसाफिरखाना थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह को जामों थानाध्यक्ष बनाया गया हैं। प्रभारी यूपी-112 उपनिरीक्षक अमरेन्द्र सिंह को इन्हौना थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली हैं। गौरीगंज थाने में तैनात रहे उपनिरीक्षक दयाशंकर मिश्र को थानाध्यक्ष भाले सुल्तान शहीद स्मारक बनाया गया हैं।

एसपी ने गौरीगंज थाना प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त त्रिपाठी को अपराध शाखा में तैनात किया है। अमेठी थानाध्यक्ष कृष्ण मोहन सिंह को प्रभारी मॉनिटरिंग सेल पुलिस कार्यालय भेजा है। इन्हौना थानाध्यक्ष पंकज कुमार द्विवेदी को लोक शिकायत प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया गया है। चुनाव सेल में तैनात रहे उपनिरीक्षक संदीप कुमार राय को एसपी पीआरओ, फुरसतगंज थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह को डायल-112 का प्रभारी, थानाध्यक्ष रामगंज देवेन्द्र प्रताप सिंह को जन सूचना प्रकोष्ठ का प्रभारी, भाले सुल्तान शहीद स्मारक थानाध्यक्ष रहे निरीक्षक राजकुमार व संग्रामपुर थानाध्यक्ष श्रीराम को रिजर्व पुलिस लाइन भेजा गया है।



अपर पुलिस अधीक्षक को सम्मानित करते एसपी।

### प्रोन्नति पर दी बधाई

एसपी अनूप सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार का वरिष्ठ वेतनमान की प्रोन्नति होने पर स्टार लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# अयोध्या निवासियों पर टिप्पणी की शिकायत

अमेठी, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में अयोध्या में भाजपा की हार से सोशल मीडिया पर वहां के लोगों के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की जा रही है। इस पर कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। पत्र में कहा कि सोशल मीडिया के जरिए श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या के लड़के लड़कियों से शादी न करने की बात लिखी जा रही है। वहीं कोई अयोध्या के साथ व्यापार न करने, सामान न खरीदने की बात लिख रहा है। इससे जनमानस व श्री राम भक्त आहत हो रहे हैं। अराजक लोगों को चिन्हित कर तत्काल उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई कराएं।

## सार-संक्षेप

### हनुमान मंदिर में भंडारे का हुआ आयोजन

सिंहपुर, भेटुआ, अमेठी, अमृत विचार। ब्लॉक क्षेत्र ग्राम तिवारीपुर में सिद्ध हनुमान मन्दिर संकट मोचन के नाम से मशहूर मंदिर में शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान जय श्री राम और महाबली हनुमान के जयघोष गूंजते रहे। भंडारे का आयोजन कृष्णकुमार, उनके साथी आदित्य तिवारी, सिद्धनाथ तिवारी उर्फ पिंकू , बेद प्रकाश तिवारी, विनय दत्त तिवारी ने किया। जिसमे राहगीरों ने चिलचिलाती धूप की वज़ह से मंदिर परिसर में सब्जी पूड़ी का और बूंदी का प्रसाद पाया। लोगों को ठंडा पानी पिलाया गया। इसके अलावा भेटुआ के सेमरा गांव में बीते एक सप्ताह से चल रही श्री मद भागवत कथा के उपरांत शनिवार को विशाल भोज का आयोजन किया गया। कथा व्यास पंडित गंगा सागर तिवारी ने बताया कि बीते दिनों हुई कथा में क्षेत्र के लोगों ने आकर कथा रस का आनंद लिया। बताया कि क्षेत्र के लोग यदि भागवत रस को अपने जीवन में उतारे तो उनके जीवन में बड़ा विकास रूपी बदलाव होगा। भोज में बड़ी संख्या में आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर क्षेत्र भाजपा नेता काशी प्रसाद तिवारी, मुसवापुर व्यापार मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्र, अश्विनी शुक्ल, बीएसए प्रवीण तिवारी, आयोजक कामता मणि त्रिपाठी, राम मणि त्रिपाठी, मुख्य यजमान बाबू लाल तिवारी,राम राज तिवारी ने आए हुए लोगों का स्वागत किया।

### सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन

तिलोई , अमेठी, अमृत विचार। विकास खण्ड सिंहपुर मुख्यालय स्थित मोहल्ला संजय नगर में ज्येष्ठ माह के शनिवार पर सुंदर काण्ड पाठ के साथ ही भंडारा आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों नागरिकों के साथ ही हजारों की संख्या में राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। विकास खण्ड सिंहपुर मुख्यालय के निकट संजय नगर में ज्येष्ठ माह के शनिवार को अनवरत कई वर्षो से सुंदरकाण्ड पाठ और विशाल भण्डारा कराया जाता है। शनिवार की सुबह से संगीतमयी सुंदर काण्ड पाठ के समापन पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन और कन्या भोज के बाद प्रसाद में पूड़ी सब्जी के साथ बूंदी वितरित की गई। इस विशाल भण्डारा में भक्तिमय गीतों पर भक्तों ने खूब धमाल मचाया। कार्यक्रम के आयोजक सुशील शुक्ला, कार्तिकेय शुक्ला ने अतिथियों को सुंदर काण्ड की प्रतियां भेंट किया।इस मौके पर राम खेलावन शुक्ला, राम नरेश तिवारी, शिव शरण शुक्ला, राजेश दीक्षित, अतींद्र द्विवेदी, सुनील शुक्ला,अंजनी दीक्षित, लवकुश पटवा, राहुल पाठक, सुशील तिवारी, रवि शंकर तिवारी, शशांक शुक्ला, आदर्श मिश्रा, दीपू शुक्ला, बबलू दीक्षित, श्रीचंद्र चौरसिया, प्रमोद सिंह, राजेश यादव, शिव भूषण शुक्ला, गौरव तिवारी, अखिलेश कुमार, विकास मिश्रा, आकाश मिश्रा, अनुपम शुक्ला, राम कुमार ओझा, मंगलम शुक्ला सहित अन्य तमाम क्षेत्रीय नागरिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### भूमिगत पाइप लाइन से गैस रिसाव होने से हड़कंप

शुक्लागंज-उन्नाव, अमृत विचार। शनिवार सुबह उन्नाव से शुक्लागंज की ओर आई भूमिगत सीयूजीएल की पाइप लाइन में फोरलेन स्थित सरैयां सब स्टेशन के सामने लीकेज हो गया। जिससे आग लग गई। आग लगने पर आस पास के लोगों में हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी फायर बिग्रेड को दी गई। विभाग के सीओ समेत दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया गया। जिसके बाद मरम्मत कार्य शुरू हुआ। सरैयां सब स्टेशन के सामने न्यू आनंदपुरम के पास एक प्लाट में कूड़ा जल रहा था, इसी दौरान भूमिगत पड़ी सीयूजीएल पाइप लाइन में लीकेज हो गया और जलता कूड़ा सीयूजीएल पाइप लाइन के नोजल के पास पहुंच गया। जिससे उसमें आग लग गई। गैस रिसाव और आग को देख आस पास रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन दमकल कर्मियों को इसकी जानकारी दी गई। गैस रिसाव की सूचना पर दमकल कर्मियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर फायर बिग्रेड के अनूप सिंह मातहतों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने नोजल के पास जल रही आग को बुझाया। आग बुझने के बाद आस पास के लोगों ने राहत की सांस ली। जिसके बाद सीयूजीएल के अधिकारियों को जानकारी दी गई। सूचना पर पहुंचे कर्मियों ने पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू कराया। सुबह दस बजे से दोपहर करीब ढाई बजे तक गैस की सप्लाई बंद रही। जिससे उपभोक्ताओं को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

### कब्र से निकालकर किशोरी के शव का हुआ पोस्टमार्टम

चकलवंशी, उन्नाव, अमृत विचार। माखी थानाक्षेत्र के एक गांव में किशोरी की करीब तीन माह पहले संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को बिना पोस्टमार्टम कराए परिजनों ने गांव के खेत में दफन कर दिया था। मां ने बेटी से गैंगरेप के बाद हत्या की बात कह माखी पुलिस पर गंभीर आरोप लगा कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसके बाद एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में शनिवार को शव खुदवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। डाक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के बीच शव का परीक्षण किया। समय अधिक होने व शव के गलने के कारण सही कारण स्पष्ट नहीं हो सका। इसके बाद बिसरा सुरक्षित कर रेप की आशंका की वजह से स्लाइड बनाई गई है। बता दें कि माखी थानाक्षेत्र के एक गांव में बीती 13 मार्च को 17 वर्षीय किशोरी का शव घर के बरामदे में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला था। परिजनों का आरोप था कि पुलिस ने आरोपियों से मिलीभगत कर बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को दफन करा दिया था। किशोरी की मां ने बताया कि उसने डीएम व एसपी ने भी गुहार लगाई थी लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इस पर सीजेएम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 23 अप्रैल को सभी पर रिपोर्ट दर्ज करने के साथ शव का पोस्टमार्टम कराने का आदेश दिया था। 17 मई को पुलिस ने पांचों पर हत्या, सामूहिक दुष्कर्म, घर में घुसकर मारपीट और धमकी देने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी।

# पैर फिसलने से नदी में गिरा युवक, मौत

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी

**हादसा**

- बहन की ससुराल में रहकर फालिस का इलाज करा रहा था सुलतानपुर निवासी युवक

अमृत विचार। अपनी बहन के घर रहकर इलाज करवा रहे युवक की नदी में पैर फिसलने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक पिछले एक महीने से बहन के घर पर रहकर फालिस का इलाज करवा रहा था।

सुल्तानपुर के कुड़वार थाना क्षेत्र के ब्राहिमपुर गांव निवासी मनोद निषाद को कुछ दिन पहले फालिस का अटैक पड़ा था। जिसका इलाज के कराने के लिए वह एक माह पहले बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के मकदूमपुर कला के पूरे महावीर गांव स्थित अपनी बहन की ससुराल आया था। शनिवार करीब 10 बजे मनोज शौच के लिए गोमती नदी के किनारे गया था। इसी बीच अचानक पैर फिसल जाने के कारण नदी में गिर गया और डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और मनोज की तलाश शुरू की। कुछ देर बाद मनोज का शव बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना अध्यक्ष तनुज पाल ने बताया कि युवक शौच के लिए नदी की तरफ गया था, जहां पैर फिसलने से वह नदी में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

# फैनबेल्ट टूटने से खड़ी हुई बस, यात्री परेशान

उन्नाव, अमृत विचार। बहराइच से कानपुर जा रही रोडवेज बस शनिवार दोपहर करीब 12 बजे लखनऊ-कानपुर हाइवे पर पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम के सामने रोडवेज बस अचानक खराब हो गई। आजाद नगर डिपो की बस बहराइच से करीब 27 सवारियों को लेकर बंथरा, बनी, सोहरामऊ, नवाबगंज व दही चौकी होते हुए कानपुर के लिए रवाना हुई थी। लखनऊ-कानपुर हाइवे पर पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम के सामने पहुंचते ही बस की फ़ैनबेल्ट व पंखिया टूटने से इंजन बंद हो गया।

# बुद्ध और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का हुआ अनावरण

मुंशीगंज, अमेठी

अमृत विचार। बबुरी टोला में शनिवार को गौतम बुद्ध और बाबा साहब डॉ आंबेडकर की नव निर्मित प्रतिमा का अनावरण हुआ। प्रतिमा के अनावरण के साथ बुद्ध चरित चन्द्रोदय पाठ भी हुआ।

नवनिर्मित प्रतिमा अपने जीवन के चार दशक पंजाब में बिता चुके रामदुलारे बौद्ध ने स्थापित की है। सिरमौर बौद्ध विहार सोइया की ओर से भंते धम्मदीप और भंते प्रज्ञा मित्र ने तथागत बुद्ध की पूजा, वंदना, त्रिसरण पंचशील के साथ बौद्ध धम्म की परम्परा के अनुरूप नव निर्मित प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा के अनावरण के पूर्व भंते धम्मदीप ने अब तक हुए 27 बुद्धों की वंदना की। कहा कि भगवान बुद्ध का धम्म सबके लिए कल्याणकारी है। बौद्ध विहार सोइया कमेटी के वरिष्ठ सदस्य संजीव भारती ने कहा कि वर्तमान में दुनिया के कई देश युद्ध की विभीषिका से जूझ रहे हैं, ऐसे समय में बुद्ध की शिक्षाओं प्रासंगिक हैं।

**अव्यवस्था** — सरवन ड्रेन और मौरावां रजबहा में भीषण गर्मी के मौसम में उड़ रही धूल

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के गृह ब्लॉक हिलौली में सूख गए तालाब

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



गर्मी के चलते सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार



सूखा पड़ा मौरावां रजबहा। अमृत विचार



सूखा सरवन ड्रेन।

अमृत विचार। सीडीओ प्रेम प्रकाश के निर्देश के बाद भी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित के गृह ब्लाक हिलौली में पीने के पानी का जबर्दस्त संकट है। एक ओर जहां तालाब, रजबहा व सरवन ड्रेन (नाला) सूखा पड़ा होने से पशुओं को प्यास बुझाने की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

सई नदी के इस तटवर्ती ब्लाक क्षेत्र में ही जहां पूर्व विधानसभा अध्यक्ष का पैतृक गांव लउआ स्थित है। वहीं सपा के पूर्व विधायक उदयराज यादव सहित पूर्व एमएलसी सुनील साजन के पैतृक गांव भी इसी ब्लाक में शामिल हैं। पूर्व में जहां मौरावां रजबहा व इससे जुड़ी आधा दर्जन से अधिक माइनर (शाखाओं) से गर्मियों में तालाबों को भर दिया जाता था। वहीं सरवन झील से निकलकर संदौली, बहवा, पारा व गौरी आदि गांवों से होते हुए लउवा के पास सई नदी में गिरता है। ग्रामीणों के मुताबिक करीब 29 किमी लंबी सरवन ड्रेन में कभी वर्ष पर्यंत बहाव बना रहता था। इससे गर्मी के दिनों में दुधारू पशुओं को पीने के पानी की दिक्कत होती थी। यही नहीं तालाबों व ड्रेन में पानी न होने से क्षेत्र का भूगर्भित जलस्तर लगातार नीचे जाता जा रहा है। इससे क्षेत्र के तमाम देशी हैंड पंप पानी देना बंद कर चुके हैं। वहीं अधिकांश इंडिया मार्का हैंड पंप भी जरूरत के मुताबिक पानी नहीं उपलब्ध करा रहे हैं। यही हाल निजी सबमर्सिबल बोरिंग का भी है। विभिन्न गांवों के लोगों ने बताया कि सबमर्सिबल बीच-बीच में बालू युक्त पानी देने लगते हैं। इस बार प्रशासन लोकसभा निर्वाचन-2024 संपंन कराने में जुटा रहा, जिससे तालाबों को भरवाने के प्रति तहसील व ब्लाक स्तरीय अधिकारियों ने कोई तवज्जो नहीं दी। चुनाव के बाद सीडीओ ने सभी बीडीओ को तालाब भरवाने का आदेश जारी किया, लेकिन तब क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के लिए रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले मौरावां रजबहा में पानी न होने से तालाबों को नहीं भरा गया। सरवन झील में जरूरत के मुताबिक पानी न होने से ड्रेन में भी धूल उड़ रही है। इससे ब्लाक क्षेत्र के आधा सैकड़ा से अधिक गावों के हजारों पशु पालकों को अपने पशुओं को पीने का पानी उपलब्ध कराना मुश्किल हो रहा है।

# प्रतापगढ़ में मौलाना की धारदार हथियार से हत्या

## आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों के घर पर किया पथराव व तोड़फोड़ की, बेकाबू भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग

संवाददाता, प्रतापगढ़

जमीन विवाद



मो .फारूक (फाइल फोटो)



आरोपियों के घर पर धावा बोलने पर आक्रोशित लोगों को रोकते एसपी सतपाल अंतिल। अमृत विचार



जेठवारा के सोनपुर में घटना स्थल पर अधिकारियों से पूछताछ करते एडीजी,आईजी।

- डीएम, एडीजी और आईजी पहुंचे घटनास्थल पर, मामले को कराया शांत
- मृतक के बेटे की तहरीर पर दंपति,उनके दो बेटे समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार :** जमीन विवाद में धारदार हथियार से मौलाना फारूक अहमद(65) की निर्मम हत्या कर दी गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के घर पर पथराव किया और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके उग्र भीड़ को खदेड़ा। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने गांव के दंपति, उनके दो बेटे समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद से गांव में तनाव व्याप्त है। अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर एवं पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज प्रेम गौतम घटना स्थल पहुंचे। डीएम संजीव रंजन,एसपी सतपाल अंतिल, सतपाल अंतिल,एएसपी पश्चिमी संजय राय,सीओ सदर अमर नाथ गुप्ता के साथ में घटना स्थल का निरीक्षण कर मृतक के परिजनों से बात कर पूरे मामले को शांत कराया।

पुलिस के अनुसार जेठवारा थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव के मौलाना फारूक अहमद (65) सोनपुर मदरसा के संस्थापक और कादीपुर मदरसा के संचालक के साथ-साथ जमीयत उलमा हिंद-प्रतापगढ़ के महासचिव थे। कादीपुर गांव में फारूक ने चंद्रमणि तिवारी को जमीन खरीदने के लिए पैसे दिए थे। तिवारी ने वह प्लॉट किसी और को बेच दिया। शनिवार सुबह जब फारूक सोनपुर गांव में तिवारी के घर गया तो उस पर हमला कर दिया गया और उसके सिर पर लोहे की रॉड, फावड़ा व कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में आक्रोश फैल गया। सूचना पर भारी तादाद में पुलिस फोर्स पहुंची। इलाके में तनाव को देखते हुए डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल मौके पर पहुंचे। ग्रामीण पुलिस को पोस्टमार्टम के लिए शव उठाने नहीं दे रहे थे। एसपी और ग्रामीणों से नोकझोंक भी हुई। आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के घर पर पथराव शुरू कर दिया और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की। एसपी सतपाल अंतिल ने काफी रोकने का प्रयास किया,बावजूद इसके आक्रोश न थमने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके उग्र भीड़ को खदेड़ा। मृतक के बेटे मो. असद की तहरीर पर गांव के चन्द्रमणि तिवारी पुत्र शिव लखन तिवारी, चन्द्रमणि की पत्नी सीमा तिवारी, बेटे सागर तिवारी, वैभव तिवारी एवं देवी प्रसाद पुत्र लालता प्रसाद के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया। काफी देर समझाने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। तब प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### डीएम-एसपी के आश्वासन पर माने परिजन

50 लाख रुपए मुआवजा, एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी, शस्त्र लाइसेंस और तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी पर की मांग पूरी करने के डीएम संजीव रंजन एवं एसपी सतपाल अंतिल के आश्वासन पर परिजन शव को पोस्टमार्टम कराने पर तैयार हुए। एसपी ने कहा कि अगर बवाल किया तो ठीक नहीं होगा। शासन स्तर से भी सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। घटना को लेकर परिजनों ने एसपी को तहरीर दी।

### फूटा लोगों का गुस्सा, बोले- कहां है बाबा का बुलडोजर

सोनपुर गांव में मौलाना फारूक की हत्या के बाद शव को सड़क पर रखकर धरने पर बैठे ग्रामीणों को समझाने में डीएम और एसपी को पसीने छूट गए। मौके पर ग्रामीणों को समझाने पहुंचे डीएम और एसपी से आक्रोशित परिजनों ने कहा कि योगी बाबा का बुलडोजर अब कहां है। जब तक आरोपियों के घर को बुलडोजर से नहीं ढहाया जाता तब तब वह शव को पुलिस को छूने नहीं देंगे। काफी देर तक तनाव की स्थिति बनी रही। परिजन और ग्रामीण आरोपियों के घर को ढहाने की मांग पर अड़े रहे।

### परिवार को न्याय मिलना चाहिए : सांसद

मौलाना फारूक की हत्या पर नवनिर्वाचित सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने दु:ख व्यक्त किया। डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल से फोन पर बात किया। कहा कि मृतक के परिवार के साथ हमारी संवेदना है। उनके परिवार को न्याय मिलना चाहिए।

### इमरान प्रतापगढ़ी ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने मौलाना फारूक की हत्या के बाद परिजनों से फोन पर बात की। निर्मम हत्या के बाद उन्होंने यूपी की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया। कहा कि इस तरह की वारदात कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह है। इमरान बोले इस प्रदेश में हमारे भाई सुरक्षित नहीं है, उन्हें जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है।

### बेल्हा में दांव पर खाकी का इकबाल, 48 घंटे में 4 हत्याएं

चुनाव बाद बेल्हा में खाकी का इकबाल दांव पर नजर आ रहा है। 48 घंटे में चार हत्याओं से लोग दहशत में हैं। ताबड़तोड़ हुई वारदातें पुलिस के लिए चुनौती बन गई हैं। कोतवाली देहात में बरात में युवक की पीटकर हत्या, अंतू के लोहंगपुर में विकास सरोज की हत्या का मामला पुलिस सुलझा ही रही थी कि कुंडा में ग्राम प्रधान करुणेश सिंह की हत्या हो गई। रात बीती सुबह जेठवारा के सोनपुर में मदरसा के संचालक फारूक की हत्या ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। यहां पर बिगड़ रहे हालात को पुलिस अधिकारी संभालने में पसीना बहा ही रहे थे कि लालगंज कोतवाली क्षेत्र के वीर सिंह पुर में रंजिश में किशोरी पर गोली चला दी गई।

# महंत बलबीर गिरी ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



मठ बाघंबरी के महंत बलबीर गिरी ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट

संवाददाता, प्रयागराज।

- कैलाशवासी महंत नरेंद्र गिरी की प्रतिमा का होगा अनावरण

**अमृत विचार:** मठ बाघंबरी गद्दी के पीठाधीश्वर बलबीर गिरि ने शनिवार को मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से मुलाकत की। वहां उन्होंने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे कैलाशवासी महंत नरेंद्र गिरि की समाधि व प्रतिमा अनावरण को लेकर वार्ता की। महंत नरेंद्र गिरि की समाधि व प्रतिमा अनावरण जुलाई माह में होगा। इस दौरान उन्होंने प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की।

महाकुंभ के मद्देनजर होने वाले ज्यादातर कार्यों के बारे में सीएम को जानकारी दी। वहीं, कैलाशवासी नरेंद्र गिरी महाराज की समाधि और प्रतिमा अनावरण के लिए बातचीत हुई। अगले महीने प्रतिमा के अनावरण के साथ-साथ नवर्निमित गोशाला के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया। शनिवार को मठ बाघंबरी गद्दी के पीठाधीश्वर बलबीर गिरी ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करने के लिए लखनऊ पहुंचे। यहां, प्रयागराज में चल रहे विकास कार्य के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मठ में विकास कार्य चल रहा है। अगले महीने कैलाशवासी महंत नरेंद्र गिरि जी महाराज की समाधि और मूर्ति के अनावरण होगा।

# ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान

**नैनी, अमृत विचार :** करछना में एक युवक ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन करने के बाद अहब्म को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक करछना के बसरिया मोरी के पास शनिवार सुबह एक युवक ट्रेन के सामने कूद गया। इससे उसका शरीर दो हिस्सों में बंट गया। इसकी जानकारी होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी शिनाख्त कौंधियारा थाना क्षेत्र के टिकरी गांव निवासी रामकुमार (35) पुत्र राम आसरे के रूप में हुई। जानकारी पाकर परिजन भी मौके पर रोते बिलखते पहुंचे। बाद मे पुलिस ने मौके की औपचारिकताएं पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना का कारण घरेलू कलह माना जा रहा है। वहीं मामले में पुलिस का कहना है कि मामले में परिजन अभी कुछ नही बता पा रहे हैं।

# पिकअप-ट्रेलर में टक्कर, दो की मौत

संवाददाता, जौनपुर



हादसे का शिकार हुई पिकअप। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले के बक्सा थाना क्षेत्र के जौनपुर सुल्तानपुर राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर शम्भूगंज आदर्श इंटर कालेज के समीप वैसपार गांव के पास शनिवार की भोर में ट्रेलर के भीषण टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई और वाहनों के परखच्चे उड़ गए। बताया जाता है कि बिगड़ गई पिकअप को किनारे लगाकर एक से दूसरे पर चाऊमीन लादा जा रहा था। इस दुर्घटना में दो की मौके पर मौत हो गयी जबकि एक पिकप का चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतना भीषण रहा की दोनों पिकप के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए आवागमन को सुचारू रूप से चालू करवाया। घटना की सूचना सुबह मिलते ही थाने व घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर जनपद के लालडिग्गी कोतवाली निवासी 35 वर्षीय गौतम घोष पिकअप से जौनपुर से चाऊमीन लाद कर सुल्तानपुर जनपद में सप्लाई करता था।

शुक्रवार की देर रात्रि करीब 3 बजे गौतम अपने पिकअप चालक 30 वर्षीय गोलू के साथ घटनास्थल पर पहुँचा ही था, तभी पिकप खराब हो गयी। गोलू के पास शिव गुलामगंज उमरपुर निवासी 25 वर्षीय मैजिक चालक सचिन गुप्ता का मोबाइल नम्बर था। फोन करने पर सचिन अपना वाहन लेकर मौके पर पहुँच गया। दोनों वाहन सड़क किनारे कर एक दूसरे में चाऊमीन लाद रहें थे, उसी दौरान सुल्तानपुर की ही तरफ तेज गति से जा रहा ट्रेलर चालक असंतुलित होकर दोनों वाहनों में जोरदार टक्कर मारते हुए सौ मीटर दूर पहुँच गयी। मौके से ट्रेलर चालक भाग गया। उधर, दुर्घटना के बाद शिवगुलामगंज उमरपुर निवासी चालक सचिन गुप्ता की तथा सुल्तानपुर जनपद निवासी वाहन मालिक गौतम घोष की मौके पर मौत हो गयी, जबकि दूसरे चालक गोलू को गम्भीर चोटें आई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेजते हुए दोनों शवों को थाने ले जाकर मृतक के परिजनों को सूचित किया। सुबह थाने पर भारी भीड़ लग गयी। मृतक गौतम घोष अपने पिता उत्तम घोष का एकलौता संतान था, जबकि सचिन वाहन खरीद कर चलाने व पिता शिवगुलामगंज में सब्जी बेचते कर परिवार का भरण-पोषण करते थे।

# प्रधान की हत्या में चार पर मुकदमा

**कुंडा, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** ग्राम प्रधान की गला रेत कर की गई हत्या के मामले में आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

महेशगंज थाना क्षेत्र के डिहवा जलालपुर गांव निवासी करुणेश कुमार(40) उर्फ मम्मन पुत्र हरिकेश बहादुर सिंह ग्राम प्रधान थे। उनका शव शुक्रवार की शाम कुंडा कोतवाली क्षेत्र के अवसान देवी धाम जाने वाले रास्ते पर बाग में कार में मिला था। कुण्डा कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने बताया कि एक नामजद सहित चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है,जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर खुलासा किया जाएगा।

# ईद उल फित्र की तरह इस बार ईद उज जुहा भी दो दिन

संवाददाता, प्रयागराज।

**अमृत विचार:** ईद उज़ जुहा यानि इस्लामिक माह जिलहिज्जा के चांद को लेकर इस बार भी विरोधाभास के कारण 17 जून व 18 जून दो दिन ईद ए क़ुरबां का पर्व मनाया जाएगा। शुक्रवार 29 ज़ीक़ाद को शिया मरकज़ी चांद कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नक़वी ने चांद की तसदीक़ कर दी।

प्रयागराज की मरकज़ी चांद मजलिस रुयते हेलाल जामा मस्जिद हज़रत मौलाना शाह वसी उल्ला के सेक्रेटरी अहमद मकीन मज़ाहरी ने भी शुक्रवार को चांद देखे जाने और 17 जून को ईद उज़ जुहा मनाए जाने का ऐलान किया। वहीं सुन्नत जमात की ओर से शुक्रवार को चांद के दीदार न होने की बात कही गई। शनिवार को चांद की तसदीक़ हुई तो रविवार को जिलहिज्जा की पहली के ऐतेबार से 18 जून को सुन्नत जमात का बड़ा तबक़ा ईद उज़ जुहा मनाएगा। उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के मुताबिक़ इस बार ईद उल फित्र की तरह ईद उज़ जुहा भी दो दिन 17 व 18 जून को मनाया जाएगा। ईदगाह ,जामा मस्जिद सहित सभी छोटी बड़ी मस्जिदों में तय समय पर ईद उज़ जुहा की विशेष नमाज़ अदा कि जाएगी।

# 7.50 लाख नकदी समेत जेवरात चोरी

**जौनपुर, अमृत विचार:** जिले के सरपतहां थाना क्षेत्र के गैरवाह-नजोपुर गांव में साढ़े 7 लाख नकदी सहित जेवरात चोरी होने की घटना प्रकाश में आयी है। मामला बीते शुक्रवार की रात का है जब उक्त गांव निवासी जयसराज पुत्र हिरजू परिवार के साथ मकान में सो रहे थे कि चोर रात को मकान की दीवाल तोड़कर मकान के भीतर घुस गये और घर में रखा साढ़े 7 लाख नकदी व सोने-चांदी के जेवर पार कर दिये। गृहस्वामी को सुबह जब घटना की जानकारी हुई तो वह अवाक रह गया। पीड़ित ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी जिस पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक छानबीन की।

# बड़े पैमाने पर थाना प्रभारी, दरोगा व सैकड़ों सिपाहियों का होगा तबादला

संवाददाता, प्रयागराज।

**अमृत विचार:** जिले में पुलिस कमिश्नरेट की तबादला एक्सप्रेस में जल्दी ही थाना प्रभारी, दरोगा और सिपाही सफर करने वाले है। मतलब जिले में थाना प्रभारियों, दरोगाओं वह सेटिंगबाज सिपाहियों पर गाज गिरने वाली है।

लोकसभा चुनाव के पहले से ही थानेदारों, दरोगा और सेटिंगबाज सिपाहियों की मिल रही शिकायतों के आधार पर डीसीपी और एसीपी ने सूची तैयार की है। चुनाव आचार संहिता को लेकर यह ट्रांसफर सूची रोकी गयी थी। अब प्रयागराज कमीश्नर रमित शर्मा के आदेश पर ने एक बड़ी सूची तैयार की है। जिस सूची में मनमानी करने वाले थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी और सेटिंग करने वाले सिपाहियों को शिकायतों के आधा पर कार्रवाई की तैयारी है। विभागीय सूत्रों की माने तो जल्दी यह कई थानों के प्रभारी पैदल होने वाले है। उन्हें लाइन हाजिर करके पुलिस लाइन का रास्ता दिखाया जायेगा। इसके अलावा अब कुछ नए इंस्पेक्टरों को मौका मिलने वाला है। इतना ही नही ग्रामीण इलाकों मे तैनात रहकर मजा करने वाले सिपाहियों को अब शहर मे तैनात किया जायेगा। तैयार की गयी सूची की बात करें तो सिपाहियों की संख्या लगभग सौ से ऊपर है। थाना प्रभारी की सूची में लगभग 12 नाम शामिल है। इसके अलावा 60 चौकी प्रभारी का तबादला होना तय है।

# अशरफ के दोनों सालों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

संवाददाता, प्रयागराज।

उमेशपाल हत्याकांड

- पुलिस रिकार्ड में दर्ज हुआ 34 बी व 35 बी नंबर

**अमृत विचार:** माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के बाद अब उनके रिश्तेदारों पर गाज गिरना शुरु हो गयी है। पुरामुफ़्ती पुलिस ने अब माफिया अशरफ के साले जैद मास्टर और सद्दाम की हिस्ट्रीशीट खोलते हुए हिस्ट्रीशीट नंबर जारी कर दिया है। सद्दाम को मिला नंबर 34 बी व जैद मास्टर को 35 बी नंबर जारी किया गया है।

अशरफ का साला सद्दाम इन दिनों बदायूं जेल में बंद है। वह उमेशपाल हत्याकांड मामले में आरोपी बनाया गया है। जैद मास्टर पर 2009 से 2024 तक कई अपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जबकि सद्दाम पर 2015 से अब तक कुल 15 मामले दर्ज हैं। वह इस घटना की पूरी साजिश में शामिल हुआ था। जेल में बंद रहे अशरफ से सभी शूटरो को सद्दाम ने ही मिलवाया था। उमेशपाल हत्याकांड के बाद बरेली जेल में लगे सीसीटीवी फुटेज से सारा सच सामने आया था। दोनो को हिस्ट्रीशीटर घोषित कर दिया गया है। जिसके बाद जैद मास्टर की हिस्ट्रीशीट नंबर 35 बी है। जबकि सद्दाम की हिस्ट्रीशीट नंबर 34 बी है।

# जनादेश से मोदी-योगी को संभलने की है जरूरत : पुरी शंकराचार्य

संवाददाता, झूंसी, प्रयागराज।

- छह दिवसीय प्रवास पर शिवगंगा आश्रम पहुंचे पुरी शंकराचार्य



वर्धन मठ पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती।

**अमृत विचार:** गोवर्धन मठ पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में पूरे देश से भाजपा को मिले जनादेश के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वह प्रदेश के सीएम योगी को संभलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं इसके पीछे उनका अहंकार है।

पुरी शंकराचार्य ने कहा कि अगर अभी ये न संभाले तो इनका अहंकार इन्हें और गिरा देगा। कहा कि इस वक्त दोनों में अहंकार की पराकाष्ठा है। पुरी शंकराचार्य ने यह बातें शनिवार को अपने झूंसी के शिवगंगा आश्रम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। आम लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिले जनादेश को लेकर किए गए सवाल पर पुरी शंकराचार्य ने यह बातें कहीं। पुरी शंकराचार्य ने कहा कि संतों की वाणी परिस्थिति को बना देती और और घटना को बता देती है। उदाहरण के लिए अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम जी को प्रतिष्ठित किया। उन्होंने सोचा कि इसका परिणाम भाजपा के पक्ष में होगा। उन्होंने शास्त्रीय मर्यादा का उल्लंघन जान बूझकर किया। ऐसा सुना है कि भाजपा अयोध्या में भी हार गई। सीएम योगी 32 साल से मेरे परिचित है, लेकिन उन्होंने मुझे मुंह की देने के लिए एक आतंकवादी को शंकराचार्य के रूप में बुलाना शुरू किया और उसे स्थापित किया। शंकराचार्य और धर्माचार्यो को लेकर मोदी और योगी में जो अहंकार की पराकाष्ठा है। उन्हें अब संभलने की आवश्यकता है। पुरी शंकराचार्य ने कहा कि नरसिंहराव आए और मुझसे टकराए, सबको पता है उनकी क्या दुर्गति हुई। ज्योति बसु, मुलायम सिंह यादव और लालू यादव मुझसे टकराए। जो सत्ता में आता है, वह पुरी शंकराचार्य से टकराता है। हम किसी से टकराते नहीं, लेकिन अगर कोई मुझे टकराता है तो मैं तो हार मानता नहीं और वह चारों खाने चित हो जाता है। मोदी और योगी की ओर इशारा करते हुए पुरी शंकराचार्य ने कहा कि अभी भी यह अगर न संभले तो चारों खाने चित हो ही जाएंगे। कहा कि अभी सपा और कांग्रेस वाले होली मना रहे हैं। केंद्र में बनने वाली गठबंधन की सरकार को लेकर किए गए सवाल पर पुरी शंकराचार्य ने कहा कि तोड़फोड़ और खरीद बिक्री का काम तो चलता है लेकिन अब छाती की चौड़ाई वो नहीं रह पाएगी, वाणी में पहले वाली ओजस्विता भी नहीं रहेगी।

## सार-संक्षेप

### 10 को नए प्रेक्षागृह का उद्घाटन करेंगी राज्यपाल

**संवाददाता प्रयागराज। अमृत विचार :** एनसीजेडसीसी की ओर से नवनिर्मित अत्याधुनिक प्रेक्षागृह का 10 जून एन को उद्घाटन होगा। मुख्य अतिथि प्रदेश की राज्यपाल और एनसीजेडसीसी की अध्यक्ष आनंदी बेन पटेल सोमवार को शाम छह बजे आयोजित समारोह में प्रेक्षागृह का शुभारंभ करेंगी। केंद्र के निदेशक प्रो. सुरेश शर्मा के अनुसार समारोह की मुख्य अतिथि संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव अमिता प्रसाद सारभाई होंगी। प्रेक्षागृह का निर्माण लगभग तीन करोड़ की लागत से किया गया है। 400 सीटों वाले प्रेक्षागृह को ईको-फ्रेंडली बनाया गया है।

### राजा भैया से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल

**संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** सिविल बार एसोसिएशन कुंडा के अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल शनिवार को बेती पहुंचा। जनसत्तादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया से मिला। बार के अध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव की अगुवाई में पहुंचे अधिवक्ताओं ने शिष्टाचार मुलाकात करते हुए न्यायालय के विकास के लिए अधिवक्ताओं की समस्याओं अवगत कराया। राजा भैया ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रतिनिधि मंडल में संघ के अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, महामंत्री घनश्याम शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता हनुमान पाण्डेय, सत्य नारायण पाण्डेय, सतीश वर्मा, रोशन लाल, प्रवीण कक्कड़, दीपू, सिद्धार्थ शुक्ल,विद्याधर मिश्र आदि रहे।

### अनियंत्रित पुलिस जीप पलटी,दरोगा सिपाही-होमगार्ड घायल

**संवाददाता, गौरा, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** फतनपुर थाने की पुलिस की जीप अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खड्ड में जाकर पलट गई। जिसमें सवार दरोगा, सिपाही व चालक होमगार्ड घायल हो गए। संयोग रहा कि कोई अनहोनी नहीं हुई। फतनपुर थाने के एसआई विंध्यवासिनी सिंह शनिवार भोर में गश्त से वापस आ रहे थे। रायबरेली जौनपुर हाईवे पर सेनापुर पेट्रोल पंप के पास जीप के सामने अचानक नीलगाय आ गया,जिसे बचाने के चक्कर में पुलिस जीप अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खड्ड में जाकर पलट गई। जीप में बैठे एसआई विंध्यवासिनी सिंह, कांस्टेबल दुर्गेश, चालक मो.यूसुफ होमगार्ड को हल्की चोटें आई। दुर्घटना से पुलिस जी भी क्षतिग्रस्त हो गई।

### थाना समाधान दिवस पर आये दो मामले



समस्या सुनते अधिकारी।

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार लालगंज मधु जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। थाना समाधान दिवस पर दो मामले भूमि से संबंधित पड़े मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। नायब तहसीलदार ने कहा कि थाना समाधान दिवस पर आने वाले प्रार्थना पत्र का समय से निस्तारण करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। आये दिनों मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया है।

### श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के नदना गांव निवासी श्रमिक नरेश कोल (40) की शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में घर से दो सौ मीटर दूर तालाब के पास मौत हो गई। ग्रामीणों ने श्रमिक को तालाब के भीटे पर मृत अवस्था में देखकर इसकी सूचना ग्राम प्रधान मनोज शर्मा को दिया। मौके पर श्रमिक के परिजनों के साथ पंहुचे ग्राम प्रधान ने देखा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। श्रमिक नरेश कोल प्रयागराज जनपद में मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। शुक्रवार को प्रयागराज से अपने घर आया था कि शनिवार की सुबह घर से लगभग दो सौ मीटर दूर स्थित तालाब की ओर गया था, जहां पर संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई है। ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने लू लगने से मौत होने की आशंका जता रहे हैं। श्रमिक के परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। इस संबंध में ग्राम प्रधान नदना मनोज शर्मा ने बताया कि तालाब की ओर गये श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। संभवत: लू लगने से श्रमिक की मौत हुई है।

### चार करोड़ के सोने से सजेगा मां विंध्यवासिनी देवी का गर्भगृह




सोने के गेट के साथ कारोबारी। अमृत विचार

**संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार :** आस्था का केंद्र विंध्याचल धाम में स्थित विंध्यवासिनी देवी के गर्भगृह में सोने-चांदी का गेट लगाया जा रहा है। मां के भक्त मुंबई के कारोबारी इसे लगवा रहे हैं। इसकी लागत चार करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है। गर्भगृह में शुक्रवार के तीन बजे से ही इसे लगाने का काम चल रहा है। इसमें करीब एक सप्ताह का वक्त लगेगा। मिर्जापुर के विश्व प्रसिद्ध विंध्याचल धाम में विंध्य कॉरिडोर के निर्माण के बाद से ही श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। मां के भक्त देश-दुनिया में हैं। इन्हीं में से एक यूपी के भदोही के रहने वाले संजय सिंह हैं। मुंबई में उनका कारोबार चलता है। उनकी कंपनी ही मां विंध्यवासनी के गर्भगृह में लगभग साढ़े चार करोड़ की लागत से सोने-चांदी से निर्मित गेट लगवा रही है। मां विन्ध्यवासिनी के गर्भगृह में चार किलो सोना और 51 किलो चांदी लगेगा। मां विंध्यवासिनी देवी के गर्भगृह को मुंबई के चार कारीगर स्वर्ण मंडित कर रहे हैं। पंडा समाज के राजेश मिश्रा ने बताया कि संजय ने अपने पिता के मनोकामना को लेकर यह काम करवा रहे हैं। इसमें सदर विधायक रत्नाकर मिश्रा, पंडा समाज और जिला प्रशासन भी सहयोग दे रहा है।

### आम तोड़ने के विवाद में किशोरी को मारी गोली, गंभीर

**संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** रानीगंज कैथौला पुलिस चौकी अन्तर्गत वीरसिंहपुर गांव में शनिवार सुबह आम तोड़ने में विवाद हो गया। विपिन तिवारी पुत्र छेदी लाल तिवारी की भतीजी सौम्या (16) पुत्री अम्बिकेश तिवारी गांव स्थित आम के पेड़ से आम तोड़ने गयी थी। इसी दौरान रंजिश को लेकर पड़ोसी देवेन्द्र, कमलेश व उसके पुत्र आदर्श वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। किशोरी के विरोध करने पर कमलेश ने तमंचे से फायरिंग कर दिया। जिससे शरीर में कई जगहों पर छर्रे लगने से सौम्या गंभीर रूप से घायल हो गयी। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने घायल सौम्या को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना को लेकर घायल किशोरी के चाचा विपिन तिवारी ने पुलिस को देवेन्द्र व उनके पुत्र कमलेश तथा कमलेश के पुत्र आदर्श समेत तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। चौकी इंचार्ज रानीगंज कैथौला सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि आम तोड़ने के विवाद में घटना हुई है। जमीनी रंजिश का मामला भी संज्ञान में आया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

### अमित ने जनपद का बढ़ाया मान



**संवाददाता, जौनपुर, अमृत विचार :** जिले के महाराजगंज महाराज क्षेत्र के चेती शंकरगंज निवासी लक्ष्मीकान्त यादव के पुत्र अमित यादव ने नीट-2024 परीक्षा में 676 अंक प्राप्त करके परिवार, क्षेत्र व जनपद का नाम रोशन कर दिया। बता दें कि अमित ने सरदार वल्लभ भाई पटेल विद्यालय मीरा भयंदर मुम्बई से 10वीं और 12वीं की पढ़ाई किया। उनके पिता लक्ष्मीकांत यादव प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं एवं माता अनीता यादव गृहणी हैं। बातचीत के दौरान अमित यादव ने बताया कि वे हर रोज 10 से 12 घण्टे पढ़ाई करते थे। सफलता हासिल करने के लिये कंसिस्टेंसी बहुत जरूरी है। मोबाइल एवं सोशल मीडिया से दूर रहकर तैयारी करना सफलता की ओर ले जायेगा। वहीं अमित अपनी इस सफलता का क्षेत्र अपने माता-पिता को देते हैं।

### वन भूमि पर कब्जा को रेंजर ने कराया खाली

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार :** स्थानीय वन रेंज के अंतर्गत देवघटा पांडेय गांव में वन भूमि पर मड़हा लगाकर किये गये अतिक्रमण को शनिवार को वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र व डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी, वन दारोगा अजय प्रकाश, चंद्रशेखर प्रजापति, वन्यजीव रक्षक रामदास आदिवासी, शीतला बक्स सिंह ,अरविंद कुमार ,राजकुमार वर्मा ,के साथ मौके पर पंहुचकर वन भूमि पर मड़हा लगाकर किए गए कब्जे को ध्वस्त कराते हुए तत्काल वन भूमि को कब्जा मुक्त करा दिया गया है। साथ ही वन भूमि पर कब्जा कर रहे अतिक्रमण कर्ता को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि अगर दोबारा वन भूमि पर किसी भी प्रकार का कब्जा करते हुए पकड़े जायेंगे तो एफआईआर की कार्रवाई किया जायेगा। इस संबंध में डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी ने बताया कि देवघटा पांडेय वन भूमि पर अबैध रुप से मड़हा लगाकर किये गये कब्जे को तत्काल वन विभाग की टीम के साथ पंहुचकर मड़हे को ध्वस्त कराते हुए अतिक्रमण को खाली करा दिया गया है।

## एक नजर

### बाल उत्पीड़न में पिता को भेजा गया जेल

सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र धम्मौर के भाई में कलयुगी पिता द्वारा पुत्री के साथ मारपीट व हैवानियत के मामले में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। सोशल मीडिया पर पुत्री के साथ हैवानियत के वीडियो व फोटो चलने पर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए भाई के धर्मेंद्र साहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। वहीं पुत्री व उसके दो छोटे भाइयों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पुलिस ने पेश किया। जिन्हें बाल कल्याण संरक्षण गृह लखनऊ में संरक्षण के लिए भेज दिया गया है।

### लकड़ी काटकर ले जा रहे दो लोगों पर केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : अवैध लकड़ी काटकर ले जा रहे दो लोगों के विरुद्ध वन दरोगा ने नामजद केस दर्ज कराया है। कादीपुर रेंज के वन दरोगा राकेश कुमार चौहान की दी गई तहरीर पर लंभुआ थाने के जमखुरी गांव के दिनेश कुमार एवं कादीपुर के राजेश निषाद के विरुद्ध शनिवार को वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि उक्त दोनों लोग अवैध रूप से लकड़ी काटकर ट्रैक्टर पर लाद कर ला रहे थे। जिन्हें दरोगा ने संत तुलसीदास पीजी कॉलेज के पास पकड़ लिया और दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कराया।

### करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

मुडिलाडीह, सुलतानपुर, अमृत विचार : कादीपुर थाना क्षेत्र के मुडिला डीह निवासी राजेश कुमार (37) घर मे टेबल फैन लगाकर सो रहे थे। टेबल फैन में करंट उतर रहा था। अचानक वह टेबल फैन की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में सीएचसी कादीपुर लाया गया, जहा चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया।

# नवनिर्मित मकान का छज्जा गिरा, दबकर दो लोगों की मौत

## कोतवाली नगर के निराला नगर वार्ड के घसियारीमंडी मोहल्ले का मामला, पखवाड़े भर के बजाए सप्ताह भर में ही मकान का खोला जा रहा था स्लैब

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली नगर के निराला नगर वार्ड के घसियारी मंडी मोहल्ले में नवनिर्मित मकान का छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया। छज्जे के मलबे की चपेट में आकर चार लोग घायल हो गए। अस्पताल में इलाज के समय दो लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने लखनऊ केजीएमयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। एक का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के घसियारी मंडी निवासी राजमिस्त्री दीपक वर्मा (37) पुत्र राजा राम ने अपने मकान के दूसरे तल पर करीब एक महीने पहले स्लैब डाला था। इस बीच मकान का छज्जा टेढ़ा हो गया था। इस पर दीपक वर्मा ने छज्जे की करीब एक सप्ताह पहले दूसरी बार फिर से ढलाई की। इस बीच छज्जा के चारो तरफ ईंट की बाउण्ड्रीवाल भी खड़ी कर दी। स्लैब खोलने के बाद मजदूर लगाकर छज्जे का प्लास्टर कराया जा रहा था। अचानक छज्जा व बाउण्ड्री दोनों भरभरा कर गिर गई। छज्जा का प्लास्टर कर रहे मजदूर किशुन वर्मा (35) पुत्र राम कुमार व राजमिस्त्री दीपक दोनों जमीन कर गिर गए। इसके साथ ही मालती देवी वर्मा (80) पत्नी कालूराम व राहगीर राम लखन वर्मा (38) पुत्र द्वारिका प्रसाद भी मलबे की चपेट में आकर दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को गम्भीर हालत में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के अधीन पुरुष अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने मालती देवी को मृत घोषित कर दिया। राम लखन की इलाज के समय मौत हो गई। हादसे की सूचना पर नगर कोतवाली निरीक्षक श्री राम पांडेय ने घटनास्थल की जांच की। हादसे में मृत मालती व राम लखन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।


घसियारी मंडी मोहल्ले में ढहा मकान का छज्जा और बिखरा पड़ा मलबा। अमृत विचार

## विद्युत पोल पर काम कर रहे सहायक की गिरने से मौत

कूरेभार, सुलतानपुर : आए दिन विद्युत विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते संविदा कर्मियों के साथ-साथ उनके सहायकों की विद्युत पोल से गिरकर मौत हो रही है। फिर भी विभाग के आलाधिकारी कार्रवाई के बजाए लीपापोती कर मामले में इतिश्री कर लेते है। दो दिन पहले मोतिगरपुर में पोल पर चढ़े ठेका लाइनमैन की मौत के बाद शुक्रवार की रात कूरेभार में एक हादसे में संविदा कर्मी की पोल से गिरकर मौत हो गई। शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे थाना क्षेत्र कूरेभार के श्रीरामपुर मजरे इरुल गांव में संविदा कर्मी मुकेश पुत्र जयलाल निवासी लमकना दूबेपुर के साथ उनके सहायक के रूप में अनिल कुमार पाठक (44) पुत्र स्व. रमाशंकर निवासी पाठक का पुरवा मजरे दाखिवारा थाना कूरेभार गया था। विद्युत पोल पर लोहे के पैडेल के सहारे चढ़कर काम कर रहा था कि अचानक उसका पैडल नीचे सरक गया और वह विद्युत पोल से नीचे सड़क पर गिर गया। आनन-फानन में संविदा कर्मी के साथ विभागीय लोगों ने उसे सीएचसी कूरेभार पहुंचाया, जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।


अनिल की फाइल फोटो।

### पांच बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

इस घटना से पत्नी का जहां सुहाग उजड़ गया वहीं, पांच वच्चों के सिर से पिता का सया उठ गया। मृतक के एक बेटी तथा चार बेटे हैं, जिसमें अभी केवल करिश्मा (21) की शादी हुई है। बेटा नीलेश (23), नितेश (16), विवेक (12) तथा सबसे छोटा बेटा तनिष्क अभी पांच वर्ष का है। इस दर्दनाक घटना से पत्नी सुनीता सहित बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# ग्रामीणों ने हाईटेंशन लाइन का किया विरोध

चांदा, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के बभनपुर गांव में 11 हजार वोल्टेज का हाई टेंशन लाइन आबादी के बीचो-बीच खींचे जाने को लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष है। आरोप है कि संबंधित विभागीय अधिकारी इसे आवश्यक बात कर जबरिया लाइन बना रहे हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की है।

विद्युत वितरण उपखंड चांदा के अंतर्गत ग्राम बभनपुर स्थित है। गांव के पंकज कुमार की अगुवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में विभागीय अधिकारियों की मनमानी से उपजे असंतोष को लिखा है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि गांव के बीचो-बीच ग्यारह हजार की हाई टेंशन लाइन का खुला तार खींचकर लाइन बनाई जा रही है। इसी लाइन के आसपास में प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणों के कच्चे मकान, तथा छप्पर स्थित है। ग्रामीणों को आशंका है कि अगर यह लाइन बनाई गई और कभी इससे स्पार्क जैसी घटना हो गई तो बड़ी घटना बड़ी दुर्घटना की संभावना है। ग्रामीण एक राय होकर इसका विरोध कर रहे हैं।

**नाराजगी**

- आबादी के बीच से लाइन खींचे जाने से गांव वालों में रोष
- ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से की मामले की शिकायत

**उपखंड अधिकारी ने कहा कि रोका गया काम**

उपखंड अधिकारी अमित दुबे ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र कोइरीपुर पर एक नए फीडर को बनाया जाना है। जिससे नगर पंचायत और ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति को अलग किया जा सके। ग्यारह हजार हाई टेंशन लाइन को बभनपुर गांव से ले जाया जा रहा है। हालांकि ग्रामीणों के विरोध के बाद काम रोक दिया गया है।

अधीक्षण अभियंता लंभुआ जगदीश प्रसाद पटेल ने बताया कि अब ग्रामीणों से पूछ कर तो लाइन नहीं बनाई जा सकती है। हालांकि, लाइन गांव से होकर गुजर रही है। लेकिन सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाएगा।

# एसीएमओ के निरीक्षण में गायब मिले डॉक्टर

संवाददाता, सुलतानपुर, **अमृत विचार:** एडी के आदेश पर शनिवार की सुबह एसीएमओ ने बिरसिंहपुर सौ बेड अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में पर्याप्त साफ सफ़ाई न मिलने पर नाराज हुए। निरीक्षण के दौरान फिर छह डाक्टर समेत कई स्वास्थ्यकर्मी गायब मिले। बिरसिंहपुर सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय का अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राधा वल्लभ सुबह करीब साढ़े दस बजे औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने अस्पताल से निकलने वाले मेडिकल कचरे के निस्तारण की व्यवस्था कराए जाने को लेकर सीएमएस को जरुरी दिशा निर्देश दिया। अस्पताल में ड्यूटी से चार डाक्टर और तीन स्टाफ गायब मिले।

# किसी फरियादी को न करें परेशान: एसपी

- चुनाव के बाद पहले समाधान दिवस में लंभुआ पहुंचे पुलिस अधीक्षक

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के बाद शनिवार को लंभुआ कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार देवानंद तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस में कुल चार शिकायतें आई। मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो पाया। सभी शिकायतों को तहसीलदार ने सुनकर अधिकारियों को तत्काल उसका निस्तारण करने का निर्देश दिए।

समाधान दिवस का आवश्यक निरीक्षण करने एसपी सोमेन बर्मा पहुंच गए और उन्होंने समाधान दिवस में आए सभी प्रार्थना पत्रों का अवलोकन किया। कोतवाल अखंड देव मिश्र को सभी प्रार्थना पत्र के शीघ्रता के साथ निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश पर हम सभी थानों का निरीक्षण कर रहे हैं और समाधान दिवस की हकीकत जान रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का निर्देश है कि कोई भी फरियादी न्याय पाने से वंचित न रह जाए, इसका सभी अधिकारी विशेष ध्यान देंगे कि अनायास किसी फरियादियों को परेशान न करें। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल समेत पुलिस के अधिकारी एवं सिपाही मौजूद थे। एसपी ने कोतवाली देहात थाने का भी निरीक्षण किया।


लंभुआ कोतवाली में फरियादी की समस्या सुनते एसपी सोमेन बर्मा। अमृत विचार

## अद्भुत शृंगार


सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : शनिवार को बिजेथुआ महावीरन धाम में वाराणसी के प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ डा मदन मोहन मिश्र (मानस कोविद) के कृपा पात्र पं सूर्यदत्त पांडेय शनि महाराज ने हनुमान जी का भव्य व अलौकिक शृंगार कर हनुमत भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भोर से ही हनुमत भक्तों का तांता हनुमान जी की एक झलक पाने को बेताब दिखा। जैसे ही कपाट खुला हनुमान जी के जयकारों से परिसर गुंजायमान हो गया। संत शनी महाराज ने बताया कि अलौकिक व भव्य शृंगार करने के लिए शृंगार सामग्री काशी से लाई गई है। शृंगार करने में रिंकू मिश्र, विपिन पांडेय, रितेश मौर्य, राम जतन यादव, विवेक पांडेय, रामू, श्यामू, टुनटुन प्रजापति, विकास नाग आदि का सहयोग सराहनीय रहा। ● अमृत विचार

# हाईवे पर स्टंट कर रहे किशोर ने अधेड़ को मारी ठोकर, मौत

कूरेभार, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** स्थानीय थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर निहाल सिंह का पुरवा के पास किशोर ने बाइक के स्टंट से एक अधेड़ की जान ले ली है।

56 वर्षीय अधेड़ अनुपम कनौजिया अपना परिवार चलाने के लिए गुप्तारगंज कस्बे में काफी अरसे से लोगों के कपड़े प्रेस (स्त्री) करने का काम करता था। रोजाना की तरह वह अपनी दुकान बंद कर साइकिल से घर शहरी गांव जा रहा था। जैसे ही वह निहाल सिंह पुरवा के पास पहुंचा ही था कि जिला मुख्यालय की तरफ से बाइक से तेज रफ्तार में स्टंट करते हुए आ रहे किशोर ने अनुपम को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार किशोर भी सड़क पर रगड़ खाते हुए दूर जा गिरा। आनन-फानन में राहगीरों ने घायल किशोर को निजी साधन से सीएचसी कूरेभार भिजवाया और क्षेत्रीय पुलिस को सूचित किया। वहीं, अनुपम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ ने बताया कि किशोर का इलाज चल रहा है। मृतक के पक्ष से अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

## फंदे से लटका मिला किशोर का शव

सुलतानपुर, अमृत विचार। वाराणसी जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र के उवारीकला गांव निवासी विकास गौड़ (25) पुत्र हंसराज गौड़ जनपद के पयागीपुर स्थित एक रेस्टोरेंट में बेटर की नौकरी करता था। नगर कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणपुर पुलिस चौकी अंतर्गत हंस आश्रम के पास शुक्रवार की शाम को उसका फंदे से लटकता शव देखा गया। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


## वर्ग पहेली-95

**बाएं से दाएं**

1. 1. काटा हुआ 2. निरस्त किया हुआ, रद्द
2. क्रिकेट (खेल) का डंडा जो बल्लेबाज़ के ठीक पीछे (तीन की संख्या में) खड़ा होता है।
4. देवता से संबंधित
5. 1. विचारशील, सोचने-विचारने वाला 2. चिंतन की क्षमता वाला 3. आचार-विचार वाला, सोच-विचारकर चलने वाला।
7. एक प्रकार का अलंकार।
8. वह वस्त्र जो किसी राजा की ओर से सम्मानपूर्वक दिया जाता है, ख़िलअत।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. सोचने की क्रिया या भाव, अनुभूति 2. कल्पना, विचारण 3. परीक्षण 4. तर्क 5. (साहित्य) वह स्थिति जिसमें कविता या नाटक के पात्र के साथ पाठक या दर्शक का तादात्म्य होता है।
3. सोच-विचार करने में सक्षम, बुद्धिमान, चिंतनशील, समझदार।
4. 1. देवताओं के रहने का स्थान, स्वर्ग 2. मंदिर, देवालय।
6. 1. दुर्गा, पार्वती 2. (संगीत) बिलावल ठाठ की एक रागिनी।




**वर्ग पहेली -94 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 सं | स् | का | री | |
| 2 वि | | क | | | | 3 धू |
| भा | | ट | | 4 रे | | म |
| 5 ज | ग | म | गा | ह | ट | |
| न | | य | | न | | 6 फे |
| का | | | | ना | | र |
| री | | 7 ब | न | मा | ली | |

**सुडोकू-8**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 7 | | 2 | | | 5 |
| | 6 | 1 | | 8 | | 2 | | |
| | | | 3 | | 1 | | | 8 |
| | | | | 2 | | | 9 | 3 |
| | | 7 | 5 | | 4 | 6 | | |
| 4 | 8 | | | 1 | | | | |
| 2 | | | 1 | | 6 | | | |
| | | 8 | | 5 | | 1 | 4 | |
| 9 | | | 4 | | 8 | | | 6 |

**सुडोकू - 7 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 7 | 1 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 5 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 2 |
| 8 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 4 | 2 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 |

# मेडिकल कॉलेज में खून की दलाली करते पकड़े गए दो लोग

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में शनिवार को ब्लड बैंक के प्रभारी आरके मिश्रा ने दो युवकों संदिग्ध स्थिति में पकड़ लिया। प्रधानाचार्य कार्यालय में लाकर पूछताछ की तो पता चला कि दोनों युवक खून बेचने के नाम पर मरीजों से पैसा लेते हैं। पकड़े गए युवाओं का नाम चंचल और राज सिंह है।

अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजन ने बताया कि खून चढ़ाने के लिए जब वह लोगों से पूछ रही थी तभी उसको शुभम नाम का युवक मिला। 5 हजार रूपए लेकर पीड़ित को ब्लड दिलवाने की बात कही। बात तय होने पर शुभम ने अपने सहयोगी राज सिंह को जिला अस्पताल बुलवाकर खून भी निकवा लिया। जिस पर ब्लड बैंक के प्रभारी को मामला संदिग्ध लगा तो वह राज सिंह को प्रधानाचार्य कार्यालय में लेकर पहुंचे। प्रधानाचार्य डा. सलील श्रीवास्तव ने नगर कोतवाली पुलिस को बुलाकर खून के कारोबार करने वाले दोनों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया।



### सैकड़ों श्रद्धालुओं को वितरित किया गया प्रसाद


सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : पौराणिक धर्मस्थली विजेथुआ महावीरन धाम पर शनिवार को बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। भीषण गर्मी में हनुमान भक्तों के लिए मकरी कुण्ड सरोवर के दक्षिण दुर्गा मंदिर के निकट बूढ़ापुर निवासी संजय उपाध्याय, विपिन शुक्ला, मनीष शुक्ला व उत्तम शुक्ला की तरफ से नि:शुल्क भोग प्रसाद व प्याऊ की व्यवस्था की गई थी। कड़ी धूप के बाजवूद श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 15 .44 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 20 .20 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष:** आज का दिन किसी विशेष घटना से आपको अवगत कराएगा। कारोबार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रभावित रहेंगे।

**वृष:** आज अहंकारी व्यवहार के कारण कुछ नजदीकी लोग आपसे दूरी बनाने की कोशिश करेंगे। शाम के समय आपको अचानक धन लाभ हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखद और सौहार्दपूर्ण रहेगा। कड़े और मजबूत निर्णय आप ले सकते हैं।

**मिथुन:** आज विदेशों में जॉब के इच्छुक लोगों के लिए दिन काफी अनुकूल है। परिजनों के लिए आप कुछ उपहार खरीद सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। फिल्म और अन्य ललित कलाओं से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है।

**कर्क:** आज व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार परिणाम न मिलने से थोड़े मायूस हो सकते हैं, लेकिन इस बीच आप नया कुछ जानने की भी चेष्टा करते रहेंगे। मित्रों से आप अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। संभव है की आपको परेशानियों का समाधान मिल जाए।

**सिंह:** आज किसी कार्यक्रम में सम्मिलित भी हो सकते हैं। भविष्य को लेकर भय उत्पन्न होने की संभावना है। आपको अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना पड़ सकता है। जल्दबाजी में किए गए कार्य खराब हो सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**कन्या:** आज व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक ग्राहकों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे। विरोध करने लोग भी आपके अनुकूल हो जाएंगे। सभी काम अच्छी गति से होते रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**तुला:** आज मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। स्वतंत्र होकर काम करना पसंद करेंगे। सामाजिक हितों के कार्यों में आप भाग लेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। आप अपने काम को बदलने का भी विचार कर सकते हैं। व्यवसाय में सहयोगियों के साथ धन को लेकर मतभेद हो सकते हैं।

**धनु:** आज परिवार के लोग आपका काफी ध्यान रखेंगे। परिजनों के साथ कहीं घूमने की भी योजना बना सकते हैं, किंतु रात के समय वाहन चलाने से आपको बचना चाहिए। आप घर में काफी अच्छा समय बिताएंगे। प्रेमी जन से विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**मकर:** आज आंखों में दर्द की शिकायत हो सकती है। शोध कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा है। घर में साधु-संतों का आगमन हो सकता है। किसी कानूनी मामले का बातचीत से समाधान निकल सकता है। जीवनसाथी आपकी काफी मदद करेगा।

**कुंभ:** आज ऐसे लोगों के सामने अपनी बात न रखें जो आपका सम्मान न करते हैं। लोग आपका अपमान कर सकते हैं। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। कमीशन से जुड़े व्यवसाय में अच्छा लाभ हो सकता है। घर के रख-रखाव में धन खर्च होगा।

**मीन:** आज आप किसी अनावश्यक बात को लेकर परेशान रहेंगे। धार्मिक विषयों को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। छात्रों को पढ़ाई में बाधा का सामना करना पड़ेगा। आप आराम करने के मूड में रहेंगे। बिगड़े रिश्तों को सुधारने पर काम कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
फर्ज — दोपहर : 12 .00
मेला — रात : 07 .39

**Sony Pix**
ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 10 .38
इफ चैप्टर टू — रात : 08 .45

**&pictures**
खिलाड़ी 786 — सुबह : 10 .58
गली बॉय — रात : 08 .00

**Zee Cinema**
त्रिशूल — सुबह : 09 .50
सारांश — रात : 07 .45

**Colors Cineplex**
द रिर्टन ऑफ रिबेल — सुबह : 08 .26
पुलिसवाला गुंडा 2 — शाम : 05 .03

**आज की सुपरहिट फिल्म**



एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी तैयार होकर अपने पति से पूछती है, बताओ मैं कैसी लग रही हूं?
पति – कसम से दिल कर रहा है कि तुम्हें उठाकर पाकिस्तान फेंक आऊं
पत्नी – क्या मतलब ?
पति– मतलब कि तुम बम लग रही हो बम...

एक औरत साड़ी की दुकान पर साड़ी लेने गई।
दुकानदार– बताइए मैडम जी, आपको कैसी साड़ी दिखाऊ?
औरत– मेरी सास, जेठानी, नंद, पड़ोसन सब देखकर जल जाएं ऐसी साड़ी दिखाओ।

# संशोधन के लिए नीट-यूजी ग्रेस मार्क्स की होगी जांच

## नीट परीक्षा विवाद: गठित की गई समिति एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय को सौंपेगी

नई दिल्ली, एजेंसी




राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में अंक बढ़ाए जाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक (ग्रेस मार्क्स) वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय एक समिति गठित की है। एनटीए ने कहा कि समिति फिर से जांच करके अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें पेश करेगी, जिससे नतीजों में संशोधन में किया जा सके।

एनटीए ने किसी भी अनियमितता का खंडन करते हुए कहा है कि एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों में बदलाव तथा परीक्षा केंद्र में समय जाया होने के लिए दिए गए कृपांक विद्यार्थियों के अधिक अंक आने की वजह हैं। इस मुद्दे ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने कथित अनियमितताओं की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग की है। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पर्चा लीक, धांधली और भ्रष्टाचार कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गए हैं। पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर युवाओं को धोखा देने और उनके भविष्य से खेलने का भी आरोप लगाया है। कई वर्गों से पुनः परीक्षा कराने की मांग की जा रही है और आरोप लगाया गया है कि छह परीक्षा केंद्रों पर वक्त जाया होने की भरपाई के लिए दिए गए कृपांक के कारण अंक बढ़ गए हैं जिससे अन्य अभ्यर्थियों के अवसर प्रभावित हुए हैं। ये केंद्र मेघालय, हरियाणा के बहादुरगढ़, छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बालोद, गुजरात के सूरत और चंडीगढ़ में हैं। मेडिकल प्रवेश परीक्षा का परिणाम चार जून को घोषित किया गया था। परीक्षा में 67 अभ्यर्थियों ने पहला स्थान प्राप्त किया था, जिनमें से छह हरियाणा के एक ही केंद्र से थे। इस वर्ष परीक्षा के लिए रिकॉर्ड 24 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था।

एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा-1,500 से ज्यादा अभ्यर्थियों के नतीजों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय समिति एक हफ्ते में अपनी सिफारिशें पेश करेगी और इन अभ्यर्थियों के नतीजों में संशोधन किया जा सकता है। उन्होंने कहा-कृपांक दिए जाने से परीक्षा के योग्यता मानदंड पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और प्रभावित अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा से प्रवेश प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### महाराष्ट्र सरकार ने नीट परीक्षा को रद करने की मांग की, राज्य के छात्रों के साथ अन्याय का आरोप

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने पिछले महीने हुई राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) को तत्काल रद करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि नतीजों में राज्य के छात्रों के साथ अन्याय हुआ है। देश के 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा का आयोजन किया गया था और चार जून को इसका परिणाम जारी किया गया था, जिसके बाद अभ्यार्थियों ने परिणाम में धांधलेबाजी का आरोप लगाते हुए बताया कि 67 अभ्यर्थियों को शीर्ष रैंक के साथ 720/720 अंक मिले हैं, जिसमें हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र के छह अभ्यार्थी शामिल हैं। महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने इस मुद्दे पर शुक्रवार को बात करते हुए कहा-शायद नीट की परीक्षाएं पैसे लेकर आयोजित की गई थीं। इसके परिणाम ऐसे हैं कि महाराष्ट्र के किसी भी छात्र को राज्य के सरकारी या निजी कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश नहीं मिलेगा।

प्रधानमंत्री मोदी को दी बधाई...




गुरुकुल स्कूल ऑफ आर्ट के छात्र मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से पहले अपने हाथ से बनाई उनकी पेंटिंग के साथ पोज देते हुए। ● एजेंसी

## एक नजर

### दो आतंकियों की करोड़ों की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे दो आतंकवादियों की करोड़ों रुपये की संपत्ति को कुर्क कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, बारामूला के तिलगाम निवासी जलील अहमद राठेर और मोहम्मद अशरफ मीर आतंकवादियों के आकाओं के तौर पर पिछले कुछ समय से पाकिस्तान से गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र न्यायालय से कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद पुलिस ने आठ कनाल और चार मरला जमीन कुर्क की।

### पूर्वी दिल्ली में दो मंजिला इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में शनिवार दोपहर एक मकान में आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। एक अधिकारी के अनुसार पूर्वी आजाद नगर में आग लगने की सूचना दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मिली थी। उन्होंने बताया कि दो मंजिला इमारत के प्रथम तल पर आग लग गई थी, जिस पर दमकल की तीन गाड़ियों की मदद से काबू पाया गया। अधिकारी ने बताया कि आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

# उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी और कई घरों में लगाई आग

इंफाल, एजेंसी

**मणिपुर में फिर हिंसा**

● उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान में सहायता के लिए एक कमांडो की टुकड़ी भेजी गई

मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी और कई घरों में आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उग्रवादियों ने शुक्रवार देर रात करीब 12:30 बजे बराक नदी के किनारे चोटोबेकरा इलाके में स्थित जिरी पुलिस चौकी को आग के हवाले कर दिया था। राज्य की राजधानी इंफाल से लगभग 220 किलोमीटर दूर स्थित जिले के मोधुपुर क्षेत्र के लामताई खुनौ में पहाड़ी क्षेत्र के संदिग्ध उग्रवादियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर कई हमले किए।

जिरीबाम के जिलाधिकारी ने बताया कि जिरीबाम के बाहरी इलाके के कई घरों में आग लगा दी गई, हालांकि अभी सटीक संख्या की पुष्टि नहीं की जा सकती। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान में सहायता के लिए मणिपुर पुलिस की एक कमांडो टुकड़ी को शनिवार सुबह इंफाल से जिरीबाम भेजा गया। आंतरिक मणिपुर लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने राज्य सरकार से जिरीबाम जिले के लोगों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने का आग्रह किया है। अकोईजाम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा-मैंने जिरीबाम के जिला अधिकारियों से बात की है। उन्होंने कहा कि वहां अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी पहुंच गए हैं। शहर में रहने वाले लोगों को भी सुरक्षा दी जा रही है, लेकिन शहर के सीमाई क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा रही है।'' अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिरीबाम जिले में उग्रवादियों द्वारा कथित तौर पर एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर भड़की हिंसा के बाद यहां के लगभग 239 लोगों को उनके गांवों से निकाल कर जिरी शहर के खेल परिसर में स्थापित किए गए नए शिविरों में भेजा गया। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा 59 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर हुए विरोध-प्रदर्शन के बाद छह जून को जिला प्रशासन ने वहां अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया था।

# पोंजी फर्म का निदेशक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार

भुवनेश्वर, एजेंसी

**ओडिशा में 123 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला**

ओडिशा आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने निवेशकों से 123 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में एक कंपनी के निदेशक तुषार भांजो को पश्चिम बंगाल के हरिदेवपुर पुलिस थाने के अंतर्गत उसके आवास से गिरफ्तार किया है।

ईओडब्ल्यू सूत्रों ने कहा आरोपियों ने ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, असम, त्रिपुरा, महाराष्ट्र और यहां तक कि बंगलादेश के लगभग 34,000 निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की थी। आरोपी निदेशक भांजो को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं तथा आयकर अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था। उन्हें पांच जून को एसीजेएम, अल्लीपुर, कोलकाता की कोर्ट में पेश किया गया और ट्रांजिट रिमांड के आधार पर भुवनेश्वर लाया गया और शनिवार को कटक में अदालत के समक्ष पेश किया गया। कंपनी हरित कृषि निधि लि., मेसर्स ट्रांसविजन ड्रीम मल्टी ट्रेड प्रा. लि. और उसके निदेशक तुषार भांजों के खिलाफ शिकायतकर्ता मनमोहन डोरा के आरोप पर मामला दर्ज किया गया था।

# दिल्ली में 14 लड़कियों सहित 21 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त


**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस, जिला अधिकारियों और स्वैच्छिक संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के समन्वय से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से चलाए गए एक अभियान के तहत दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से 14 लड़कियों सहित लगभग 21 बच्चों को छुड़वाया गया। राष्ट्रीय राजधानी में दो प्लेसमेंट एजेंसियों पर छापों की कार्रवाई में 14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बीबीए की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने दिल्ली के उत्तर-पश्चिम और पश्चिमी जिलों में 10 स्थानों पर छापेमारी की। बीबीए ने कहा-बच्चों को शिक्षा दिलाने का झांसा देकर तस्करी कर लाया गया था।

# एकतरफा कार्रवाई के विरोध में बीकेई ने निकाला रोष मार्च

सिरसा, एजेंसी

**कंगना रनौत हवाई अड्डा प्रकरण**

● बीकेई ने निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा



पंजाब के मोहाली हवाई अड्डे पर हुए घटनाक्रम में महिला सीआईएसएफ कर्मचारी कुलविंदर कौर के खिलाफ की गई एकतरफा कार्रवाई के विरोध में शनिवार को भारतीय किसान एकता (बीकेई) ने सिरसा में जोरदार रोष मार्च निकाला गया। रोष मार्च यहां नेहरू पार्क से शुरू होकर जनता भवन रोड से होते हुए सुभाष चौक, शहीद भगत सिंह चौक, सुरखाब चौक पर आकर संपन्न हुआ।

बीकेई ने निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। बीकेई प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की फितरत बन चुकी है कि वह किसानों और उनके परिवारों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत का विवादों के साथ पुराना रिश्ता है। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ जवान कुलविंदर कौर पिछले 16 सालों से अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभा रही हैं। शहीद भगत सिंह एयरपोर्ट पर पिछले ढाई साल से उसकी पोस्टिंग है। इतने लंबे समय में एक भी शिकायत उसके खिलाफ नहीं है। फिर कंगना रनौत के साथ ही ऐसा क्यों हुआ, यह भी जानने का विषय है। अलौख ने कहा कि प्रशासन कुलविंदर कौर द्वारा मोहाली हवाई अड्डे पर कंगना रनौत को थप्पड़ मारने की सच्चाई को छिपाकर उसे गलत तरीके से पेश कर रहा है। सुश्री रनौत की शुरू से यह आदत रही है कि वह हमेशा भडक़ाऊ बयान देकर समाज में अराजकता फैलाती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद भी देश को बांटने वाले और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़वाने वाले बयान देते रहते हैं।

### भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ मामला दर्ज हो : मजीठिया

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने शनिवार को मांग की कि फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ एक सरकारी कर्मचारी के कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज होना चाहिए। श्री मजीठिया ने एक्स पर वीडियो संदेश जारी कर इस पर ऐतराज उठाया कि सीआईएएफ जवान कुलविंदर कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और रनौत के खिलाफ नहीं। उन्होंने पंजाब की भगवंत सिंह मान सरकार पर भारतीय जनता पार्टी के दबाव में कार्यवाही करने का आरोप लगाया और मामले की उच्च न्यायालय की निगरानी में जांच करने की मांग की।

### सुरक्षाकर्मियों को कानून हाथ में नहीं लेना चाहिए : शबाना आजमी



**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी ने अभिनेत्री से नेता बनीं कंगना रनौत को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक महिला कॉन्स्टेबल द्वारा कथित तौर पर थप्पड़ मारे जाने की घटना पर शनिवार को कहा कि सुरक्षाकर्मियों को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। रनौत ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान एक कॉन्स्टेबल ने उनके चेहरे पर थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1105 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 90,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,400-54,600 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,000 |
| चांदी पक्की | 885 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 91,700। |

# भारत में अपनी कंपनियों के माध्यम से रोमांचक काम करने को उत्साहित : मस्क

## ईवी कंपनी टेस्ला के मालिक ने प्रधानमंत्री मोदी को चुनाव में जीत की बधाई देते हुए कहा

नई दिल्ली, एजेंसी



अरबपति एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए कहा है कि वे अपनी कंपनियों के माध्यम भारत में रोमांचक कार्य किए जाने को लेकर उत्साहित हैं। मोदी 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह उनका प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। मस्क ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में जीत पर नरेन्द्र मोदी को बधाई! भारत में मेरी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले रोमांचक काम को लेकर उत्साहित हूं।

इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला और माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने इससे पहले अप्रैल में टेस्ला संबंधी भारी दायित्वों के कारण भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी थी। मस्क 21 और 22 अप्रैल को भारत दौरे पर रहने वाले थे। इस दौरान उनका प्रधानमंत्री मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम था। हालांकि, बाद में उन्होंने एक्स पर ही सूचित किया था कि वे इसी साल बाद में भारत दौरे पर आने के लिए उत्साहित हैं।

पिछले साल जून में मस्क ने मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने कहा था कि वह 2024 में भारत आने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया था कि टेस्ला जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की मस्क की शुभकामनाओं की सराहना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जवाब में एक पोस्ट में कहा कि एलन मस्क, आपकी शुभकामनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली भारतीय युवा, देश की जनसांख्यिकी, पूर्वानुमानित नीतियां और स्थिर लोकतांत्रिक राजनीति इसके सभी भागीदारों के लिए कारोबारी माहौल प्रदान करती रहेगी।

# पान मसाला और तंबाकू निर्माता कंपनियों को टैक्स चोरी में अब होगी मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

● जीएसटीएन ने तंबाकू निर्माताओं के लिए जारी किया नया फार्म

जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कर चोरी रोकने के लिए पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के लिए एक नया फार्म जारी किया है। इस फार्म के जरिए निर्माता कच्चे माल और तैयार माल का ब्यौरा कर अधिकारियों को देंगे। यह नया फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 है।

जीएसटीएन ने इससे पहले ऐसे निर्माताओं की मशीनों के पंजीकरण के लिए जीएसटी एसआरएम-1 फॉर्म जारी किया था। जीएसटीएन ने सात जून को अपने करदाताओं को सूचित किया, फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 नामक दूसरा फॉर्म भी पोर्टल पर उपलब्ध है। पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माण में शामिल करदाता अब संबंधित महीने के लिए खरीदे गए और खपत किए गए कच्चे माल और तैयार माल का विवरण बता सकते हैं। मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि नए फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 में कच्चे माल और तैयार माल का विस्तृत मासिक विवरण देना होगा।

### एसकेआरएयू के 20वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल

**बीकानेर।** राजस्थान में बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 20वां दीक्षांत समारोह 11 जून को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र होंगे। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने शनिवार को बताया कि विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बी.आर.छींपा, दीक्षांत अतिथि केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय इम्फाल के पूर्व कुलाधिपति कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो.राम बदन सिंह होंगे।

### बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आईपीओ के लिए दाखिल किए दस्तावेज

**नई दिल्ली।** बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 7,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास आरंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 4,000 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और मूल कंपनी बजाज फाइनेंस द्वारा 3,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। शेयर बिक्री भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियमों का पालन करने के लिए की जा रही है, जिसके अनुसार ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) को सितंबर, 2025 तक शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होना आवश्यक है।

# दूसरी उड़ान के लिए यात्रियों को चेक-इन नहीं ले जाना पड़ेगा अपना सामान

नई दिल्ली, एजेंसी

● दिल्ली हवाई अड्डे पर यात्रियों का सामान टर्मिनल-1 से सीधे टर्मिनल-3 पर पहुंचाने का प्रस्ताव



दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर उतरकर टर्मिनल-3 से दूसरी उड़ान में सवार होने वाले यात्रियों को जल्द ही अपना चेक-इन सामान नहीं ले जाना पड़ेगा। हवाई अड्डे का परिचालन करने वाली कंपनी डायल यात्रियों के सामान को अंदर ही हस्तांतरित करने की योजना बना रही है।

मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) को इस संबंध में नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की मंजूरी का इंतजार है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद टर्मिनल-1 से टर्मिनल-3 के बीच यात्रियों के चेक-इन सामान को अंदर ही हस्तांतरित किया जा सकेगा। अधिकारियों ने कहा कि इसी तरह, अंतर्राष्ट्रीय उड़ान के यात्रियों के लिए टर्मिनल-3 से टर्मिनल-1 तक अंदर ही अंदर सामान के हस्तांतरण पर भी विचार किया जाएगा।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें टर्मिनल-3 से संचालित होती हैं। एक बार नई व्यवस्था लागू होने के बाद यात्रियों को टर्मिनल-3 से कनेक्टिंग फ्लाइट लेते समय अपना सामान साथ नहीं ले जाना होगा।

# ब्रिटेन में निवेश करने में महाराष्ट्र-कर्नाटक व दिल्ली शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● सीआईआई और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार रिपोर्ट में किया गया खुलासा



ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाले भारत के शीर्ष तीन राज्य- महाराष्ट्र, उसके बाद कर्नाटक और दिल्ली हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार की गई एक नई संयुक्त रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

इस सप्ताह लंदन में पेश की गई रिपोर्ट से पता चला कि महाराष्ट्र में मुख्यालय वाली कंपनियों ने 2023 में ब्रिटेन में सबसे अधिक 20 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया। इसके बाद कर्नाटक (12 प्रतिशत) और दिल्ली (8.6 प्रतिशत) का स्थान है। शीर्ष 10 राज्यों में गुजरात (7.1 प्रतिशत), तमिलनाडु (6.7 प्रतिशत), तेलंगाना (6.5 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (5.9 प्रतिशत), हरियाणा (4.5 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (3.14 प्रतिशत) और केरल (3.05 प्रतिशत) शामिल हैं। यह भारत से ब्रिटेन में कुल एफडीआई का 78 प्रतिशत है। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने लंदन में रिपोर्ट जारी करते हुए कहा-भारत-ब्रिटेन गलियारे की पुनर्कल्पना करने वाले हमारे कारोबार सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण और आकांक्षाओं को साकार करेंगे। विश्लेषण में पाया गया कि कंपनियों और कर्मचारियों की संख्या के लिहाज से भारत से एफडीआई लाने वाला अग्रणी क्षेत्र आईटी और सॉफ्टवेयर है। अन्य निष्कर्षों में एक यह भी है कि पिछले वर्ष ब्रिटेन के छात्र वीजा में 5% की वृद्धि के साथ नए भारतीय छात्रों ने कुल मिलाकर ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में अनुमानित 4.3 अरब पाउंड का योगदान दिया है।



# भारत-पाकिस्तान के मुकाबले में पिच पर रहेगी नजर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

आत्मविश्वास से ओतप्रोत और हालात के अनुकूल ढल चुकी भारतीय टीम नासाउ काउंटी की पेचीदा पिच पर टी-20 विश्व कप के बहुचर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी जिसका मनोबल पहले ही मैच में मिली अप्रत्याशित हार ने तोड़ दिया है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा भीड़ खींचने वाला मुकाबला 34000 दर्शक क्षमता वाले नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जायेगा। इस मैदान की पिच लगातार चर्चा में बनी हुई है। इसकी भारी आलोचना के बाद आईसीसी ने आधिकारिक रूप से इसे स्वीकार किया। अब तक इस स्टेडियम पर हुए तीन मैचों की छह पारियों में दो बार ही टीमें सौ रन के पार पहुंच सकी है।

पूर्व क्रिकेटरों को तो यह भी लगता है कि कम स्कोर वाले मैचों से कैसे अमेरिकी बाजार में क्रिकेट का प्रचार प्रसार किया जायेगा। एडीलेड ओवल के मैदानकर्मी डेमियन हाउज के मार्गदर्शन में अप्रैल में यहां चार 'ड्रॉप इन' पिचें बिछाई गई जो अभी तक जम नहीं पाई हैं। पिच से मिल रहा असमान उछाल बल्लेबाजों की सुरक्षा पर सवालिया ऊंगली उठा रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आयरलैंड के खिलाफ मैच में कंधे में चोट लगी थी जिससे उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। रोहित ने मैच के बाद कहा था कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि पिच से क्या अपेक्षा की जाये। हम हालात के अनुरूप तैयारी करेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा। भारत के मैच के एक दिन बाद आईसीसी को पिच को लेकर तमाम आशंकाओं के निवारण के लिये बयान जारी करना पड़ा।



**मैच का समय : रात आठ बजे**

- **नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच की आलोचना के बाद आईसीसी ने इसे स्वीकारा**

## क्यूरेटर भी न्यूयॉर्क की पिचों को लेकर भ्रमित हैं : रोहित शर्मा


**न्यूयॉर्क।** नासाउ काउंटी मैदान के पिच के अप्रत्याशित बर्ताव से हैरान भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को कहा कि उन्हें नहीं पता कि पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले में इससे क्या उम्मीद की जाए क्योंकि यहां की ड्रॉप-इन विकेट को लेकर क्यूरेटर भी भ्रमित हैं। ड्रॉप-इन पिचों को आयोजन स्थल से दूर तैयार करने के बाद मैदान में लगाया जाता है। न्यूयॉर्क में खेले गये मैचों में कम स्कोर बने हैं। इसमें आयरलैंड के खिलाफ भारत का पहला मैच भी शामिल है, जब आयरलैंड 100 से कम स्कोर पर आउट हो गया था। आईसीसी को भी पिच की खामियों को स्वीकार करते हुए एक बयान जारी करना पड़ा। रोहित ने पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि न्यूयॉर्क हमारा घरेलू मैदान नहीं है। हमने यहां दो मैच खेले हैं लेकिन हमें इसकी प्रकृति के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। यह अलग-अलग दिनों में अलग-अलग तरीके से व्यवहार करता है, इसलिए क्यूरेटर भी भ्रमित है। उन्होंने कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि हमें किस तरह की सोच रखने की जरूरत है। हम नहीं जानते कि हम किस पिच पर पाकिस्तान के खिलाफ खेल रहे हैं, इसलिए जो भी बेहतर क्रिकेट खेलेगा वह मैच जीतेगा। रोहित ने कहा कि आउटफील्ड धीमी होने से चिंताएं और बढ़ गयी हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि आउटफील्ड धीमी है। कुछ शॉट्स को मैदान पर बहुत अधिक उछाल मिलता है, और कुछ मैदानी शॉट में गति नहीं रहती है। ऐसे में विकेटों के बीच दौड़ना महत्वपूर्ण है। हमें परिस्थितियों के अनुसार खेलने की जरूरत है। रोहित ने कहा कि बेहतर क्रिकेट खेलकर ऐसे बाहरी कारकों को बेअसर किया जा सकता है और टीम के उनके साथी अक्सर कठिन परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**पाकिस्तान:** बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मो. रिजवान, नसीम शाह, सैम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान।

# पाकिस्तान से मैच छीन सकते हैं कोहली और बुमराहः फवाद आलम

नई दिल्ली, एजेंसी



- **एक टीम के रूप में भारत बेहद संतुलित उनसे पार पाना होगा काफी मुश्किल**

पाकिस्तान के ऑलराउंडर फवाद आलम ने कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को अगर रविवार को होने वाले बहुप्रतीक्षित मैच में भारत को हराकर टी-20 विश्व कप में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसे विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे स्टार खिलाड़ियों पर लगाम लगानी होगी। भारत ने जहां आयरलैंड के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शुरुआत की वहीं पाकिस्तान को मेजबान अमेरिका से सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा।

आलम ने कहा कि विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह अपने अनुभव और कौशल से भारत की तरफ से मैच में अपनी छाप छोड़ेंगे। वे बड़ी आसानी से पाकिस्तान से मैच छीन सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में भारत बेहद संतुलित है और उनसे पार पाना वास्तव में बेहद मुश्किल होगा। पाकिस्तान की तरफ से 19 टेस्ट, 34 वन डे और 24 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले आलम ने कहा कि मोहम्मद आमिर को भारत के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन करना होगा जैसा कि उन्होंने 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में किया था।

## पाकिस्तान के खिलाफ भारत की स्थिति मजबूत : क्रिस गेल



**न्यूयॉर्क।** वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर क्रिस गेल ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में भारत को जीत का प्रबल दावेदार करार दिया। गेल ने रविवार को खेले जाने वाले मैच को लेकर आईसीसी से कहा कि पाकिस्तानी टीम का मनोबल गिरा हुआ है और उलटफेर वाली हार के बाद सीधे भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलना चुनौती है।

# बांग्लादेश ने श्रीलंका को 2 विकेट से हराया

## श्रीलंका ने 9 विकेट पर 124 रन का दिया लक्ष्य, बांग्लादेश ने 6 गेंद शेष रहते दर्ज की जीत

डैलस, एजेंसी

श्रीलंका को बौना साबित करते हुए बांग्लादेश ने शनिवार को टी-20 विश्वकप के रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से हरा दिया। ग्रैंड प्रायरी स्टेडियम में श्रीलंका के पहले खेलते हुये 9 विकेट पर 124 रन बनाए, जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 125 रनों का लक्ष्य छह गेंद शेष रहते 8 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

टी-20 विश्वकप के इतिहास में श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश की यह पहली जीत है। ग्रुप डी के मुकाबले में श्रीलंका एक समय 4 विकेट पर 100 रन बना कर मजबूत स्कोर की तरफ बढ़ रहा था मगर रिशाद हुसैन (22 रन पर 3 विकेट) ने पारी के 15वें ओवर में दो गेंदों पर चरिथ असलंका (19) और कप्तान वानिंदु हसरंगा (0) का विकेट लिया। उन्होने अपने अगले ओवर में धनंजय डिसिल्वा (21) को चलता किया, जिसके बाद श्रीलंका की पारी का पतन तेजी से शुरु हो गया और उसके 5 खिलाड़ी स्कोर में महज 24 रन का ही इजाफा कर सके। रिशाद हुसैन के अलावा मुस्तफ़िज़ुर रहमान (17 रन पर 3 विकेट) ने श्रीलंका को रफ्तार पकड़ने का मौका नहीं दिया। तस्किन अहमद ने 2 विकेट लिए। पथुम निसंका (47) ने क छोर पकड़ कर बांग्लादेश के गेंदबाजों का इम्तिहान लिया। उन्होने 28 गेंदो में 7 चौके और 1 छक्का लगाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश एक समय 3 विकेट खोकर मात्र 28 रनों पर संघर्ष की स्थिति में थी मगर तौहीद ह्रदोय (40) और लिटन दास (36) ने श्रीलंकाई गेंदबाजों को धुना। तौहीद ने मात्र 20 गेंदो में 200 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और चार छक्के लगाए। वह हसरंगा की गेंद पर आउट हुए, वहीं, दास भी हसरंगा के 108वां शिकार बने, जिसके साथ ही हसरंगा ने टी-20 में लसिथ मलिंगा के सबसे ज्यादा विकेट लेने के रिकार्ड को तोड़ दिया है। पारी के 18वें ओवर में नुवान तुषारा में रिशाद हुसैन और तस्किन अहमद को दो गेंदो पर आउट कर मैच में रोमांच पैदा कर दिया था मगर जीत के लिए आखिरी दो ओवर में जरुरी 12 रनों को महमुदउल्लाह (16 नाबाद) ने 19वें ओवर में पाकर बांग्लादेश की जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया।





पहली पारी में श्रीलंकाई खिलाड़ी का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते रिशाद हुसैन और बांग्लादेश को जीत दिलाने के बाद महमुदउल्लाह।

# अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर किया बड़ा उलटफेर

जार्जटाउन, एजेंसी

कप्तान राशिद खान और फजलहक फारूकी की गेंदबाजी के बाद गुरबाज की बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने ग्रुप सी के मैच में न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर सुपर आठ चरण में प्रवेश का दावा पुख्ता कर दिया।


जीत के लिए 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आल आउट हो गई जो उसका चौथा न्यूनतम स्कोर है। फारूकी और राशिद दोनों ने 17-17 रन देकर 4-4 विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी को आई अफगानिस्तान के गुरबाज और इब्राहिम जदरान में पहले विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी पर 6 विकेट पर 159 रन बनाए। गुरबाज ने 56 गेंद में 5 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। वहीं इब्राहिम 44 रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान अब दो मैचों में 4 अंक लेकर शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज और युगांडा उसके बाद हैं जबकि पापुआ न्यू गिनी और न्यूजीलैंड ने खाता नहीं खोला है। अफगानिस्तान का सामना अब पापुआ न्यू गिनी से और न्यूजीलैंड की टक्कर वेस्टइंडीज से होगी। गुरबाज और इब्राहिम ने युगांडा पर पहले मैच में मिली 125 रन से जीत में 154 रन की साझेदारी की थी। टी-20 विश्व कप में दो शतकीय साझेदारियां करने वाली यह तीसरी और पहली सलामी जोड़ी है। दोनों 15वें ओवर तक बल्लेबाजी करते रहे जब तक कि इब्राहिम आउट नहीं हुए। गुरबाज 20वें ओवर में पवेलियन लौटे। पिछले छह विश्व कप में सेमीफाइनल तक पहुंची न्यूजीलैंड टीम खिताब के प्रबल दावेदारों में से एक मानी जा रही है। 10 ओवर के बाद अफगानिस्तान का स्कोर बिना किसी नुकसान के 55 रन था। उसके बाद इब्राहिम और गुरबाज ने आक्रामक तेवर अख्तियार करके रन गति को आगे बढ़ाया और आखिरी दस ओवरों में 104 रन बने। न्यूजीलैंड के लिए सिर्फ दो ही बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स (18) और मैट हेनरी (12) दोहरे अंक तक पहुंच सके। फारूकी ने पहली ही गेंद पर फिन एलेन को रवाना किया और डेवोन कोंवे अगले ओवर में शॉर्ट एक्स्ट्रा कवर पर कैच देकर लौटे। डेरिल मिचेल उनका तीसरा शिकार बने। 5 ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर 3 विकेट पर 30 रन था। राशिद ने कीवी कप्तान केन विलियमसन (9) को स्लिप में गुलबदन नायब के हाथों लपकवाया। मार्क चैपमैन (4) उनका अगला शिकार रहे और मिचेल ब्रासवेल को उन्होंने पगबाधा किया।



गुयाना के प्रोविडेंस में गुयाना नेशनल स्टेडियम में शनिवार को खेले गए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्रिकेट मैच के दौरान न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल के आउट होने का जश्न मनाते अफगानिस्तान के खिलाड़ी।

## खेल डायरी

### अंशु ने बुडापेस्ट में जीता रजत



**बुडापेस्ट।** भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक फाइनल में चीनी की केक्सिन होंग से पार पाने में नाकाम रही और उन्हें बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट के 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। अंशु को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 1-12 से हार झेलनी पड़ी। भारत की अंतिम पंघाल ने इससे पहले 53 किग्रा वर्ग में रजत जीता जबकि स्टार पहलवान विनेश फोगट 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन की जियांग झू से 0-5 से हार गईं थीं। अंशु ने मोल्दोवा की अनास्तासिया निचिता के खिलाफ 6-5 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। उन्होंने विश्व चैंपियन झांग क्यूई की चुनौती को 2-1 से पार करके एक और चीनी खिलाड़ी से खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान अमन सहरावत ने पहले दिन रजत जीता था।

### कुमुद सैनी ने स्वर्ण पर लगाया निशाना

**सुवोन।** भारतीय तीरंदाज कुमुद सैनी ने शनिवार को तीरंदाजी एशिया कप 2024 के तीसरे चरण में महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। 17 वर्षीय कुमुद सैनी ने महिलाओं के कंपाउंड तीरंदाजी स्वर्ण फाइनल में दक्षिण कोरिया की पार्क येरिन को 143-140 से हराया। भारतीय तीरंदाज ने पहले ही राउंड में 28-26 की बढ़त ले ली। दूसरे राउंड में उन्होंने अपनी बढ़त 58-55 तक बढ़ा ली लेकिन तीसरे राउंड में वह 86-84 पर आ गईं। इसके बाद सैनी चौथे राउंड में चार अंकों की बढ़त बनाने में सफल रहीं और 114-111 से आगे हो गईं। इस शूटिंग प्रतियोगिता के अंतिम राउंड में उनका प्रदर्शन निर्णायक रहा और उन्होंने तीरंदाजी एशिया कप 2024 सुवोन में भारत के लिए पहला व्यक्तिगत पदक हासिल किया। शनिवार को सैनी की जीत के साथ ही भारतीय तीरंदाजों ने टूर्नामेंट में कुल पांच पदक अपने नाम कर लिए हैं। भारतीय महिला कंपाउंड और मिश्रित टीमों ने शुक्रवार को रजत पदक जीते जबकि पुरुष कंपाउंड और महिला रिकर्व टीमों ने कांस्य पदक जीते। कुमुद सैनी ने पहले क्वार्टर-फाइनल में सिंगापुर की लोह त्ज़े चीह कोंटेसा को 147-142 से हराया था और सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की चो यूजू को 142-137 से हराकर महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा के स्वर्ण फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी।

### अदिति एलपीजीए क्लासिक में संयुक्त 51वें स्थान पर



**गैलोवे (अमेरिका)।** भारत की अदिति अशोक एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाई तथा पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाने के बाद वह संयुक्त 51वें स्थान पर हैं। अदिति का इस सत्र में प्रदर्शन औसत रहा है। उन्होंने पहले 10 होल में चार बर्डी बनाईं, लेकिन उसके बाद दो शॉट गंवा दिए। थाईलैंड की अर्पिचया युबोल ने 10 अंडर 61 का कार्ड खेलकर एकल बढ़त हासिल की। उनके पास एक समय 59 का भी कार्ड खेलने का मौका था। दक्षिण कोरिया की जेनी शिन और नारिन एन क्रमश: 63 और 64 का कार्ड खेल कर दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सात खिलाड़ियों ने 6 अंडर 65 का कार्ड खेला और वे संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

# इगा स्वियातेक ने लगाई खिताबी हैट्रिक

पेरिस, एजेंसी

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने शनिवार को फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार महिला एकल का खिताब जीता। पोलैंड की स्वियातेक ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाने वाली पाओलिनी को 6-2, 6-1 से हराया।

स्वियातेक पहले सेट में 1-2 से पीछे चल रही थी, इसके बाद उन्होंने लगातार 10 गेम जीते। पाओलिनी ने दूसरे सेट के छठे गेम में अपनी सर्विस बचाई लेकिन स्वियातेक ने अपनी सर्विस पर आसानी से मैच अपने नाम किया। स्वियातेक ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यह स्थान बहुत पसंद है। मैं हर साल यहां आने की प्रतीक्षा करती हूं। स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 21 मैच तक पहुंचा दिया है। रोला गैरां में अब उनका रिकॉर्ड 35-2 हो गया है। जस्टिन हेनिन के बाद पोलैंड की स्वियातेक पहली ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने फ्रेंच ओपन में लगातार तीन खिताब जीते। स्वियातेक ने 2020 में भी फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन में भी जीत हासिल की थी। ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में उनका रिकॉर्ड 5-0 हो गया है। पाओलिनी ने कहा कि मैं आपको बधाई देती हूं इगा। मुझे लगता है कि आपके खिलाफ खेलना बड़ी चुनौती है। पाओलिनी के पास हालांकि महिला युगल का खिताब जीतने का मौका है, जिसमें उन्होंने सारा ईरानी के साथ जोड़ी बनाई है। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका सामना अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ और कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी से होगा।



फ्रांस के रोलैंड गैरोस स्टेडियम में फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला फाइनल में जीत हासिल हासिल करने के बाद ट्रॉफी के साथ पोलैंड की इगा स्विएटेक।

### कार्लोस अल्काराज का फाइनल में होगा अलेक्जेंडर ज्वेरेव से सामना

**पेरिस।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने चार घंटे नौ मिनट तक चले मैराथन सेमीफाइनल मुकाबले में इटली के यानिक सिनेर को हराकर फाइनल में जगह बना ली जहां उनका सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। अल्काराज ने पहली बार रोलां गैरो पर फाइनल में जगह बनाई। अब वह क्लेकोर्ट पर फ्रेंच ओपन फाइनल खेलेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज का सामना चौथी वरीयता प्राप्त जर्मनी के ज्वेरेव से होगा जिन्होंने नॉर्वे के कैस्पर रूड को सेमीफाइनल में मात दी है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी से 2-4 से हारी

लंदन, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में 6 हार का क्रम शनिवार को जर्मनी के खिलाफ 2-4 से मैच गंवाकर रोकने में विफल रही। भारतीय टीम दो गोल की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी, जिससे उसे सातवीं हार मिली।

सुनिलिता टोप्पो (नौवें मिनट) और दीपिका (15वें मिनट) ने शुरुआती क्वार्टर में गोल किए लेकिन जर्मनी की विक्टोरिया हस (23वें और 32वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर बराबर कर दिया। स्टिन कुर्ज (51वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और 55वें मिनट में जूल ब्लूएल ने मैदान गोल दाग कर जर्मनी की जीत पक्की कर दी। भारत पिछले महीने एंटवर्प में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ सभी 4 मैच हार गया था। भारतीय टीम रविवार को इस दौरे का आखिरी मैच ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगी।



- **एफआईएच प्रो लीग में लगातार मिली सातवीं हार**

# फीफा विश्व कप क्वालीफायर में युगांडा ने बोत्सवाना को हराया

कंपाला, एजेंसी

- **मंडेला नेशनल स्टेडियम में मुहम्मद शाबान ने 74वें मिनट में गोल कर टीम को दिलाई जीत**

मेजबान युगांडा ने शुक्रवार को फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के ग्रुप जी मैच में बोत्सवाना को 1-0 से हरा दिया। मंडेला नेशनल स्टेडियम में 30 हजार दर्शकों के बीच स्थानापन्न मुहम्मद शाबान ने मैच के 74वें मिनट में एकमात्र गोल कर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिला दी।

शाबान ने एक अन्य स्थानापन्न डेनिस ओमेदी के क्रॉस का फायदा उठाते हुए गेंद को बोत्सवाना के गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। इससे पहले पहले हाफ में स्ट्राइकर फहाद बायो और स्टीवन मुकवाला ने युगांडा क्रेन्स के लिए गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। हाफ टाइम के बाद बोत्सवाना के लिए विंसेंट सेसियी थबांग का शॉट भी निशाने से चूक गया। बढ़त लेने के बाद, घरेलू टीम के शाबान, रोजर्स माटो और बोबोसी बयारुहंगा ने एक के बाद एक हमले कर बोत्सवाना को परेशान रखा, वहीं युगांडा के लिए पहली बार खेल रहे डिफेंडर एलियो कैपराडोसी दीवार की तरह डटे रहे। उन्हे मैन आफ द मैच के सम्मान से नवाजा गया। युगांडा क्रेन्स के कोच पॉल पुट ने कहा कि मुझे खुशी है कि टीम ने बहुत आत्मविश्वास के साथ खेला और मैच जीतने के लिए स्कोर किया। हमें सुधार करते रहने की जरूरत है ताकि हम एक टीम के रूप में बनाए गए स्कोरिंग अवसरों का फायदा उठा सकें।

**नॉर्वे शतरंज** | **दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ने अपनी ख्याति के अनुरूप किया प्रदर्शन**

# कार्लसन ने जीता खिताब, प्रज्ञानंदा से हारे नाकामुरा

स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर अपने अभियान का सकारात्मक अंत किया और तीसरे स्थान पर रहे, जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करके खिताब जीता।

कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान का अंत किया। विजेता बनने पर उन्हें लगभग 65000 डॉलर की इनामी राशि मिली। उन्होंने प्रत्येक दौर में जीत दर्ज की। इनमें क्लासिकल टाइम कंट्रोल और आर्मगेडन दोनों शामिल हैं। नाकामुरा ने अंतिम दौर में हारने के बावजूद 15.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि प्रज्ञानंदा 14.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। प्रज्ञानंदा के लिए यह राहत की बात रही कि उन्होंने इस टूर्नामेंट में विश्व के चोटी के तीन खिलाड़ियों को हराया। उन्होंने कार्लसन और फैबियानो कारूआना को क्लासिकल टाइम कंट्रोल में पराजित किया और अब नाकामुरा के खिलाफ उनकी जीत ने सुनिश्चित किया कि वे शीर्ष तीन खिलाड़ियों को हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। अलीरेजा फिरौजा (13.5 अंक) ने चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया जो छठे और अंतिम स्थान पर रहे। कारूआना ने 10 अंक के साथ पांचवा स्थान हासिल किया।





- **प्रज्ञानंदा ने अपने अभियान का जीत से किया सकारात्मक अंत**
- **कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान को किया समाप्त**

### महिला खिलाड़ियों ने भी अंक किए अर्जित

महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने हमवतन टिंगजी लेई को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत तीन जीत से कुल 19 अंक हासिल किए। अन्ना मुजीचुक 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। उनके बाद लेई (14 .5 अंक), भारत की आर वैशाली (12 .5 अंक) और कोनेरू हम्पी (10 अंक) तथा पिया क्रैमलिंग (आठ अंक) का नंबर आता है। वैशाली को अंतिम दौर में क्रैमलिंग जबकि हम्पी को मुजीचुक से हार का सामना करना पड़ा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# अनुभव एवं नवीनता का मिश्रण होगी मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद

## मोदी एवं उनकी मंत्रिपरिषद के 40 से अधिक सदस्य रविवार को शाम करीब सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन में शपथ लेंगे

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में गठबंधन के सहयोगी दलों के 20 से अधिक नये चेहरे नवीनता का तत्व लायेंगे। वहीं महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने अनुभवी चेहरे सरकार के संचालन की रफ्तार को सुचारु रूप से बढ़ा रहे होंगे। जानकार सूत्रों के अनुसार मोदी एवं उनकी मंत्रिपरिषद के 40 से अधिक सदस्य रविवार को शाम करीब सवा सात बजे राष्ट्रपति भवन में शपथ लेंगे। उनके साथ संसद में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के 20 से अधिक सदस्य भी मंत्री, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं राज्य मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

रिपोर्टों के अनुसार राजग के सबसे बड़े घटक तेलुगु देशम पार्टी को मंत्रिमंडल में तीन स्थान एवं जनता दल यूनाइटेड को दो स्थान मिल सकते हैं। बाकी दलों को एक-एक स्थान दिये जाने की चर्चा है। ऐसी स्थिति में अनुभव एवं नवीनता दोनों का सामन्जस्य मोदी के मंत्रिमंडल में दिखायी देने की संभावना है। भाजपा के नये चेहरों में मध्य प्रदेश, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के कुछ पुराने अनुभवी चेहरे भी होंगे। गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, रेलवे, सड़क परिवहन, सूचना एवं प्रसारण, नागरिक उड्डयन जैसे मंत्रालय भारतीय जनता पार्टी के पुराने बड़े चेहरों के पास ही रहने की संभावना है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता, कृषि, ग्रामीण विकास, भारी उद्योग, उद्योग एवं वाणिज्य आदि में भाजपा एवं सहयोगी दलों के नये चेहरे दिखेंगे। यह भी संभव है कि बड़े मंत्रालयों में पुराने कैबिनेट मंत्रियों के साथ सहयोगी दलों के राज्य मंत्री भी दिखायी दें।



नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह की चल रहीं तैयारियां। ● एजेंसी



नई दिल्ली में समारोह की पूर्व संध्या पर रिहर्सल के दौरान कर्तव्य पथ पर एक कारकेड।

### न्यौता मिलने पर विचार करेगा इंडिया गठबंधन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण फिलहाल इंडिया गठबंधन के नेताओं को नहीं मिला है, लेकिन न्योता मिलने के बाद इस पर विचार किया जाएगा। मोदी प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए नौ जून को शपथ ग्रहण करेंगे। उनके साथ उनके मंत्रिपरिषद के कई दूसरे सदस्य भी शपथ ले सकते हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, कल के शपथ ग्रहण समारोह के लिए सिर्फ अंतरराष्ट्रीय नेताओं को निमंत्रण गया है। अभी तक हमारे नेताओं को निमंत्रण नहीं आया है।

### विदेशी प्रतिनिधि और विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के कुछ नेता उन गणमान्य व्यक्तियों तथा विशेष आमंत्रित लोगों में शामिल हैं, जो राष्ट्रपति भवन में रविवार शाम को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस–सोलापुर वंदे भारत ट्रेन की पायलट सुरेखा यादव भारतीय रेलवे के उन 10 लोको पायलटों में शामिल हैं, जिन्हें शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया है।

# शेख हसीना दिल्ली पहुंचीं

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

● सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ पहले ही दिल्ली पहुंचे



विमान से उतरतीं प्रधानमंत्री शेख हसीना।

भारत ने शनिवार को घोषणा की कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित उसके पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र के सात देशों के नेता नौ जून को प्रधानमंत्री पद के लिए नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। हसीना और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह में हसीना और अफीफ के अलावा समारोह में भाग लेने वाले अन्य नेताओं में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हैं। शनिवार को हसीना के दिल्ली पहुंचने के कुछ ही देर बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमारे सबसे मूल्यवान साझेदारों में से एक की यह यात्रा भारत-बांग्लादेश के बीच मित्रता के घनिष्ठ और गहरे संबंधों को और मजबूत करेगी।

## एक नजर

### डेनमार्क की प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन पर हमला

**कोपेनहेगन (डेनमार्क)।** कोपेनहेगन में एक व्यक्ति ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर शुक्रवार को हमला कर दिया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। पुलिस ने पुष्टि की कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ एक घटना हुई है और एक 39 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसे शनिवार को सुनवाई पूर्व हिरासत के लिये कोपेनहेगन जिला अदालत में पेश किया जाएगा।

### यूक्रेन की पूर्व प्रधानमंत्री रूस की वांछितों में

**मॉस्को।** रूस ने यूक्रेन की पूर्व प्रधानमंत्री यूलिया तिमोशेंको का नाम अपनी वांछित सूची में शामिल किया है। सरकारी मीडिया ने गृह मंत्रालय से मिली सूचना के आधार पर यह जानकारी दी। रूसी समाचार एजेंसी तास ने कहा कि तिमोशेंको को अनिर्दिष्ट आपराधिक आरोपों में वांछित के रूप में सूचीबद्ध किया है। इस सूची में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और उनके पूर्ववर्ती पेट्रो पोरोशेंको तथा यूक्रेन और नाटो देशों के कई अधिकारी और सांसद शामिल हैं।

### एडीएफ विद्रोहियों ने की 50 नागरिकों की हत्या

**किंशासा।** पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में हाल ही में एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) विद्रोहियों के कारण हुए घातक हमलों में कम से कम 50 नागरिकों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से शनिवार को दी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एडीएफ ने उत्तरी किवु प्रांत के बेनी क्षेत्र में पूरी रात दो हमले किए, जिसमें मंगलवार और शुक्रवार को कम से कम 50 नागरिक मारे गए।

### कराची में रासायनिक विस्फोट, एक की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में शनिवार को एक रासायनिक टैंकर में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। स्थानीय पुलिस ने मीडिया से कहा कि यह विस्फोट तब हुआ जब खड़े टैंकर में कुछ वेल्डिंग का काम चल रहा था।

# इजराइल ने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ाया


## सात अक्टूबर को किए गए हमले के दौरान कर लिया गया था अपहरण

**यरूशलम, एजेंसी**

● बंधकों को नुसीरात के मध्य में स्थित दो अलग-अलग स्थानों से बचाया गया

● 130 से अधिक बंधक अभी भी बचे हैं, जिनमें से लगभग एक चौथाई को मृत माना जा रहा

इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ा लिया है, जिनका फलस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को किए गए हमले के दौरान अपहरण कर लिया था। इसके साथ ही मध्य गाजा में भीषण लड़ाई में बच्चों सहित कम से कम 94 फलस्तीनी मारे गए। सेना ने कहा कि उसने नुसीरात में एक जटिल अभियान में नोआ अर्गामानी (25), अल्मोग मीर (21), एंड्री कोज़लोव (27) और श्लोमी जिव (40) को बचा लिया। इसने कहा कि बंधकों को नुसीरात के मध्य में स्थित दो अलग-अलग स्थानों से बचाया गया।




गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मध्य गाजा में भारी लड़ाई हुई, जहां बंधकों को बचाया गया तथा शनिवार को हुए कई हमलों में बच्चों सहित कम से कम 94 लोग मारे गए। मध्य गाजा स्थित एक अस्पताल के अधिकारी खलील देगरान ने बताया कि गाजा में उस जगह पर भीषण लड़ाई जारी है, जहां से इजराइली सेना ने शनिवार सुबह चार बंधकों को रिहा कराया। उन्होंने कहा कि डेर अल बलाह स्थित अल-अक्सा अस्पताल में लगभग 100 फलस्तीनियों के शव लाए गए और 100 से अधिक घायल भी लाए गए। इजराइल का कहना है कि 130 से अधिक बंधक अभी भी बचे हैं जिनमें से लगभग एक चौथाई को मृत माना जा रहा है। बंधकों की वापसी के मुद्दे पर इजराइल में लोगों में रोष गहराता जा रहा है। युद्ध शुरू होने के बाद से अभियान के दौरान जीवित बचाए गए कुल बंधकों की संख्या सात हो गई है।

नवंबर में एक सप्ताह के संघर्षविराम के दौरान बंधकों में से लगभग आधे लोगों को रिहा कर दिया गया था। इजराइली सेना ने कहा कि जिन चार बंधकों को छुड़ाया गया उन्हें हेलीकॉप्टर से चिकित्सीय जांच के लिए ले जाया गया और वे 246 दिन तक अपहर्ताओं के चंगुल में रहने के बाद अपने प्रियजनों से मिल पाए।

# पूर्व अंतरिक्ष यात्री एंडर्स की विमान दुर्घटना में मौत

**सिएटल, एजेंसी।** सेवानिवृत्त मेजर जनरल एवं अपोलो 8 के पूर्व अंतरिक्ष यात्री विलियम एंडर्स की शुक्रवार को एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। वह 90वर्ष के थे। एंडर्स विमान को अकेले उड़ा रहे थे और विमान वाशिंगटन के सैन जुआन द्वीप के पास पानी में गिर गया। उनके बेटे और वायुसेना में लेफ्टिनेंट कर्नल रहे ग्रेग एंडर्स ने एसोसिएटेड प्रेस से उनके निधन की पुष्टि की।




विलियम एंडर्स ने 1968 में प्रतिष्ठित अर्थराइज तस्वीर खींची थी। अर्थराइज पृथ्वी और चंद्रमा की सतह के एक हिस्से की तस्वीर है जो एंडर्स ने चंद्र की कक्षा से ली थी। उनके बेटे ग्रेग एंडर्स ने कहा, परिवार बहुत दुखी है। वह कुशल विमान चालक थे और हमें उनकी बहुत याद आएगी। विलियम एंडर्स ने कहा था कि यह फोटो (अर्थराइज) अंतरिक्ष कार्यक्रम में उनका सबसे महत्वपूर्ण योगदान है।

# चेरुकुरी रामोजी राव का निधन

**हैदराबाद, एजेंसी**

ईनाडु समूह के अध्यक्ष चेरुकुरी रामोजी राव का शनिवार तड़के यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि राव को सांस लेने में तकलीफ के चलते पांच जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि इलाज के दौरान शनिवार को तड़के 04.50 बजे उनका निधन हो गया। सूत्रों ने बताया कि उनके पार्थिव शरीर को रामोजी फिल्म सिटी स्थित उनके आवास पर ले जाया जाएगा, जहां परिवार, मित्र और प्रशंसक उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।



### कृषक परिवार में जन्मे थे रामोजी

आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के पेदापरुपुडी में एक कृषक परिवार में जन्मे रामोजी के स्वामित्व वाली कंपनियों में मार्गदर्शी चिट फंड, ईनाडु अखबार, ईटीवी नेटवर्क शामिल हैं। राव के छोटे पुत्र चेरुकुरी सुमन की 07 सितंबर, 2012 को ल्यूकेमिया से मृत्यु हो गई थी। राव रामोजी समूह के प्रमुख थे, जो दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म निर्माण केंद्र रामोजी फिल्म सिटी, ईनाडु अखबार, टीवी चैनलों के ईटीवी नेटवर्क और फिल्म निर्माण कंपनी उषा किरण मूवीज के मालिक थे। उनके अन्य व्यावसायिक उपक्रमों में मार्गदर्शी चिट फंड, डॉल्फिन ग्रुप ऑफ़ होटल्स, कलंजलि शॉपिंग मॉल, प्रिया अचार और मयूरी फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर्स शामिल हैं। उन्होंने तेलुगु सिनेमा में अभिनय के लिए चार फिल्मफेयर पुरस्कार, पांच नंदी पुरस्कार और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त किए थे। वर्ष 2016 में पत्रकारिता, साहित्य और शिक्षा में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

### राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार आज

ईनाडु मीडिया समूह के अध्यक्ष एवं रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का अंतिम संस्कार रविवार को रामोजी फिल्म सिटी के पास राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को राव का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्देश दिया।

### द्रौपदी मुर्मू और मोदी ने जताया शोक

“उनके योगदान को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। रामोजी राव के निधन से भारत ने मीडिया और मनोरंजन जगत के एक दिग्गज व्यक्ति को खो दिया। – **द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

“रामोजी राव के समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत में अमिट छाप छोड़ी है। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनसे बातचीत करने और उनके ज्ञान से लाभ उठाने के कई अवसर मिले। – **नरेंद्र मोदी**

# बराबरी के आधार पर भारत के साथ दोस्ती का आह्वान

**लाहौर, एजेंसी**

● पूर्व पाकिस्तानी सूचना मंत्री फवाद चौधरी बोले- यह उपयुक्त समय

ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से एक दिन पहले पूर्व पाकिस्तानी सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने शनिवार को कहा कि पुराने प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच बराबरी के आधार पर दोस्ती के लिए यह बिल्कुल उपयुक्त समय है।



जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के कभी करीबी रहे चौधरी ने कहा, खान और पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा भारत में दोस्त बनाने के पक्ष में थे। वर्ष 2023 में खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को छोड़ चुके 48 वर्षीय चौधरी यहां नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिकल एजुकेशन द्वारा आयोजित भारतीय चुनाव एवं दक्षिण एशिया पर उसके प्रभाव विषयक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय पंजाब यहां से महज कुछ किलोमीटर दूर है लेकिन पाकिस्तानियों को वहां जाने के लिए दुबई से उड़ान लेनी होती है। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच कोई वीजा नहीं होनी चाहिए। अब समय आ गया है कि दोनों चिर प्रतिद्वंद्वियों को बराबरी के आधार पर दोस्ती की चर्चा करने की जरूरत है।

# मोदी पूरे दक्षिण एशिया के लिए बेहतर

**वाशिंगटन, एजेंसी**

● पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने एक साक्षात्कार के दौरान की तारीफ

● कहा- मोदी पर इस्लाम विरोधी और पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित

पाकिस्तानी मूल के एक अमेरिकी व्यवसायी ने दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के शांतिपूर्ण और सफल संचालन पर भारत के लोगों को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्थिरता की गारंटी हैं।



पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने एक एजेंसी को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मैंने हमेशा कहा है कि भविष्य में भारत की स्थिरता के लिए मोदी का नेतृत्व आवश्यक है जो कई दलों को आने और संविधान को अस्थिर करने से रोकेगा। मोदी का नेतृत्व भारत की स्थिरता और भारत के भविष्य की गारंटी है। उन्होंने कहा कि मोदी के तीसरी बार सत्ता में आने से पाकिस्तान के लोगों को उम्मीद है कि भारत के साथ उनके रिश्ते बेहतर होंगे। एक सवाल के जवाब में तरार ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक उनकी ओर से कोई बधाई संदेश नहीं आना निराशाजनक है। उन्होंने कहा, मोदी न केवल भारत के लिए अच्छे हैं, बल्कि वह पाकिस्तान के लिए भी अच्छे हैं। उन पर इस्लाम और पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

### बुशरा बीबी ने सजा निलंबन के लिए याचिका दायर की

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की पत्नी बुशरा बीबी ने शनिवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर फर्जी विवाह मामले में सजा निलंबित करने और बाद में उन्हें रिहा करने का अनुरोध किया है। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के संस्थापक खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को इद्दत मामले नाम से चर्चित एक मामले में दोषी ठहराया गया था। उन्होंने इद्दत काल में कथित रूप से शादी की थी।

# रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों में हमलों में 28 की मौत

**कीव, एजेंसी**

● यूक्रेन में आंशिक कब्जे वाले खेरसोन क्षेत्र के छोटे शहर साडोव में हुआ हमला

● फ्रांस निर्मित बम गिराए और अमेरिका से मिली हिमारस मिसाइल दागी गई

रूस के आंशिक कब्जे वाले खेरसोन और लुहांस्क जैसे क्षेत्रों में यूक्रेन के हमले में कम से कम 28 लोगों की जान चली गयी। इन क्षेत्रों में रूस द्वारा नियुक्त किये गये अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनके अनुसार, दोनों देशों की सेनाओं ने बीती रात एक दूसरे पर ड्रोन दागे। मास्को (रूस) समर्थित गवर्नर व्लादिमीर साल्डो ने बताया कि यूक्रेन में आंशिक कब्जे वाले खेरसोन क्षेत्र के छोटे शहर साडोव में शुक्रवार को यूक्रेन के हमले में 22 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 15 घायल हो गये।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, साल्डो ने कहा कि शहर पर यूक्रेनी सैन्य बलों ने पहले फ्रांस निर्मित बम गिराये और फिर अमेरिका से मिली हिमारस मिसाइल दागी। यूक्रेन में ही (रूस के) आंशिक कब्जे वाले लुहांस्क क्षेत्र में रूसी गवर्नर पासेचनिक ने शनिवार को बताया कि इस क्षेत्र की राजधानी लुहांस्क (लुहांस्क की राजधानी का नाम भी लुहांस्क है) में शुक्रवार को यूक्रेन के मिसाइल हमले के बाद मलबे से दो और शव निकाले गये और इस तरह मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी।

## बॉलीवुड हलचल

# हॉरर कॉमेडी फिल्म में नजर आयेंगे संजय दत्त

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त हॉरर कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आयेंगे। संजय दत्त अपनी अगली फिल्म द वर्जिन ट्री में न केवल अभिनय, बल्कि इसका सहनिर्माण भी कर रहे हैं। इस फिल्म में वह घोस्टबस्टर यानी भूत पकड़ने वाले बने हैं। फिल्म की घोषणा साल 2022 में ही हुई थी, लेकिन फिर इसे लेकर खास जानकारियां सामने नहीं आई थी। अब फिल्म के निर्माता दीपक मुकुट ने फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हॉरर कॉमेडी होने के साथ ही फिल्म म्यूजिकल भी है। आजकल हॉरर जॉनर काफी पसंद किया जा रहा है। कुछ वर्षों पहले मैंने ही संजय को एक म्यूजिक वीडियो के लिए अप्रोच किया था। उनके पास इस फिल्म कहानी थी। उन्होंने मुझे कहानी सुनाई और हम इससे जुड़ गए। हमने स्क्रिप्ट और कास्ट को फाइनल कर लिया। सिद्धांत सचदेव फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। दीपक मुकुट ने बताया संजय फिल्म में घोस्टबस्टर जरूर बने हैं, लेकिन उनके पास तरह–तरह के गैजेट्स यानी यंत्र होंगे, जिससे वह आत्माओं और भूत–प्रेत को ढूढेंगे और पकड़ेंगे। फिल्म की कहानी एक पेड़ के इर्द–गिर्द घूमेगी, जिसमें सुपरनेचुरल शक्तियां होंगी।

# बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी 49 वर्ष की हुईं

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी आज 49 वर्ष की हो गयी। 08 जून 1975 को कर्नाटक के मैंगलोर में जन्मी शिल्पा ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1991 में महज 16 वर्ष की उम्र में लिम्का के विज्ञापन से की। शिल्पा ने बतौर अभिनेत्री अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म बाजीगर से की। इस फिल्म में शिल्पा ने शाहरूख खान की प्रेयसी की भूमिका निभाई थी। शिल्पा ने अपने सिने करियर में उस दौर के सभी दिग्गज कलाकार अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, सलमान खान और गोविंदा के साथ काम किया है। वर्ष 2009 में शिल्पा ने जानेमाने उद्योगपति राज कुंद्रा के साथ विवाह कर लिया।शिल्पा ने वर्ष 2014 प्रदर्शित फिल्म ढिसकियाऊ से बतौर निर्माता अपने करियर की शुरूआत की लेकिन यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी।



# सन्नी देओल ने शेयर किया अपना शर्टलेस लुक

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल ने सोशल मीडिया पर अपना शर्टलेस लुक शेयर किया है। सन्नी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लाहौर 1947 को लेकर चर्चा में हैं। फिलहाल फैंस उनकी इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सन्नी देओल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका गजब का ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिल रहा है। सन्नी देओल शर्टलेस नजर आ रहे हैं और सनग्लासेज में उनका लुक काफी शानदार लग रहा है। सन्नी ने अपने इस लुक की कई झलकियां वीडियो में दिखाई है। इसमें उनका चेहरा भी काफी बदला हुआ दिख रहा है। सन्नी देओल ने अपने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा।

# परिवार के रिसॉर्ट का अवैध हिस्सा ढहाया

**पुणे पोर्श हादसा**

**सातारा।** महाराष्ट्र के सातारा जिले में प्रशासन ने शनिवार को महाबलेश्वर में उस रिसॉर्ट में अवैध निर्माण को ढहा दिया, जिसका स्वामित्व पुणे पोर्श दुर्घटना में कथित रूप से शामिल किशोर के परिवार के पास है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला अधिकारियों ने महाबलेश्वर के मलकम पेठ क्षेत्र में परिवार के स्वामित्व वाले एमपीजी क्लब में अनधिकृत निर्माण को बुलडोजर से गिरा दिया। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को एक पोर्श कार ने मोटरसाइकिल सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित रूप से टक्कर मार दी थी जिससे दोनों की मौत हो गयी थी। पुलिस ने दावा किया है कि यह किशोर नशे की हालत में कार चला रहा था। दुर्घटना तब सुर्खियों में आई, जब किशोर को बचाने के लिए काफी प्रयास किए गए।

**खगोल विज्ञान** | पृथ्वी से नजर आएगा दुर्लभ नोवा विस्फोट

# वैज्ञानिकों को ब्रह्मांड में धमाके का इंतजार

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में एक भयानक नोवा विस्फोट होने जा रहा है। यह विस्फोट पृथ्वी से देखा जा सकेगा। दुनियाभर के वैज्ञानिकों को इस धमाके का इंतजार है। हमसे तीन हजार प्रकाश वर्ष की दूरी पर यह धमाका होगा।

इस दुर्लभ खगोलीय घटना की खबर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जारी की है। कभी भी यह धमाका हो सकता है। इसकी निश्चित तिथि अभी तय नहीं है। मगर वैज्ञानिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जिस कारण वैश्विक खगोलविद इस दुर्लभ नोवा विस्फोट का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही पेशेवर और शौकिया खगोलविद की नजरें रात के आकाश में गहरे एक छोटे तारामंडल पर केंद्रित हैं। यह कोरोना बोरेलिस के उत्तरी क्राउन के सात सितारों के बीच एक अंधेरा स्थान है, जहां नोवा विस्फोट की यह घटना होगी। विस्फोट की चमक इतनी उज्ज्वल कि यह पृथ्वी पर नग्न आंखों से दिखाई देगी। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार इस तरह आकाशीय घटना जीवन में एक बार देखने को मिलती है। यह विस्फोट युवा वैज्ञानिकों के लिए ब्रह्मांड में होने वाली घटनाओं के शोध के लिए पुख्ता सबूत दे जाएगी। नासा ने इस घटना के वैज्ञानिक कारण को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की है।

वैज्ञानिक रिबका हौन्सेल नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर में नोवा घटनाओं में विशेषज्ञता रखने वाली वैज्ञानिक हैं। उनका कहना है कि अगली पीढ़ियों के वैज्ञानिकों के लिए यह घटना एक नई ऊर्जा के समान होगी।

### सुपरनोवा से अलग है नोवा विस्फोट की घटना

किसी तारे के अंत मे होने वाली घटना सुपरनोवा कहलाती है, लेकिन नोवा इससे अलग घटना होती है, जो तारे के बौना बन जाने के बाद भीतर की ऊर्जा विस्फोट के सात बाहर फेक देता है। नोवा विस्फोट कई बार होते रहता है। विस्फोट की घटना हजारों साल तक चलते रहती है, जो बहुत छोटे चक्रों के साथ लगभग सौ वर्ष में एक बार होती है।



अंतरिक्ष में नोवा विस्फोट की काल्पनिक तस्वीर।